सूर्योदय : 6:13
सूर्यास्त : 6:15
अधिकतम तापमान : 33.5
न्यूनतम : 20.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-268 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शक्रवार, 20 मार्च 2026
30 रमज़ान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# पीएम ने वैश्विक निवेशकों को बिजली क्षेत्र में निवेश के लिए किया आमंत्रित

■ भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट-2026 में मोदी का संदेश पढ़ा गया



### भारत अपनी ऊर्जा यात्रा के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर

प्रधानमंत्री ने कहा, यह विकास को ऊर्जा प्रदान करने एवं स्थिरता लाने, वैश्विक स्तर पर जुड़ने और 2047 तक विकसित भारत बनाने के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के हमारे संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत अपनी ऊर्जा यात्रा के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है और हम अवसंरचना को मजबूत कर रहे हैं तथा सभी के लिए ऊर्जा पहुंच सुनिश्चित कर रहे हैं।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक निवेशकों को बिजली क्षेत्र में निवेश करने के लिए गुरुवार को आमंत्रित किया और उनसे भारत में निर्माण, निवेश, नवाचार एवं विस्तार करने का आग्रह किया। 'भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट' 2026 में केंद्रीय ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल ने मोदी का लिखित संदेश पढ़ा जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत अपनी ऊर्जा यात्रा के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है।

पीएम मोदी ने कहा, मैं वैश्विक समुदाय को भारत में निर्माण करने, भारत में नवाचार करने, भारत में निवेश करने और भारत के साथ विस्तार करने के लिए आमंत्रित करता हूं। मुझे विश्वास है कि यह शिखर सम्मेलन सार्थक संवाद एवं स्थायी साझेदारियों को बढ़ावा देगा जो भारत की वृद्धि को ऊर्जा प्रदान करेंगी।'' उन्होंने कहा कि इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य पूरे बिजली व ऊर्जा तंत्र को एक मंच पर लाना है, ताकि विचारों का आदान-प्रदान हो, सहयोग को बढ़ावा मिले और विकास व जीवन स्तर सुधार के लिए साझा मार्ग तैयार किया जा सके।

पीएम मोदी ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा में भारत की प्रगति इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। 50 प्रतिशत से अधिक गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता पहले ही हासिल की जा चुकी है और 2030 तक 500 गीगावाट का स्पष्ट लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' जैसी पहल वैश्विक सहयोग के हमारे दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। मोदी ने कहा कि भारत मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण, बैटरी विनिर्माण को आगे बढ़ाने, हरित रोजगार सृजन और साहसिक सुधारों के माध्यम से निवेश को सक्षम बनाने में एक विश्वसनीय ऊर्जा भागीदार के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि 'शांति अधिनियम 2025' परमाणु ऊर्जा में नए अवसर खोलता है जबकि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना विकेंद्रीकृत उत्पादन एवं टिकाऊ खपत को बढ़ावा दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वितरण सुधार एवं दक्षता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जिससे वित्तीय स्थिति सुधारने में मदद मिली है। इससे अधिक कुशल व टिकाऊ क्षेत्र का संकेत मिलता है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की श्रीराम यंत्र की स्थापना

■ अयोध्या राम मंदिर के लिए 2 साल पहले शंकराचार्य ने भेजा था





**अयोध्या।** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की स्थापना की। राष्ट्रपति ने रामलला के चरणों में शीश झुकाकर और आरती उतारकर श्रद्धा निवेदन किया। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राष्ट्रपति के साथ रामलला की पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति ने श्रीराम मंदिर परिसर का भ्रमण कर यहां की दीवारों पर उकेरी गई आकृतियों का अवलोकन किया।

राष्ट्रपति ने संतों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीरामयंत्र की विधिवत प्रतिष्ठापना की। श्रीराम यंत्र दो साल पहले जगदुरु शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती महाराज ने अयोध्या भेजा था। वैदिक गणित और ज्यामितीय आकृतियों पर आधारित यह यंत्र देवताओं का निवास माना जाता है, जो सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित करने की क्षमता रखता है। दक्षिण भारत, काशी, अयोध्या के आचार्यों की तरफ से मंदिर में श्रीराम यंत्र के लिए नौ दिवसीय वैदिक अनुष्ठान पहले ही शुरू हो चुका था।

यंत्र प्रतिष्ठापना के समय राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मां अमृतानंदमयी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि, ट्रस्टी अनिल मिश्रा, सदस्य गोपाल जी आदि मौजूद रहे। इस समारोह में शामिल होने के लिए केरल से मां अमृतानंदमयी अपने 1000 भक्तों के साथ ट्रेन से यहां पहुंचीं। अनुयायी उनको अम्मा के नाम से बुलाते हैं। 2022 में फरीदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया था।

**मथुरा रवाना हो गई राष्ट्रपति :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अयोध्या से मथुरा के लिए रवाना हो गई। वहां वह राष्ट्रपति इस्कॉन और प्रेम मंदिर में दर्शन करेंगी। 20 मार्च को वह प्रेमानंद महाराज से भी मुलाकात करेंगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह उनका दूसरा अयोध्या दौरा है।

### समरसता के उच्चतम मानकों को प्रस्तुत करता है रामराज्य का आदर्श : राष्ट्रपति

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र स्थापना के ऐतिहासिक अवसर पर बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रामराज्य को समरसता, समृद्धि और नैतिकता का सर्वोच्च आदर्श बताते हुए कहा कि भारत आज उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रामराज्य समरसता के उच्चतम मानकों को प्रस्तुत करता है। देश में आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सभी आयामों में पुनर्जागरण का दौर चल रहा है।

राष्ट्रपति ने अयोध्या पहुंचकर सबसे पहले रामलला के दर्शन किए और मंदिर परिसर में विभिन्न स्थलों पर पूजन-अर्चन के साथ श्रीराम यंत्र की स्थापना में सहभागिता की। उन्होंने सप्तमंडपम में विराजमान महर्षि बाल्मीकि, अहिल्या, शबरी, निषादराज के मंदिरा में भी दर्शन किया और समरसता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अयोध्या की पवित्र धूलि का स्पर्श करना उनके लिए परम सौभाग्य का विषय है। यह वही भूमि है, जहां प्रभु श्रीराम ने जन्म लिया और जिसे उन्होंने स्वर्ग से भी बढ़कर बताया।

### भारत से ही दुनिया को जाता है एकता का संदेश : अमृतानंदमयी

समारोह में केरल की प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु अमृतानंदमयी मां ने कहा कि भगवान राम के जीवन से हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने बेटे, भाई और पति सभी दायित्वों का निवर्हन अच्छे से किया। उनका जीवन त्याग और आदर्श से भरा है। सर्व समावेशी एकता का संदेश दुनिया को भारत से ही जाता है। श्रीराम ने भी अपने जीवन में सर्व समावेशी आचरणों को स्थान दिया था।

### योगी का विपक्ष पर हमला, सनातन विरोधियों से दूरी बना रही है युवा पीढ़ी

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब लोग नए वर्ष पर परिवार के साथ मंदिरों में दर्शन-पूजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी उन स्थानों से दूरी बना रही है, जहां सनातन परंपरा के विरोध की गतिविधियां होती हैं।

दरअसल, चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन गुरुवार को द्रौपदी मुर्मु ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 'श्रीराम यंत्र' की विधिवत प्रतिष्ठापना की। इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, संत-महात्मा और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को भारतीय नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दीं और अयोध्या धाम की महत्ता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरयू का पावन जल इस नगरी को निरंतर पवित्र करता है और यहां आयोजित धार्मिक अनुष्ठान रामराज्य की अनुभूति कराते हैं। जहां दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और अशांति का माहौल है, वहीं अयोध्या में इस प्रकार के आयोजन भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाते हैं।




30 रमज़ान 20.03.2026

| सुन्नी हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04:47 | 06:20 |

| शिया हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04:40 | 06:29 |

# भविष्य के युद्धों में ड्रोन की अहम भूमिका

■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- भारत को डिफेंस हब बनाना जरूरी



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में आयोजित 'राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन' में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने 'डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज' (जीआईएससी) के 14वें संस्करण की शुरुआत की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ' आज 100 से अधिक चुनौतियों के साथ 'डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज' (डीआईएससी) का 14वां संस्करण भी शुरू किया गया है। डीआईएससी की अब तक की सफलता को देखते हुए, हमारे रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयूएस) द्वारा पहली बार 100 से अधिक चुनौतियां प्रस्तुत की जा रही हैं। मैं डीआईएससी के नए संस्करण के लिए सभी नवप्रवर्तकों को शुभकामनाएं देता हूं।'

रक्षा मंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य छोटे उद्योगों (एमएसएमई) को रक्षा निर्माण की सप्लाई चेन से जोड़ना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब छोटे उद्योग बड़े रक्षा कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे, तभी देश में नई खोज और तकनीक की रफ्तार तेज होगी। किसी भी देश के रक्षा तंत्र को मजबूत बनाने में बड़े उद्योगों के साथ-साथ एमएसएमई, स्टार्टअप और इनोवेटर्स की भूमिका बहुत अहम होती है। इसमें सरकार की स्पष्ट नीतियां भी बड़ा योगदान देती हैं।

उन्होंने कहा दुनिया के मौजूदा हालातों पर बात करते हुए राजनाथ सिंह ने रूस-यूक्रेन और ईरान-इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया इन संघर्षों को देख रही है। इनसे यह साफ हो गया है कि भविष्य की लड़ाइयों में ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीक की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होने वाली है।

# चुनाव आयोग भाजपा का हथियार बन गया



■ ममता के समर्थन में उतरे केजरीवाल

### चुनाव आयोग पर गुस्सा हैं सीएम ममता

बंगाल चुनाव से पहले ममता चुनाव आयोग पर गुस्सा हैं। तारीखों का ऐलान होते ही राज्य में 50 से ज्यादा बड़े अफसरों को हटा दिया गया या तबादला कर दिया गया। इसमें मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और कोलकाता पुलिस कमिश्नर जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर से भाजपा और चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि हम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ हैं। भाजपा चुनाव जीतने के लिए चुनाव आयोग को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है।

केजरीवाल ने कहा कि बंगाल में जो हो रहा है, वही चार साल पहले दिल्ली के चुनाव में उनके साथ हुआ था। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पोस्ट में लिखा, बीजेपी ने चुनाव आयोग को अपना हथियार बना लिया है। धोखे से चुनाव जीतने के लिए। दिल्ली में वोटर लिस्ट से नाम कटवाए गए, पुलिस ने बीजेपी की गुंडागर्दी को खुली छूट दी और सारा प्रशासन बीजेपी की जीत के लिए लगा रहा और लोकतंत्र की जड़ें हिला दी गईं। आज ममता दीदी लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रही हैं। हम उनके साथ खड़े हैं। बता दें कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव दो चरणों में होंगे। पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर वोटिंग होगी। वोटों की गिनती 4 मई को होगी।

### नहीं दिखा चांद, 21 को मनाई जाएगी ईद

**लखनऊ।** टीले वाली मस्जिद से ईद का चांद देखा गया, लेकिन गुरुवार को चांद नहीं दिखा। मस्जिद के शाही इमाम मौलाना कारी सैयद फजलुल मन्नान रहमानी व इम्तियाज दूरबीन से चांद का दीदार कर रहे थे। लेकिन चांद नहीं दिखा। इसलिए अब ईद शनिवार को मनाई जाएगी। इस बात का एलान शाही इमाम ने किया।

बताते चलें कि ईद-उल-फित्र के मद्देनजर मरकजी चांद कमेटी फरंगी महल की ओर से गुरुवार शाम 5:30 बजे ईद-उल-फित्र का चांद देखने की अपील की गई थी। कमेटी ने बताया कि ईदगाह ऐशबाग में चांद देखने का एहतिमाम किया गया था। लोगों से इसमें शामिल होने की गुजारिश की गई थी, लेकिन आज चांद नहीं दिखा।

## संरा में ईरान के राजदूत ने यूएन महासचिव को लिखा पत्र

# ईरान ने कतर, कुवैत और यूएई से मांगा मुआवजा




### वॉशिंगटन डीसी के सैन्य बेस पर अज्ञात ड्रोन दिखने से हड़कंप

**वॉशिंगटन।** अमरीका की राजधानी वाशिंगटन डीसी स्थित एक प्रमुख सैन्य बेस 'फोर्ट मैकनेयर' के ऊपर कई अज्ञात ड्रोन देखे जाने के बाद अमरीकी सुरक्षा हलकों में हड़कंप मच गया है। इस घटना के बाद व्हाइट हाउस में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई और सुरक्षा उपायों को कड़ा कर दिया गया है। 'द वाशिंगटन पोस्ट' की रिपोर्ट के अनुसार, इसी सैन्य बेस पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ का निवास स्थान भी है।

**नई दिल्ली।** ईरान ने गुरुवार को कतर, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई ) पर अमरीकी और इजरायली हमले के लिए अपनी धरती को उपलब्ध कराने हेतु तीखा हमला बोला है और सभी प्रकार के नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि आमिर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में कहा कि 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ हमले की शुरुआत के बाद से, कतर और कुछ अन्य पड़ोसी देशों के क्षेत्र का उपयोग ईरान के खिलाफ हमले करने के लिए किया गया है। यह पत्र रियाध (सऊदी अरब) में इस्लामिक और खाड़ी देशों के 12 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद आया है, जिसमें पड़ोसी खाड़ी देशों पर ईरान के हमलों की कड़ी निंदा की गई थी।

इरावानी ने कहा कि हमलावरों को अपनी धरती को उपलब्ध कराने के अवैध कृत्य के बारे में पहले कतर के अधिकारियों को सूचित किया था और इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के आधिकारिक दस्तावेज के रूप में भी प्रकाशित किया गया था। ईरानी राजदूत ने कहा, 'कतर, कुवैत और यूएई द्वारा हमलावरों को दी गई सहायता के परिणामस्वरूप, उन्होंने ईरान में हजारों नागरिकों और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया है।' उन्होंने कहा कि ये कार्य आपसी सम्मान और अच्छे पड़ोस के सिद्धांतों का उल्लंघन हैं।

इरावानी ने कहा कि ईरान, आत्मरक्षा के अपने अंतर्निहित अधिकार के तहत यह मानता है कि उस पर हमले के लिए इस्तेमाल किये जा रहे किसी भी सैन्य अड्डे को निशाना बनाना वैध है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) के अनुसार, इरावानी ने चेतावनी दी, 'ईरान आगे नागरिकों को क्षति पहुंचाने वाले हमलों को रोकने के लिए आवश्यक और उचित उपाय करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है। '

इरावानी ने कहा कि ईरान ने हमेशा खाड़ी देशों के साथ अच्छे पड़ोस के सिद्धांत का पालन किया है। हालांकि, दुर्भाग्य से, कतर, यूएई और कुवैत द्वारा इस सिद्धांत पर विचार नहीं किया गया है।इसके साथ ही इन देशों ने अमेरिका को ईरान के खिलाफ सशस्त्र हमले शुरू करने और जारी रखने के लिए अपने क्षेत्रों का उपयोग करने की अनुमति दी है।




# नवरात्र के शुभारंभ पर शहर को बड़ी सौगात, संकटा देवी-लालपुर मार्ग का हुआ शिलान्यास



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस व नव संवत्सर के अवसर पर सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल पर शहर को विकास की बड़ी सौगात मिली। संकटा देवी से लालपुर तक मुख्य सड़क मार्ग के फोरलेन निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सदर योगेश वर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता तरुणेन्द्र त्रिपाठी ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि यह परियोजना प्रदेश सरकार के नेतृत्व में जनपद में तेजी से हो रहे विकास कार्यों का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाएगी, बल्कि व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगी। बताया कि लंबे समय से जाम और संकरी सड़कों से परेशान लोग अब जल्द राहत महसूस करेंगे।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि निर्माण कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाएगा, जिससे आमजन को जल्द बेहतर सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा। फोरलेन निर्माण के साथ ही रेलवे क्रॉसिंग पर रोड ओवर ब्रिज की स्वीकृति भी मिली है। इससे रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी और आवागमन अधिक सुरक्षित व सुगम होगा।बताते चलें कि जिले के लखीमपुर फीडर मार्ग का 3.65 किमी हिस्सा अब 4 लेन में चौड़ा किया जाएगा। यह मार्ग संकटा देवी चौराहा से शुरू होकर पीलीभीत-बस्ती राष्ट्रीय मार्ग (NH-730) तक जाता है और शहर के व्यस्ततम मार्गों में शामिल है। चौड़ीकरण से मंदिर क्षेत्र और आसपास के मोहल्लों में जाम कम होगा, वहीं सैधरी बाईपास, रोडवेज बस स्टैंड और पं0 दीनदयाल इंटर कॉलेज के पास यातायात और सुरक्षित होगा। सरकार ने इसके लिए 3,161.84 लाख रुपये मंजूर किए हैं। काम का शुभारंभ आज हुआ और इसे 15 मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने इसे क्षेत्रीय विकास और जीवन की सुविधा की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया और जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# मेले में युवाओं को मिली स्वरोजगार और उद्योग योजनाओं की जानकारी



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर कलेक्ट्रेट में आयोजित 09 दिवसीय मेले और प्रदर्शनी के द्वितीय दिवस एडीएम (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह की अध्यक्षता में उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनपद से आये आम जनमानस को प्रदान की गयी एडीएम (न्यायिक) ने कहा कि सरकार की यह पहल जिले के आर्थिक विकास और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदर्शनी में विभिन्न स्टालों पर युवाओं को योजनाओं का लाभ उठाने के तरीके, आवेदन प्रक्रिया और प्रशिक्षण संबंधित जानकारी दी गई। युवा इस जानकारी का लाभ लेकर अपने रोजगार और व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते हैं। यह मेला और प्रदर्शनी नव निर्माण की उपलब्धियों और विकास योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम साबित हुआ।उपायुक्त उद्योग रूपेश कुमार आनंद ने कहा कि कि सीएम युवा उद्यमी योजना, सीएम युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी , विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से जुड़ी जानकारी प्रदान की गयी। लगभग 200 से अधिक युवा और युवतियां प्रदर्शनी में शामिल हुए और उन्होंने योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। युवाओं ने कहा कि इस तरह की पहल उन्हें न केवल स्वरोजगार के विकल्पों से अवगत कराती है बल्कि नई सोच और उद्यमिता की प्रेरणा भी देती है।

# देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन जिलेभर के देवी मंदिरों में बृहस्पतिवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में घंटे-घड़ियाल और शंख की ध्वनि से माहौल भक्तिमय बना रहा शहर के संकटा देवी मंदिर परिसर में माता का भव्य दरबार सजाया गया है। पंडाल में देवी के विभिन्न स्वरूपों की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जहां श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। मंदिर में दर्शन के लिए महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। इसके अलावा भी शीतला देवी, बंकटा देवी और भुइयां माता मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में भी दिनभर चहल-पहल बनी रही शहर में स्थित मां संकटा देवी मंदिर शहर की कुलदेवी है। यह मंदिर भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यह मंदिर माता लक्ष्मी को समर्पित है, जिन्हें यहां संकट नाशिनी (संकटा देवी) के रूप में पूजा जाता है। यह जानकारी संकटा देवी मंदिर के पुजारी मदन शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि संकटा देवी मंदिर शहर के चार प्रमुख शक्ति पीठों में से एक (और सबसे प्रमुख) है। पौराणिक इतिहास और स्थापना की कथा स्थानीय मान्यता और पुराणों से जुड़ी कथा के अनुसार यह मंदिर द्वापर युग (महाभारत काल) का है। महाभारत युद्ध के बाद भगवान श्रीकृष्ण अपनी पत्नी रुक्मिणी और पांडवों के साथ पशुपतिनाथ (नेपाल) दर्शन के लिए जा रहे थे। रास्ते में यह क्षेत्र (तब घने वन और बड़े जलाशयों से घिरा सुंदर स्थान) बहुत भाया। रुक्मिणी ने यहां रुककर पूजा-अर्चना करने की इच्छा जताई श्रीकृष्ण ने उन्हें यहां ठहराकर पांडवों के साथ यात्रा पूरी की। लौटते समय उन्होंने एक विशाल जलाशय के किनारे माता लक्ष्मी, माता सरस्वती और माता दुर्गा की पाषाण प्रतिमाएं स्थापित कीं। पांडवों के साथ विधि-विधान से पूजा की गई पुजारी के मुताबिक भक्तों का दृढ़ विश्वास है कि सच्चे मन से मां के दर्शन करने पर हर प्रकार के संकट, कष्ट, बाधा, रोग और आर्थिक समस्या दूर हो जाती है। मनोकामनाएं पूरी होती हैं, सुख-समृद्धि, सौभाग्य और सुरक्षा मिलती है। विवाह, मुंडन, अन्नप्राशन, नामकरण, गृह प्रवेश आदि सभी शुभ संस्कार मां संकटा के दर्शन के बाद ही शुरू किए जाते हैं। नवविवाहित जोड़े भी पहले यहां माता के चरणों में नमन करते हैं। खीरी और आसपास के क्षेत्रों में यह कुलदेवी मानी जाती है। बिना उनके दर्शन के कोई शुभ कार्य अधूरा माना जाता है।

## किसानों को दिखाई दिया अजगर सांप दुधवा प्रशासन को दी सूचना

**लखीमपुर खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व जोन के समीप एक खेत में बृहस्पतिवार को अजगर सांप किसानों को दिखाई दिया। किसानों ने सांप होने की सूचना दुधवा प्रशासन को दी। सूचना पाकर रेस्क्यू एक्सपर्ट नजरून निशा मौके पर पहुंचीं। उन्होंने किसानों की मदद से अजगर को पकड़कर सुरक्षित जंगलों में छोड़ दिया है नजरून निशा के मुताबिक खेत से पकड़ा गया अजगर सांप बर्मीज पायथन प्रजाति का है। सांप करीब 13 फीट लंबा है। रेस्क्यू एक्सपर्ट नजरून निशा ने बताया कि इस प्रजाति का सांप काफी कम देखने को मिलता है। इसे पकड़ने के लिए तीन मिनट का समय लगा। बताया कि इस अजगर का वजन करीब 30 किलो है। सांप को जंगल में छोड़ दिया गया है।

# साहनपुर चौकी पर पीस कमेटी की मीटिंग का हुआ आयोजन

**आपस में मिलजुल कर प्यार मोहब्बत से मना है त्योहार: खुर्शीद मंसूरी**



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** आगामी त्योहारों को लेकर खाकी अलर्ट है इसके चलते जिले में सभी थानों और चौकियों पर आगामी त्योहार के मद्देनजर पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है। वहीं साहनपुर चौकी में भी पंचायत के जिम्मेदार और पुलिस के बीच पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें साहनपुर चैयरमेन खुर्शीद मंसूरी भी पहुंचे। मीटिंग में थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि आगामी त्योहारों ईद और नवरात्रि को लेकर कोई भी नहीं परंपरा ने शुरू की जाए, उन्होंने जनता से अपील की की शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न मनाए। चैयरमेन खुर्शीद मंसूरी ने कहां सरकार की गाइडलाइन के अनुसार त्योहारों को मनाए कोई भी नई परंपरा न शुरू करें। एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखें आपस में मिलजुल कर प्यार मोहब्बत से त्योहार मनाए। इसी दौरान उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को ईद उल फितर और नवरात्रि की दिल्ली मुबारकबाद भी पेश की।

# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सभागार में हुई मीटिंग

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** डीएम मोहतमा जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान आगामी 01 अप्रैल से प्रारंभ हो कर 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा, सभी संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी सामंजस्य के साथ इस महत्वपूर्ण अभियान को पूर्ण मानक के अनुरूप संचालित करना सुनिश्चित करें ताकि जिले में संचारी रोगों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान के अंतर्गत तैयार किए गए माइक्रो प्लान के अनुसार ही कार्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारीयों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि



संचारी रोगों पर नियंत्रण रखने के लिए नियमित रुप से सफाई व्यवस्था को जारी रखें और समय-समय पर नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव और फोगिंग कार्य भी करना सुनिश्चित करें ताकि मच्छर उत्पन्न न हो सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें जिससे शत प्रतिशत तरीके से संचारी रोगों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए गए कि आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे लोग संचारी रोगों से बचाव के उपायों को अपनाएं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों अभियान चलाकर बच्चों को संचारी रोगों के बचाव, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि घर-घर सर्वे कार्य को पूरी गंभीरता से संपन्न किया जाए तथा बुखार से पीड़ित मरीजों की जांच कर उनका चिन्हांकन करना सुनिश्चित करें जिससे कि उनका समुचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी, ईओ एवं बीडीओ आनलाइन मौजूद रहे।

## परिवार न्यायालय में परामर्शदाता पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** परिवार न्यायालय लखीमपुर खीरी में परामर्शदाता के एक रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रक्रिया माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में शुरू की गई है। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय लखीमपुर खीरी की ओर से जारी प्रेस नोट के माध्यम से दी गई जानकारी के अनुसार इच्छुक उम्मीदवार 4 अप्रैल 2026 तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। पद से संबंधित पात्रता, चयन प्रक्रिया एवं आवेदन प्रारूप की विस्तृत जानकारी जनपद न्यायालय लखीमपुर खीरी की आधिकारिक वेबसाइट (https://kheri.dcourts.gov.in) पर उपलब्ध है। इसके अलावा अभ्यर्थी न्यायालय परिसर में लगे सूचना बोर्ड से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र की औरंगाबाद चौकी अंतर्गत खूंटी खुर्द गांव में गुरुवार सुबह एक अधेड़ का शव पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। आशंका जताई जा रही है कि शव करीब तीन से चार दिन पुराना है। जानकारी के अनुसार गांव के बाहर स्थित एक बाग में पत्ते तोड़ने गए बच्चों ने पेड़ से लटकता शव देखा तो भयभीत हो गए। उन्होंने गांव लौटकर ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तेज दुर्गंध के बीच शव को देखा और उसकी पहचान गांव निवासी रामू (52) पुत्र पट्टे के रूप में की परिजनों के मुताबिक रामू नदौआ गांव स्थित गन्ना कोल्हू पर मजदूरी करता था और तीन दिन पहले घर से काम पर जाने की बात कहकर निकला था। परिजन समझ रहे थे कि वह कोल्हू पर ही रुक गया होगा।

# रसोई गैस को लेकर पूर्ति विभाग द्वारा की गई छापामर कार्यवाही

### नहीं होता मिला,व्यावसायिक गैस का उपयोग

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** रसोई गैस को लेकर जिला पूर्ति विभाग की टीम द्वारा नगर क्षेत्र में छापामार कार्यवाही की गई है। हालांकि इस दौरान विभागीय टीम को कहीं भी व्यवसायिक गैस का उपयोग होता नहीं मिला। जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेण्डरों की सुचारू रूप से आपूर्ति कराये जाने के उद्देश्य से जनपद में स्थित विभिन्न गैस एजेन्सियों की पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से निरन्तर जाँच करायी जा रही है।

उन्होंने बताया कि गुरुवार को जिला पूर्ति अधिकारी बदायूँ के नेतृत्व में प्रतिमा शर्मा, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, रजनीश उपाध्याय, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, मनोज कुमार आनन्द, पूर्ति निरीक्षक, योगेन्द्र पाल, पूर्ति निरीक्षक एवं मीनू, पूर्ति निरीक्षक की संयुक्त टीम द्वारा नगर क्षेत्र में स्थित राधिका स्वीटस, चटकारा रेस्टोरेन्ट, गुप्ता भोजनालय, श्याम स्वीटस एवं मझिया रोड स्थित तडका रेस्टारेन्ट तथा गोल्डन वेस्ट्रो पर छापे मारी की गयी। हालांकि विभाग को छापेमारी के दौरान उपर्युक्त प्रतिष्ठानों में से किसी पर घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग किया जाना नहीं पाया गया।

# आचार संहिता मामले में सपा मुखिया के भाई को कोर्ट से मिली क्लीन चिट

- सरकार की अपील को न्यायालय ने किया खारिज
- डबल मर्डर में होनी चाहिए सीबीआई जांच



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** आचार संहिता उल्लंघन मामले में सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से लिखाए गए मुकदमे में सेशन न्यायालय द्वारा सरकार की ओर से की गई अपील को खारिज करते हुए फैसला सुनाया गया है।न्यायालय द्वारा प्रकरण में आरोपी बनाए गए,वर्तमान में आजमगढ़ से सपा सांसद,धर्मेंद्र यादव को दोष मुक्त कर दिया गया है।जिससे सपाईयों को बड़ी जीत हासिल हुई है। सपा समर्थक न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए जश्न मना रहे हैं। फैसला आने के बाद सपाईयों द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाईयां दीं गई और इसको सच्चाई की जीत बताया है।

दरअसल वर्ष 2022 हुए विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन के मामले में प्रशासन मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिसमें पुलिस द्वारा न्यायालय के समक्ष 29 लोगों को आरोपी बनाकर आरोप पत्र प्रेषित किया गया था।इन 29 लोगों में सबसे प्रमुख नाम सपा मुखिया अखिलेश यादव के चचेरे भाई (वर्तमान में आजमगढ़ से सपा सांसद) धर्मेंद्र यादव का था। आरोप पत्र प्रेषित होने के बाद तभी से न्यायालय में मामले की सुनवाई चल रही थी।बताते हैं कि सुनवाई के दौरान जब निचली अदालत द्वारा मामले में आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया गया,तब सरकार की ओर से सेशन न्यायालय में इसकी अपील कर दी गई।

सेशन न्यायालय में सुनवाई के दौरान धर्मेंद्र यादव की ओर से अधिवक्ता जगत सिंह यादव द्वारा लंबी बहस की गई।अधिवक्ता श्री यादव की ओर से की गई वहस से संतुष्ट होकर न्यायालय द्वारा बृहस्पतिवार को मामले में फैसला सुनाते हुए सांसद धर्मेंद्र यादव को दोष मुक्त कर दिया गया है। मामले में दोषी अन्य लोगों को न्यायालय द्वारा पूर्व में ही बरी किया जा चुका है।न्यायालय में बुधवार एवं बृहस्पतिवार को कोई सुनवाई के दौरान सांसद धर्मेंद्र यादव कोर्ट में मौजूद रहे। कोर्ट से निकलने के बाद पत्रकारों से वार्ता के दौरान श्री यादव ने कोर्ट के फैसले पर खुशी व्यक्ति की।उन्होंने थाना मूसाझाग क्षेत्र में एचपीसीएल प्लांट पर विगत दिनों मैनेजरों की हत्या के मामले में बोलते हुए कहा कि यदि जनपद के डीएम और एसएसपी ने ठीक से काम किया होता तो मैनेजरों की हत्या नहीं होती। उन्होंने कहा की इस मामले में सीबीआई जांच होनी चाहिए।

# लोहे की रॉड से हमला कर भाई को उतारा मौत के घाट

### घटना के बाद आरोपी पिता-पुत्र मौके से फरार

**सहारनपुर।** थाना गंगोह क्षेत्र के गांव बिसनौट में सगे भाई ने अपने पुत्र के साथ मिलकर अपने ही सगे भाई की लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर डाली। घटना के बाद आरोपी पिता-पुत्र मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बिसनौट निवासी रामा के पांच पुत्र और एक पुत्री हैं। इनमें से तीन पुत्र यमुनानगर में मजदूरी करते हैं, जबकि दो पुत्र मीनू और सुभाष गांव में ही रहते थे। बुधवार की आधी रात में 12 बजे के करीब मीनू अपने पुत्र को डांट रहा था, तभी सुभाष और उसका पुत्र दीपांशु बीच-बचाव करने पहुंचे। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते झगड़ा मारपीट व हिंसा में बदल गया। आरोप है कि गुस्से में आकर सुभाष और उसके पुत्र दीपांशु ने पास में पड़ी लोहे की रॉड से मीनू के सिर पर कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए।सुबह ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिएभेज दिया। मृतक के भाई सतीश ने कोतवाली में तहरीर देकर सुभाष और दीपांशु के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक मीनू नशे का आदी था और अक्सर नशे की हालत में रहता था। इसी कारण उसकी पत्नी कई वर्ष पूर्व उसे छोड़कर चली गई थी। उसके दो छोटे बच्चे हैं। परिवार के पास करीब 15 बीघा कृषि भूमि है, जिसे ठेके पर देकर उनकागुजर-बसर चलता है। कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार का कहना है कि तहरीर केआधार पर रिपोर्ट दर्ज मामले की जांच और आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

## लूट में वांछित 50 हजार का ईनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना चिलकाना पुलिस ने लूट के मुकदमें में वांछित 50,000 रूपये के ईनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायलावस्था में गिरफ्तार किया है। घायल बदमाश के कब्जे से अवैध शस्त्र, मोबाइल फोन, एक बिना नंबर प्लेट की बाइक और नगदी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल ने जानकारी देते बताया कि थाना चिलकाना पुलिस द्वारा साईफन पुलिया से बुड्ढाखेड़ा जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की संघन चेकिंग की जा रही थी, तभी साईफन पुलिया की ओर से दो संदिग्ध व्यक्ति काले रंग की बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिल पर आते दिखाई दिए, पुलिस टीम को देखकर दोनों व्यक्ति अचानक मोटर साइकिल मोड़ कर दाहिनी ओर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए उनका पीछा किया गया, लगभग 100 मीटर आगे जाकर अपने आप को घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगे। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगने से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। जबकि घायल बदमाश का साथी जंगल व आम के घने बाग का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

## मुख्य आरक्षी को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** यूपी-112 में तैनात वर्ष 2011 बैच के मुख्य आरक्षी अनुज कुमार गिल की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने मृतक के शव को कंधा देकर पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। गौरतलब रहे कि मुख्य आरक्षी अनुज कुमार गिल विगत काफी समय से हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित थे, जिनको अचानक तबीयत खराब होने पर सक्षम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। दुर्भाग्यवश रात्रि में उपचार के दौरान उनका निधन हो गया, जिससे पुलिस विभाग को अपूर्णीय क्षति हुई है। स्वर्गीय मुख्य आरक्षी अनुज कुमार गिल के पार्थिव शरीर को पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन एवं अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने कंधा देकर पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। इस दौरान राजकीय सम्मान के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई।

## कार व बाइक की भिड़ंत में दो युवक गंभीर

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना चिलकाना क्षेत्रांतर्गत कार व मोटर साइकिल के बीच हुई आमने सामने की भिड़ंत में मोटर साइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार चिलकाना क्षेत्र के गांव पटनी निवासी असलम पुत्र सलीम व नदीम पुत्र सलीम एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर पटनी से चिलकाना की ओर आ रहे थे। जैसे ही वह पटनी से चिलकाना की ओर पुलिया के निकट पहुंचे तो सामने से आ रही कार से टकरा गये। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार दूर जा गिरे ओर गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक नशे की हालत में प्रतीत हो रहे थे, जो तेज गति से मोटरसाइकिल चलाते हुए सामने से आ रही कार से जा टकराये।

# जिला व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का होगा आयोजन : क्रीड़ाधिकारी

**सहारनपुर।** आवासीय क्रीडा छात्रावासों के लिए आयोजित होने वाले जिला व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल में खिलाड़ी भाग लेकर अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय खेल कार्यालय द्वारा आवासीय क्रीडा छात्रावासों में प्रवेश हेतु 12 वर्ष से कम आयु के बालक/बालिकाओ की जिम्नास्टिक एवं तैराकी एवं शेष खेलों में 15 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिका भाग ले सकेंगे। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे आयोजित होने वाले जिला व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन प्रातः 09 बजे से किया जायेगा। उन्होने बताया कि जिम्नास्टिक, तैराकी खेल में बालक वर्ग में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 23 मार्च को व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 27 मार्च को किया जायेगा जबकि बालिका वर्ग में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 24 मार्च को व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 28 मार्च को किया जायेगा। कुश्ती, हॉकी, वालीवाल, फुटबाल, बैडमिन्टन, टेबुल-टेनिस खेल में बालक वर्ग में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 23 मार्च को व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 27 मार्च को किया जायेगा। जबकि बालिका वर्ग में कुश्ती, हॉकी, वालीवाल, बैडमिन्टन, टेबुल-टेनिस खेल में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 24 मार्च को व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 28 मार्च को किया जायेगा। क्रिकेट खेल मे बालक वर्ग में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 25 मार्च को व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 29 मार्च को किया जायेगा। कबडडी, बास्केटबाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो, हैण्डबाल खेल में बालक वर्ग में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 25 मार्च को व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 29 मार्च को किया जायेगा। जबकि बालिका वर्ग में कबडडी, बास्केटबाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, हैण्डबाल खेल में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 26 मार्च को व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 30 मार्च को किया जायेगा।

# गौशाला का विस्तार कर शैक्षिक दृष्टि से विकसित करें: नगरायुक्त

## नगरायुक्त ने अधिकारियों के साथ किया कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने गौशाला में लगातार बढ़ती गौवंश की संख्या को देखते हुए गौशाला का विस्तार करने तथा गौशाला को शैक्षिक दृष्टि से विकसित करने के निर्देश दिए ताकि स्कूली बच्चों को गौवंश और उसके महत्व से अवगत कराया जा सके। नगरायुक्त आज दोपहर नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण करने आये थे।



नगरायुक्त शिपू गिरि आज दोपहर अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव व मुख्य अभियंता निर्माण व वरिष्ठ प्रभारी गौशाला सुरेश चंद के साथ नवादा रोड स्थित कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने गौवंश का निरीक्षण करने के अलावा गौवंश के लिए गौशाला में भूसा, हरे चारे की उपलब्धता तथा नवरात्रों के दृष्टिगत गोबर से बनायी जा रही समिधा, दिए व जैविक खाद की जानकारी लेने के साथ ही गौमूत्र से बनाये जा रहे गोनाइल संयत्र के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गोमय पेंट बनाने वाली यूनिट का भी निरीक्षण किया। नगरायुक्त ने गौशाला की श्रेष्ठ व्यवस्था और गौवंश के सही रख रखाव के लिए निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा व स्टाफ की सराहना की।

नगरायुक्त ने गौशाला में पेंट कराने, मुख्य द्वार पर गौशाला का बोर्ड लगाने तथा बाहर गौशाला की जानकारी देते दिशा सूचक बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला को बच्चों के मनोरंजन व शैक्षिक दृष्टि से विकसित करने पर जोर दिया, ताकि स्कूली बच्चों को वहां भ्रमण कराते हुए उन्हें गौवंश के आध्यात्मिक, सामाजिक व आर्थिक महत्व और उसके उत्पादों से अवगत कराया जा सके। उन्होंने गौशाला की छतों को सोलर पैनल से आच्छादित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा से जानकारी ली कि गौवश की टैगिंग हुई है या नहीं ?तथा बीमारियों से बचाव के लिए वैक्सीनेशन हो गया या नहीं? डॉ मिश्रा ने बताया कि सभी बीमारियों से बचाव के लिए वैक्सीनेशन हो चुका है तथा गौशाला के लिए तैनात चिकित्सक द्वारा गौवंश का स्वास्थय परीक्षण भी लगातार कराया जा रहा है।

# एतिकाफ में बैठे बच्चों का हुआ सम्मान, 29वां रोजा मुकम्मल

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** माह-ए-रमजान का 29वां रोजा पूरा हो गया। रोजेदारों ने रोजा, नमाज, सदका व खैरात के जरिए अल्लाह तआला को राजी करने की भरपूर कोशिश की। रोजेदारों ने अल्लाह का शुक्र अदा करते हुए रोजा खोला। मुल्क में अमन ओ सलामती और भाईचारे की दुआ मांगी। सब्जपोश हाउस मस्जिद जाफरा बाजार में दस दिनों के एतिकाफ में बैठे बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए महफिल सजी।

महफिल में मुहम्मद जैद, मुहम्मद आसिफ रजा, मुहम्मद रूशान, अहमद रजा, मुहम्मद आकिब अंसारी, मुहम्मद शाद, मुहम्मद अशफ, मुहम्मद सफियान, अब्दुस्समद, अली हम्जा, मुहम्मद सलीम, रहमत अली आदि बच्चों को शहर काजी मुफ्ती मुहम्मद अजहर शम्सी ने सम्मानित किया। तोहफा दिया गया। एतिकाफ में बैठे अस्सी वर्षीय हाजी रफीउल्लाह को भी सम्मानित किया गया। महफिल में कारी मुहम्मद अनस नक्शबंदी, हाफिज आमिर हुसैन निजामी, सैयद अली सब्जपोश, अली अफसर, उबैद रजा, गजाली आदि शामिल हुए।

मस्जिद के इमाम हाफिज रहमत अली निजामी ने ईद के दिन के आदाब बताए। मिस्वाक करना। गुस्ल करना। साफ सुथरा लिबास पहनना। अगर नया मयस्सर हो तो नया कपड़ा पहनना। खुशबू लगाना। नमाजे ईद से पहले सदका-ए-फित्र अदा करना। अगर मुमकिन हो तो पैदल ईदगाह जाना। एक रास्ते से जाना दूसरे से वापिस आना। ईदगाह जाने से पहले ताक अदद खजूरें, छुआरे या कोई और मीठी चीज जो मयस्सर हो खाना। निगाह नीचे किए बाअदब और पुरवकार तरीके से ईदगाह जाना। ईद-उल-फित्र में ईदगाह तकबीरे तशरीक आहिस्ता पढ़ते हुए जाना। ईद की नमाज खुले मैदान या ईदगाह में पढ़ना। ईद के दिन अपने आस पड़ोस के गुरबा मसाकीन का खुसूसी ख्याल रखना। जरूरतमंदों की मदद करना। नमाजे पंजगाना की खास तौर पर पाबंदी करना। और तमाम तरह के गुनाहों से बचना और नेकी के कामों में ये दिन गुजारना।

### ईदगाह में ईद की नमाज अदा करना पैगंबर-ए-इस्लाम की सुन्नत : मौलाना गुलाम हुसैन

मरकजी नूरी जामा मस्जिद अहमदनगर चक्शा हुसैन के इमाम मौलाना गुलाम हुसैन आजीजी ने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम 53 साल की उम्र में मक्का से हिजरत करके मदीना आ गये तो दो हिजरी को रोजा फर्ज हुआ। कुरआन शरीफ के दूसरे पारे में ईद की खुशी मनाने का हुक्म नाजिल हुआ। पैगंबर-ए-इस्लाम आबादी से दूर अपने सहाबा के साथ ईद की नमाज अदा की। ईदगाह में ईद की नमाज अदा करना पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सुन्नत है।

## शास्त्री घाट पर नव संवत्सर अभिनंदन समारोह एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ संपन्न

**वाराणसी।** चैत्र शुक्ल नवरात्र के शुभ अवसर आज गुरुवार को शास्त्री घाट में भव्य नववर्ष अभिनंदन समारोह एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. रचना अग्रवाल रहीं, जिन्होंने अपने संबोधन में भारतीय नववर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत स्वावलंबी महिला व्यापार संगठन की अध्यक्षा डॉ. सरिता त्रिपाठी द्वारा किया गया, धन्यवाद ज्ञापन सीए जमुना शुक्ला ने दिया।इस अवसर योगाभ्यास ध्यान केंद्र(सिकरौल)एवं भारत विकास परिषद सृजन शाखा द्वारा आकर्षक गरबा / डांडिया नृत्य नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं अतुलानंद स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथा सनबीम और सेंट मेरीज के बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने दिल जीत लिया।

# खाद्य एवं औषधि लैब का सचिव रोशन जैकब ने किया निरीक्षण, दिए कड़े निर्देश

- जांच प्रक्रिया में तेजी, नए भवन को तत्काल शुरू करने और सीसीटीवी लगाने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की सचिव आईएएस श्रीमती रोशन जैकब ने गुरुवार को गोरखपुर के नाथमालपुर स्थित क्षेत्रीय खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रयोगशाला की व्यवस्थाओं, उपकरणों और निर्माण कार्य की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया।

इस दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा, संयुक्त आयुक्त (खाद्य) मुख्यालय हरिशंकर सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) अंजनी सिंह, सहायक आयुक्त राजकुमार गुप्ता, सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय डॉ. सुधीर कुमार सिंह, सहायक आयुक्त (औषधि), औषधि निरीक्षक, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी समेत विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। साथ ही कार्यदायी संस्था यूपीएसआईडीसी के इंजीनियर भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सचिव ने प्रयोगशाला भवन, जांच उपकरणों, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने प्रयोगशाला भवन के निर्माण की उत्कृष्ट गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि गोरखपुर की यह प्रयोगशाला प्रदेश के अन्य मंडलों की तुलना में बेहतर है।

### जांच में तेजी लाने पर जोर

सचिव रोशन जैकब ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद्य एवं औषधि नमूनों की जांच प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि रिपोर्ट समय से उपलब्ध हो सके और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शीघ्र हो। उन्होंने नवनिर्मित प्रयोगशाला भवन को तत्काल प्रभाव से संचालित करने के निर्देश दिए, जिससे कार्य क्षमता में वृद्धि हो सके। प्रयोगशाला परिसर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सचिव ने तुरंत सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों, कर्मचारियों और आगंतुकों की सुविधा के लिए परिसर में कैंटीन और गेस्ट हाउस के निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया। सचिव के इस निरीक्षण से प्रयोगशाला की कार्यप्रणाली में सुधार और जनहित से जुड़े मामलों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# डीएम की अध्यक्षता में डीसीडीसी व डीएलआईएमसी की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** गुरुवार को सहकारिता विभाग में गठित डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलेपमेण्ट कमेटी (डीसीडीसी) की बैठक जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई , जिसमें मुख्य रूप से सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग एवं दुग्ध विभाग में संचालित योजनायें एवं नयी समितियां के गठन के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी, सहकारिता विभाग में 05 नयी पैक्स समितियों का लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक पूर्ण किया जाना है, जिसमें से 03 नयी समितियों का गठन हो चुका है। सहकारिता विभाग में 03 समिति का गठन, मत्स्य विभाग में 04 समितियों का गठन एवं दुग्ध विभाग में भी 12 नयी समितियों का गठन कराया गया है।

इसके उपरान्त हमीरपुर डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0 महोबा की डीएलआईएम सी की बैठक भी सम्पन्न हुयी, जिसमें पैक्स समितियों के कम्प्यूटराईजेशन की प्रगति के बारे में सचिव,मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने अवगत कराया गया।

अन्त में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, महोबा की 02 शाखाओं के कम्प्यूटराईजेशन में हार्डवेयर इंस्टॉलेशन से सम्बन्धित प्रगति को डीएलआईएमसी कमेटी से अनुमोदन प्राप्त किया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता संयोजक, जिला कृषि अधिकारी, समस्त अपर जिला सहकारी अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, एवं सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# उपायुक्त श्रम रोजगार अनुज कुमार के आकस्मिक निधन से शोक की लहर

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** विकास भवन परिवार में उस समय शोक की लहर दौड़ गई जब उपायुक्त श्रम रोजगार अनुज कुमार के आकस्मिक निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। उनके निधन से प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों में गहरा दुःख व्याप्त है।

स्वर्गीय अनुज कुमार मूल रूप से बदायूं जनपद के निवासी थे और वर्तमान में बरेली में रह रहे थे। उन्होंने वर्ष 1992 में शासकीय सेवा में प्रवेश किया और अपनी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता से विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया। वह आगामी 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले थे। चिकित्सकों के अनुसार वे ब्लड इन्फेक्शन से पीड़ित थे और उनका डायलिसिस उपचार चल रहा था। उनके आकस्मिक निधन से प्रशासनिक सेवा को अपूर्णनीय क्षति हुई है। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र एवं दो पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

निधन का समाचार मिलते ही विकास भवन में शोक सभा आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक भालचन्द्र त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य, डीसी एनआरएलएम मंजू त्रिपाठी, डीपीओ के0के0 रॉय, एडी सूचना संदीप कुमार सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

# आंगनबाडी केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्वास्थ्य टीमों ने 125 बच्चों का किया चेकअप

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर ग्रामीण अंचलों में संचालित विद्यालयों व आंगनबाडी केंद्रों के बच्चों के स्वास्थ्य को बेतहर रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में विकासखंड जैतपुर के महुआबांध और रगौलिया बुजुर्ग के आंगनबाडी केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य टीमों ने 125 बच्चों का चेकअप किया साथ ही मौसम बदलने पर बच्चों को होने वाली बीमारियों और उनके बचाव की जानकारी दी।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अम्बुज गुप्ता के आदेश पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. पीके सिंह की देखरेख में आरबीएसके टीमों ने आंगनबाड़ी महुआबांध और रगौलिया में पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर लगाया। टीमों ने सर्वप्रथम बच्चों का पंजीयन किया और उसके बाद एक एक कर बच्चों का चेकअप किया। प्रथम टीम ने महुआबांध में 67 और रगौलिया में 58 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार निशुल्क दवाएं दी गई। शिविर के मौके पर डॉ. आकांक्षा सोनी ने कहा कि मौसम जब करवट बदलता है, तो सबसे पहले असर बच्चों की सेहत पर दिखाई देता है। कहा कि सुबह ठंडी हवा, दोपहर में गर्मी और शाम को फिर ठंडक यह बदलाव बच्चों के शरीर को जल्दी थका देता और रोग प्रतिरोधक क्षमता थोड़ी कमजोर हो जाती है, जिससे सर्दी-जुकाम, बुखार, खांसी और गले की परेशानी बढ़ सकती है।

# चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भीड़

- भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर की सुख सवृद्धि की प्रार्थना

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने गुरूवार को मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर सुख सवृद्धि की प्रार्थना की गई। इसी दिन से मां का आगमन होता है और देवी पक्ष की शुरुआत होती है और भक्तों के सच्चे मन से मां शैलपुत्री की अराधना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। भक्त जल्दी उठकर स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण कर देवी मंदिरों में पहुंचे और अखंड ज्योति प्रज्वलित कर पूजा अर्चना करते हुए धूप, दीप, फूल, मिठाई आदि अर्पित किया साथ ही मां शैलपुत्री को गाय के घी से बनी चीजों का भोग भी चढ़ाया।

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन शहर की छोटी चंद्रिका मंदिर, शारदा माता मंदिर सर्राफा बाजार, चकौटा देवी मंदिर जारीगंज, शारदा माता मंदिर चरखारी वाईपास, काली माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुबह से भीड़ एकत्र हो गई और विधिवत तरीके के साथ पूजा अर्चना कर अपने परिवार के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रार्थना की। वहीं देवी के प्रथम स्वरुप को गाय के घी से बनी चीजें बेहद प्रिय हैं, जिस पर भक्तों ने गाय के घी से बने बादाम के हलवे से मां शैलपुत्री को भोग लगाया। नवरात्रि पर्व होने के कारण शहर में सुबह से सड़कों पर पुरुषों के साथ साथ महिलाओ, किशोरी और बच्चियों की भीड़ नजर आई।

शहर के ऐतिहासिक बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। यहां माता के दर्शनों के लिए श्रद्धालु कतारों में लगे रहे देवी मां का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भक्तों का सुबह से आना जाना जारी रहा, जो देर शाम तक चलता रहा। चैत्र नवरात्रि के चलते श्रद्धालुओं ने देवी मंदिरों में सुबह से ही पूजन अर्चन शुरू कर दी थी, जिससे देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ जुटी। वहीं चंद्रिका देवी के दर्शन से पूर्व महिलाओं ने परिसर में लगाई गई अस्थाई दुकानों से नारियल, चुनरी, फूल प्रसाद व अन्य सामग्री खरीदी। नवरात्रि को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के भी इंतजाम किए, जिससे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके और भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# बटुकों ने नववर्ष के नव सूर्य को दिया प्रथम अर्घ्य

- शंकराचार्य जी महाराज ने नव संवत्सर पर किया सनातनी पंचांग का विमोचन

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती ने केदार घाट स्थित श्री विद्या मठ से नव संवत्सर 'रौद्र' (विक्रमी 2083) के पावन अवसर पर समस्त विश्व के सनातन धर्मावलंबियों के नाम अपना वार्षिक संदेश जारी किया है। इस संदेश में पूज्य महाराजश्री ने अपने ज्योतिष्पीठारोहण के साढ़े तीन वर्षों की यात्रा का विवरण प्रस्तुत करते हुए देश की राजनीति और वैश्विक संघर्षों पर धर्म-सम्मत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।इस अवसर पर काल-गणना और आध्यात्मिक उपलब्धिः को बताते हुए शंकराचार्य जी ने अपने संदेश का आरंभ सूक्ष्म काल-गणना के साथ किया।उन्होंने बताया कि 12 सितम्बर 2022 को पीठ का उत्तरदायित्व संभालने से लेकर कल 19 मार्च 2026 के सूर्योदय तक कुल 1284 दिन(3 वर्ष,6 मास,1 सप्ताह,4दिन,15 घण्टे और 38 मिनट)का समय धर्म की मर्यादा और लोक-कल्याण हेतु समर्पित रहा है।

दूसरी बात उन्होंने बताई जगद्गुरुकुलम्: काशी के निकट 1008 एकड़ में वैदिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के वैश्विक केंद्र का निर्माण द्रुत गति से जारी है।राजनीति को धर्म के अनुशासन में लाने हेतु महाराजश्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि अब हिंदू समाज केवल 'वोट बैंक' नहीं रहेगा।उन्होंने प्रत्येक भारतीय को 'सनातनी राजनीति' करने और 'गो-मतदाता' बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सनातनी मत केवल उसे प्राप्त होगा जो गौ-माता को 'राष्ट्रमाता' का विधिक सम्मान दिलाने और गोवंश की हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध का साहस दिखाएगा। उन्होंने साम्राज्यवादी विस्तारवाद को मानवता के लिए विनाशकारी बताते हुए विश्व शांति हेतु शास्त्र-सम्मत मर्यादा का आह्वान किया।

## एसएसपी द्वारा अनुशासनहीनता करने पर मुख्य आरक्षी को किया गया निलम्बित

**अलीगढ़।** एसएसपी द्वारा अनुशासनहीनता करने पर मुख्य आरक्षी को किया गया निलम्बित एवं अभियोग पंजीकृत करने के दिए आदेश। मुख्य आरक्षी 1030 इमरान खान (पीएनओ-062550606) तैनाती थाना क्वार्सी के विरुद्ध अशोभनीय/अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने संबंधी प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र की जांच में दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया एवं थाना क्वार्सी पर मुख्य आरक्षी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया। एसएसपी नीरज जादौन द्वारा सभी अधीनस्थों को निर्देशित किया गया है कि पूर्ण मनोयोग से जनहित में कार्य करें, यदि अनुशासनहीनता, लापरवाही व अवैध क्रिया-कलापों के आरोप संज्ञान में आते हैं तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## सपा ने गंगा-जमुनी तहजीब से मनाया होली मिलन समारोह

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी महानगर वाराणसी के 389-शहर दक्षिणी विधान सभा के तत्वाधान में 'होली मिलन एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम मे महानगर के तीनों के विधान सभा के समस्त वरिष्ठ नेताओं, शहर दक्षिणी के समस्त सेक्टर, जोनल, वार्ड प्रभारियों सहित सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिल कर और गुलाब की पंखड़ियों से होली की बधाई दी। तत्पश्चात रंगारंग गीत और नृत्य का भी आयोजन मंच पर कलाकारों द्वारा सजीव व अद्भुत रूप से चित्रण किया गया। वही बनारस की गंगा-जमुनी तहजीब को और मजबूत भी करते हुए हिन्दू-मुस्लिम भाइयों ने होली की बधाई देते हुए परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की कि विश्व में शांति हो, देश में अमन चैन व भाईचारे की भावना से सभी लोग एक दूसरे की मदद करें और रोजगार-परिवार खुशहाल रहें।

# टिनशेड पर नग्न अवस्था में मिला युवक का शव शरीर पर चोट के निशान, परिजनों का हंगामा

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के रावतपार गांव में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का नग्न शव शौचालय के टिनशेड पर पड़ा मिला। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई।



मृतक की पहचान हाथ पर बने टैटू और घटनास्थल से कुछ दूरी पर मिले कपड़ों के आधार पर रावतपार निवासी उदय चंद यादव के 32 वर्षीय पुत्र बब्बी उर्फ ऋषभ यादव के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि गांव के राजेंद्र यादव की आटा चक्की के पीछे बने शौचालय के टिनशेड पर शव पड़ा था।

सुबह शौच के लिए गए राजेंद्र यादव ने शव देखा और शोर मचाया, जिसके बाद उनके पुत्र रामप्रताप ने पीआरवी को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर शिनाख्त कराई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के शरीर पर कई चोट के निशान मिले हैं। साथ ही उसके हाथ में कंडोम फंसा हुआ मिला। शव से बदबू आने और चेहरे पर सूजन के आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की मौत करीब दो दिन पहले हुई है।

घटना की जानकारी मिलते ही एसपी दक्षिणी दिनेश पुरी और सीओ बांसगांव अनुज सिंह भी मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। बताया जाता है कि मृतक अपने पिता के साथ थाईलैंड में रहता था और पिछले महीने बहन की शादी में घर आया था। शादी के बाद उसके पिता वापस थाईलैंड चले गए थे। मृतक दो भाइयों में बड़ा था और उसके दो छोटे बच्चे–6 वर्षीय सार्विक और ढाई वर्षीय आस्विक–हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने के बाद करीब 200 ग्रामीणों और परिजनों ने थाना परिसर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप था कि पुलिस ने उन्हें शव दिखाए बिना ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पत्रकार पर दबंगों का हमला, मारपीट, 3500 रुपये लूटने का आरोप



**वाराणसी।** सारनाथ थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक पत्रकार पर दबंगों द्वारा हमला और लूटपाट की घटना सामने आई। पत्रकार विजेंद्र कुमार मिश्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 मार्च 2026 की रात करीब 9:30 बजे कचहरी से लौटते समय पहड़िया चौराहे के पास कुछ बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और विरोध करने पर 4-5 लोगों ने उन्हें घेरकर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया,जिससे उनके हाथ,पीठ और गले में गंभीर चोटें आई।शोर सुनकर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से उनकी जान बच सकी।

## आबकारी विभाग ने छापा मारकर 220 किलोग्राम लहन नष्ट कर 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की

**फर्रुखाबाद।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जी0पी0गुप्ता के पर्यवेक्षण में आज आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 सुधांशु चौधरी द्वारा मय स्टॉफ अवैध शराब की बिक्री एवं अवैध मद्य निष्कर्षण के दृष्टिगत तहसील कायमगंज अंतर्गत स्थित संदिग्ध ग्राम ममापुर में दबिश कार्यवाही की गई।दबिश में 20 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा 220 किलोग्राम लहन बरामद की गई। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया तथा आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 02 अभियोग पंजीकृत किए गए।


**उत्तर रेलवे**

शुद्धिपत्र सूचना

संदर्भः– निविदा सूचना सं: 106–सिग–टेन्डर–69 / 2025–26 दिनांक: 16.03.2026 के लिये शुद्धिपत्र।

उपरोक्त सन्दर्भित निविदा सूचना जो कि पूर्व में प्रकाशित की गयी है में निम्नलिखित परिवर्तन पढ़े जाये।

आइटम संशोधित

| Code | Field Name | Existing Value | Modified Value |
|---|---|---|---|
| EMD | Earnest Money (INR) | 4,14,200.00 | 10,56,900.00 |

IREPS पर नया टेन्डर डॉक्यूमेंट अपलोड कर दिया गया है। अन्य शर्ते पूर्ववत ही रहेंगी।

सं.: 106–सिग–टेन्डर–69 / 2025–26 शुद्धिपत्र दिनांक: 18.03.2026 945/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, जनपद-अयोध्या**

पत्रांक : 696 न0पं0गो0/ बन्दन योजना-निविदा/2025-26 दिनांक : 19.3.2026

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत गोशाईगंज जनपद-अयोध्या द्वारा बंदन योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत गोशाईगंज जनपद-अयोध्या में अवस्थित महादेवा मन्दिर में अवस्थापना सुविधाओं के विकास कार्य हेतु कुल 04 कार्य कराये जाने हेतु नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं अन्य सरकारी विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-20.03.2026 को अपरान्ह 10:00 बजे से दिनांक-09.04.2026 को पूर्वाहन 01.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http://etender.up.nic.in पोर्टल के माध्यम से दिनांक-10.04.2026 को पूर्वाहन 01.00 बजे से खोली जायेंगी, उक्त तिथि में अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जा सकती है। उक्त निविदा ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड/अपलोड तथा निविदा शर्तो की जानकारी की जा सकती है।

(सीमा राय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत गोशाईगंज
अयोध्या

(डा0 विजय लक्ष्मी जायसवाल )
अध्यक्ष
नगर पंचायत गौशाईगंज
अयोध्या

**कार्यालय अलीगढ़ नगर निगम, अलीगढ़।**

कक्ष सं0 308, सेवा भवन, लाल डिग्गी, अलीगढ़
Email ID: gmjalaligarh@gmail.com

पत्रांकः 1918 / अ0ज0क0वि0/2025-26 दिनांकः 19-03-2026

ई-निविदा सूचना

जलकल विभाग नगर निगम अलीगढ़ द्वारा Suppy, Installation, Testing & Commissioning of Sewage Submersible Pumps (37 KW/50 HP) हेतु ई-निविदा डबल बिड (टैक्नीकल / फाइनेन्सियल) सिस्टम में आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते हैं।

1. निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 09.04.2026 की अपरान्ह 2:00 बजे तक।
2. निविदा की टैक्नीकल बिड खोले जाने की तिथि 09.04.2026 अपरान्ह 4:00 बजे।
3. फाइनेन्सियल बिड केवल उन निविदादाताओं की खोली जायेगी जो टैक्नीकल बिड में अर्ह पाये जायेंगे।
4. फाइनेन्सियल बिड खोले जाने का विवरण बेवसाइट www.etender.up.nic.in से ही प्राप्त किया जा सकेगा।

नोटः- अन्य जानकारी व समस्त शर्ते बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

महाप्रबन्धक (जल)
नगर निगम अलीगढ़।

# रामनगरी में राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया राष्ट्रपति का स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रामनगरी पहुंचीं। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। उनका अयोध्या आगमन ऐतिहासिक व सांस्कृतिक गरिमा से परिपूर्ण रहा। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने राष्ट्रपति का अभिवादन करते हुए उन्हें 'नगर की चाबी' भेंट की। यह सम्मान अतिथि को नगर की ओर से दिया जाने वाला सर्वोच्च प्रतीकात्मक सम्मान माना जाता है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अयोध्या का यह दूसरा दौरा है।

एयरपोर्ट से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से किया भव्य स्वागत

अयोध्या एयरपोर्ट से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के लिए जैसे ही राष्ट्रपति का काफिला रवाना हुआ, पूरे मार्ग पर उत्सव जैसा दृश्य देखने को मिला।

सड़क के दोनों ओर करीब 20 सांस्कृतिक मंच सजाए गए थे, जहां लगभग 250 कलाकारों ने रामायण आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भारतीय वेशभूषा में कलाकारों ने स्वागत गीत, भजन, अवधी-भोजपुरी लोकगायन-लोकनृत्य समेत भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रमों के जरिए मन मोह लिया।

**हर ओर उत्साह व उल्लास**

अयोध्यावासियों ने भी सड़क किनारे खड़े होकर पुष्प वर्षा, जयकारों संग देश की प्रथम नागरिक का गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति ने भी अयोध्यावासियों का अभिवादन किया। कार्यक्रम को और भव्य बनाने के लिए रामलीला के अंश, झांकियां, ढोल-नगाड़ा, शंखनाद, वेदपाठ और भजन-कीर्तन जैसी पारंपरिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं, जिससे अयोध्या की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर सजी अयोध्या नगरी में हर ओर श्रद्धा, उत्साह और उल्लास का वातावरण रहा।

## सपा नेता मोहम्मद वैस अंसारी ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर को बताया शोषण का साधन

**गोसाईगंज अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद वैस अंसारी ने सरकार और विद्युत विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि स्माह्यर्ट मीटर गरीब जनता के शोषण का साधन बनकर रह गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग के अधिकारी हर शिकायत पर यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि ÷हम इसमें कुछ नहीं कर सकते÷, मानो स्मार्ट मीटर कोई ऐसी व्यवस्था हो जो कभी गलत हो ही नहीं सकती।अंसारी ने बताया कि मीटर का तेज चलना, गलत बिलिंग, ओवरलोड दिखाना जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। इसके अलावा कम बकाया होने पर भी स्वतः बिजली कट जाना और सोलर पैनल लगे होने के बावजूद घरेलू कनेक्शन पर भारी बिल आना उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी बन गया है।

# फर्जी डिग्री बेचने वाले गैंग के आरोपियों को उच्च न्यायालय से मिली जमानत

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या उच्च न्यायालय ने फर्जी डिग्री बेचने वाले गैंग के सरगना सत्येन्द्र द्विवेदी और अखिलेश सहित अन्य आरोपियों को जमानत उच्च न्यायालय के जस्टिस करुणेश पवार ने अधिवक्ता देवेश तिवारी की बहस पर स्वीकार का फैसला सुनाया।

अधिवक्ता देवेश तिवारी ने अपनी बहस में बताया कि पुलिस ने गिरफ्तारी और रेड के दौरान भारतीय न्याय संहिता (ब्हस्स) की धारा 105 के नियमों का पालन नहीं किया, जो एक गंभीर चूक है। उन्होंने पुलिस की गिरफ्तारी और रेड प्रक्रिया पर ही सवाल खड़ा करते हुए कहा कि पुलिस ने गिरफ्तारी करते समय विडियो ग्राफी क्यों नहीं कराई यह विचारणीय प्रश्न है कुछ न कुछ पुलिस ने सच्चाई छिपाने का प्रयास किया है मेरे मुवक्किल को पुलिस ने जान बूझ कर फंसाया है जिससे इन युवकों का जीवन बर्बाद हो जाए। जस्टिस करुणेश पवार ने तिवारी की दलीलों को सही मानते हुए दोनों आरोपियों को जमानत मंजूर कर दी। देवेश तिवारी लखनऊ उच्च न्यायालय में युवा अधिवक्ता हैं और क्रिमिनल बेल मामलों में अपनी प्रभावी बहस के लिए प्रसिद्ध हैं। उनकी पेशेवर क्षमता और तर्कों ने इस मामले में आरोपियों को राहत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस जमानत के बाद आरोपियों को राहत मिली है, और अब मामले की आगे की सुनवाई जारी रहेगी। जानकारी हेतु आपको बताते चलें कि लखनऊ डीसी पी पूर्वी शशांक सिंह के अनुसार पिछले शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि गोमती नगर इलाके में एक कैफे में डिग्रियां बनाई जा रही हैं सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन आरोपियों को मौके से पकड़ लिया था गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अयोध्या निवासी सत्येंद्र द्विवेदी, उन्नाव निवासी अखिलेश कुमार और लखीमपुर खीरी निवासी सौरभशर्मा के रूप में हुई थी. पुलिस की जांच के अनुसार पकड़े गए आरोपी बीए, एमए, बीटेक, बीसीए, एमसीए, एमबीए से लेकर पीएचडी तक की फर्जी डिग्री और मार्कशीट तैयार कर रहे थे. ये दस्तावेज खासतौर पर उन लोइगों को बेचे जाते थे, जो प्राइवेट नौकरी पाने की चाह रखते थे। आरोपी कैफे में 25 कॉलेज की अलग-अलग कोर्स की डिग्रियां तैयार करते थे। जिसके एवरेज में 15 हजार से 4 लाख तक रुपए लेते थे। पुलिस गैंग के अन्य नेटवर्क की जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस की जांच अभी चल ही रही है गिरफ्तार अभियुक्त जेल में थे लेकिन विद्वान अधिवक्ता देवेश तिवारी के वहस के आगे पुलिस नस्मतक की भूमिका में रही उनके पास अधिवक्ता के द्वारा पूछे गये सवालों का जबाब नहीं था।

# रजिस्ट्री कार्यालय के बड़े बाबू पर 1 लाख की घूस मांगने का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली-अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति का दावा करती है, लेकिन अयोध्या जिले की रुदौली तहसील के रजिस्ट्री कार्यालय में हालात इसके ठीक उलट नजर आ रहे हैं। यहाँ तैनात बड़े बाबू (लिपिक) विनोद कुमार वर्मा पर रजिस्ट्री के एवज में भारी-भरकम धन उगाही और जनता को प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

नगर पालिका के मोहल्ला पूरे रसूल बक्श निवासी रवीश कुमार सोनी ने मुख्यमंत्री पोर्टल और उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार, 18 मार्च को वह अपनी माता और भाई के साथ एक पारिवारिक दान पत्र को पंजीकृत कराने कार्यालय पहुंचे थे नियमत पाँच हज़ार की स्टाम्प ड्यूटी और अन्य कानूनी साक्ष्य पूर्ण होने के बावजूद, बड़े बाबू विनोद कुमार वर्मा ने कथित तौर पर रजिस्ट्री करने के बदले एक लाख रुपये की अतिरिक्त कमीशन की मांग की।

पीड़ित रवीश कुमार सोनी का आरोप है कि जब उन्होंने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई, तो कर्मचारी ने अभद्रता की। आरोप है कि विनोद कुमार वर्मा खुलेआम कहते हैं कि बिना अलग से कमीशन लिए रजिस्ट्री नहीं होगी, हमें ऊपर तक हिस्सा भेजना पड़ता है।

इतना ही नहीं, पीड़ित को यह कहकर डराया भी गया कि देखता हूं कौन तुम्हारी रजिस्ट्री पंजीकृत करता है। इस अड़ियल रवैये के कारण नियम सम्मत होने के बावजूद दान पत्र को रजिस्टर्ड नहीं किया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त बाबू कई वर्षों से एक ही जगह तैनात हैं, जिससे उनका हौसला बढ़ा हुआ है।

सरकार की छवि धूमिल करने वाले ऐसे कर्मचारियों के कारण आम जनता को अपने ही हक के काम के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। प्रार्थी रवीश कुमार सोनी ने मुख्यमंत्री महोदय से गुहार लगाई है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी बाबू के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए ताकि तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके।

# राष्ट्रपति ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में की श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना की। राष्ट्रपति ने नव संवत्सर पर रामलला के चरणों में शीश झुकाकर व आरती उतारकर श्रद्धा निवेदित की। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राष्ट्रपति के साथ रामलला की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति, राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में सभी देवों के समक्ष शीश झुकाया। राष्ट्रपति ने श्रीराम मंदिर परिसर का भ्रमण कर यहां की दीवारों पर उकेरी गईं आकृतियों का भी अवलोकन किया। राष्ट्रपति ने पूज्य संतों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीरामयंत्र की विधिवत प्रतिष्ठापना की। श्रीराम यंत्र दो वर्ष पूर्व जगद्गुरु शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती महाराज द्वारा शोभायात्रा के माध्यम से अयोध्या भेजा गया था। वैदिक गणित और ज्यामितीय आकृतियों पर आधारित यह यंत्र देवताओं का निवास माना जाता है, जो सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित करने की क्षमता रखता है। दक्षिण भारत, काशी, अयोध्या के आचार्यों द्वारा मंदिर में श्रीराम यंत्र के लिए नौ दिवसीय वैदिक अनुष्ठान पहले से ही शुरू हो चुका था। यंत्र प्रतिष्ठापना के समय राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मां अमृतानंदमयी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि, ट्रस्टी अनिल मिश्रा, सदस्य गोपाल जी

## सरायरासी में चल रहे रामकथा महोत्सव के प्रथम दिन पहुंचे सूबे के दोनों डिप्टी सीएम



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के सरायरासी स्थित जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के निवास पर आयोजित 'श्री राम कथा महोत्सव' के प्रथम दिवस प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं बृजेश पाठक कथा स्थल पर पहुंचे। दोनों उप मुख्यमंत्रियों ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद लिया तथा जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व परिवारजनों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि श्रीराम कथा भारतीय संस्कृति और आस्था का केंद्र है, जो समाज को मर्यादा, सदाचार और सेवा का संदेश देती है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और लोगों में धार्मिक व सांस्कृतिक चेतना मजबूत होती है। वहीं उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। कथा श्रवण से व्यक्ति के जीवन में नैतिक मूल्यों का विकास होता है और समाज में समरसता बढ़ती है। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने दोनों उप मुख्यमंत्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह कथा महोत्सव क्षेत्रवासियों के लिए आस्था और भक्ति का विशेष अवसर है। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य लोगों को रामकथा से जोड़कर सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। महोत्सव में पीठाधिपति, वेद विद्या प्रतिष्ठान (पुणे) महाराष्ट्र एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद गिरी जी महाराज 19 से 27 मार्च तक कथा वाचन करेंगे। इससे पूर्व बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ हुआ था, जबकि 28 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने बताया कि व्यवस्थाओं को सुचारु रखने के लिए वालंटियर तैनात किए गए हैं। पार्किंग, सुरक्षा, पेयजल, बैठने और यातायात प्रबंधन के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं, जिससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके।

## किसानों ने सीखे गेहूं-जौ की उन्नत खेती के गुर

**मिल्कीपुर-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के सिधौना खदरा गांव में आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज की ओर से अखिल भारतीय समन्वित गेहूं एवं जौ सुधार परियोजना के तहत अनुसूचित जाति उप योजना अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को गेहूं और जौ की उन्नत खेती, नई तकनीकों तथा बेहतर उत्पादन के उपायों की जानकारी देना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. विनोद सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए गेहूं और जौ की वैज्ञानिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को उन्नत बीजों के चयन, समय से बुवाई, संतुलित उर्वरक प्रयोग, सिंचाई प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण तथा फसलों को रोग एवं कीटों से बचाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि यदि किसान आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाएं तो कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में लगभग 50 महिला एवं पुरुष किसान मौजूद रहे। किसानों ने प्रशिक्षण के दौरान खेती से जुड़ी अपनी समस्याएं भी रखीं, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान बताया।

## प्रवासी भारतीय ने इंडोनेशिया से सड़क निर्माण के लिए की गुहार

**सोहावल-अयोध्या । (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के मीसा गांव में रहने वाले प्रवासी भारतीय ओम प्रकाश पांडेय ने अपने गांव को जाने वाली सड़क निर्माण के लिए इंडोनेशिया से मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए निर्माण की गुहार लगाई है। क्षेत्र में विकास की पोल खोलने वाली यह सड़क मीसा पासियन पुरवा,गोरइया देव होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 27 को जोड़ने वाली सड़क है।इंडोनेशिया में रहकर इंजीनियर के रूप में कार्यरत श्री पांडे बीते दिनों अपने पैतृक गांव मीसा आए हुए थे। उन्हें गांव तक पहुंचने में सड़क की बदहाली के कारण मुसीबत का सामना करना पड़ा। योगी सरकार में विकास के दावों को आईना दिखाने वाली यह सड़क आज तक किसी जनप्रतिनित के निगाह में नहीं आई।किसी ने इस सड़क को बनवाने की पहल ही नहीं की। इस बात को लेकर की गई शिकायत को आज अहमियत मिल रही है और सड़क से जुड़े दर्जन भर गांव के लिए एक उम्मीद जगी है कि शायद सड़क का निर्माण हो जाए।

# ख़त्म-ए-कुरआन के साथ गूंजा इंसानियत का पैगाम, दुआओं में डूबा वाजिदपुर का माहौल

**दिलों से मिटाएं नफरत, मोहब्बत को बनाएं जिंदगी का हिस्साः हाफिज मतीउर्ररसूल**

*अवधनामा संवाददाता*

**रूदौली- अयोध्या।** रमज़ान की 28वीं मुबारक रात वाजिदपुर में सिर्फ इबादत का सिलसिला नहीं रहा, बल्कि दिलों को जोड़ने, मोहब्बत बढ़ाने और इंसानियत का पैगाम देने वाली एक यादगार रात बन गई, जहां हर शख्स दुआओं में डूबा नजर आया। ग्राम सभा वाजिदपुर की नूरानी मस्जिद में नमाज़-ए-तरावीह के दौरान ख़त्म-ए-कुरआन मुकम्मल किया गया। इस मुकद्दस मौके पर मस्जिद का माहौल पूरी तरह रूहानी और नूरानी हो गया, जहां हर तरफ सुकून और अकीदत की फिज़ा छाई रही। हाफ़िज़ मो. ताहा अलियाबाद ने बेहद खूबसूरत अंदाज़ में कुरआन पाक की तिलावत मुकम्मल की, जिसने मौजूद अकीदतमंदों के दिलों को गहराई से प्रभावित किया। इस दौरान मस्जिद के पेश इमाम हाफिज मतीउर्ररसूल ने अपने असरदार बयान में कहा कि रमज़ान हमें सिर्फ इबादत ही नहीं सिखाता, बल्कि एक बेहतर इंसान बनने का रास्ता भी दिखाता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सबसे बड़ी जरूरत है कि हम अपने दिलों से नफरत मिटाएं और मोहब्बत, सब्र और भाईचारे को अपनी ज़िंदगी का हिस्सा बनाएं। उन्होंने तरावीह की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि यह इबादत हमें कुरआन से जोड़ती है और हमें सीधा रास्ता दिखाती है। हाफिज़ ने लोगों से अपील की कि रमज़ान के इन आखिरी अशरे में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें, जरूरतमंदों की मदद करें और आपसी रिश्तों को मजबूत बनाएं। इसके बाद हाफिज मतीउर्ररसूल ने मुल्क में अमन-चैन, तरक्की, हर घर में खुशहाली और नौजवानों के बेहतर भविष्य के लिए खास दुआ कराई। दुआ के वक्त हर आंख नम और हर जुबां पर 'आमीन' की सदा गूंज उठी, जिससे पूरा माहौल और भी ज्यादा रूहानी हो गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

नौजवानों और बच्चों की भागीदारी ने यह दिखा दिया कि नई पीढ़ी भी दीन और इबादत से गहराई से जुड़ रही है। कार्यक्रम ने समाज में एकता, मोहब्बत और भाईचारे का मजबूत पैगाम दिया। इस मौके पर अशफाक अहमद, पूर्व प्रधान अब्दुल कैयूम हाकजी मुबारक अली, जुनैद मुल्ला नूरुल हुदा, मुनव्वर अली अब्दुल अहद, अब्दुल रऊफ, मो0 कलीम मो0 दानिश अब्दुल रहमान, एहरार अहमद एजाज अहमद सिराज अहमद, मो0 अदनान, मो. जैद सरफू गुड्डू मो0 कामरान, मो0 अल्ताफ, अब्दुल रशीद मो0 खालिद, सद्दू इरफान अहमद मो0 तैयब आदि लोग उपस्थिति रहे।

## अधूरे पुल निर्माण का मुद्दा उठा, विधायक ने सीएम से की शीघ्र पूरा कराने की मांग



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने लखनऊ स्थित 5 कालिदास मार्ग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात कर जनपद के विकास कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को विस्तार से रखा। विधायक ने सुभाष नगर और पड़री के बीच बलिया नाले पर वर्षों से अधूरे पड़े पुल के निर्माण को प्राथमिकता से पूरा कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि पुल के केवल पिलर बने हैं, जबकि स्लैब और अप्रोच मार्ग का कार्य अब तक अधूरा है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।

उन्होंने कहा कि पुल बनने से शहर को वैकल्पिक बाईपास मार्ग मिलेगा और मुख्य चौराहों पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। साथ ही आसपास के गांवों के लोगों को भी सीधा लाभ मिलेगा और आपातकालीन सेवाओं के लिए मार्ग सुगम होगा।

मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन दिया और कहा कि जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर संजीव शुक्ला भी मौजूद रहे।

## शिब्बन लाल सक्सेना मूर्ति स्थल क्षतिग्रस्त, जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब ने कठोर कार्रवाई की उठाई मांग



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** बीती रात शहर स्थित स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक शिब्बन लाल सक्सेना जी की मूर्ति स्थल को एक कार की टक्कर से भारी क्षति पहुंची। हादसे में मूर्ति स्थल का पिलर टूट गया तथा चबूतरा भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना को लेकर जनपद में रोष व्याप्त है। जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब, महराजगंज ने इस मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि यह केवल एक सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि जिले की ऐतिहासिक धरोहर, सार्वजनिक संपत्ति और जनभावनाओं के प्रति घोर लापरवाही का मामला है। क्लब ने कहा कि शिब्बन लाल सक्सेना जी की स्मृति से जुड़े स्थल को नुकसान पहुंचना पूरे जनपद के सम्मान पर सीधा आघात है।

प्रेस क्लब ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटना में शामिल वाहन और चालक की तत्काल पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाए।

साथ ही क्षतिग्रस्त मूर्ति स्थल की शीघ्र मरम्मत कराई जाए तथा वहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। क्लब ने स्पष्ट कहा कि यह मामला जनभावनाओं, ऐतिहासिक गरिमा और प्रशासनिक जवाबदेही से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

# नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियां गिनाईं गईं

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दूसरे दिन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सदर की छात्राओं द्वारा देवी दुर्गा को समर्पित सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति से हुआ, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नवनाथ प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश द्विवेदी एवं अन्य अधिकारियों ने जनपद में बीते नौ वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में हुई प्रगति की जानकारी दी। बताया गया कि ट्रामा सेंटर, ड्रग वेयरहाउस, 50 बेड आईसीयू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के सुदृढ़ीकरण तथा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सहित कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य पूरे किए गए हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ और प्रभावी हुई हैं।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जनपद के लगभग 8.24 लाख कार्डधारकों को प्रति परिवार प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक की कैशलेस उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही वर्ष 2022 से डायलिसिस सेवा शुरू होने तथा ट्रामा एवं आपातकालीन सेवाओं के विस्तार से मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रति माह लगभग तीन लाख किशोर-किशोरियों को आयरन फोलिक एसिड की गोलियां वितरित की जा रही हैं। इसके अलावा सीटी स्कैन, बीपीएचयू तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी सुचारु रूप से संचालित हैं।

## बहुउद्देशीय हॉल निर्माण का डीएम ने किया निरीक्षण

**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय हॉल का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यकतानुसार संसाधनों की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाने को कहा और स्पष्ट किया कि गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। करीब 721 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बन रहे इस हॉल में मुख्य सभागार के साथ शौचालय, सड़क और अन्य सहायक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। परियोजना की कुल लागत लगभग 15.16 करोड़ रुपये है। निर्माण कार्य दिसंबर माह से शुरू हो चुका है, जिसकी प्रस्तावित समाप्ति अप्रैल 2027 तय की गई है।

## शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ, भव्य कलश शोभायात्रा से भक्तिमय हुआ माहौल



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** विकास खंड मिठौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बरोहिया में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन वृहस्पतिवार को शतचंडी महायज्ञ का विधि-विधान से शुभारंभ हुआ। मां काली मंदिर के समीप स्थित यज्ञ स्थल से गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। नौ दिवसीय महायज्ञ 27 मार्च को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित राकेश मिश्रा एवं आचार्य भोलू पांडेय द्वारा वैदिक विधि से अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है। कलश शोभायात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर बरोहिया छोटा टोला, जगदौर, सोनबरसा, हरपुर कला, पड़री कला, सेखुई और खरचौली होते हुए देवरिया ब्रांच नहर पुल हरदी पहुंची, जहां 301 मंगल कलशों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल भरा गया। इसके बाद कुंवारी कन्याएं व महिलाएं सिर पर कलश धारण कर जयघोष के साथ कतारबद्ध होकर आगे बढ़ीं। यात्रा पचमा छोटा टोला व बरोहिया ढाला होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंची, जहां मंत्रोच्चार के बीच कलशों को यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया।

# डीएम ने किया माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण

**मरीजों को किसी भी प्रकार की नहीं होना चाहिए समस्या : जिलाधिकारी**



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा गुरुवार को माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को देखा तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को देखा। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, दवा वितरण काउंटर एवं विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने भर्ती मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उपचार एवं सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। कुछ मरीजों द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की स्वच्छता एवं दवाओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने सफाई में किसी प्रकार की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर को हर समय स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखा जाए। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति की भी जांच की और समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी डॉक्टर एवं स्टाफ अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने दवा स्टॉक रजिस्टर, जांच रिपोर्ट व्यवस्था एवं अन्य अभिलेखों का भी अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी आवश्यक दवाएं एवं उपकरण पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें, जिससे मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा पोस्टमार्टम हाउस एवं मेडिकल कालेज में बने मर्चरी कक्ष को भी देखा। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ राजेश मोहन, सीएमएस डॉ एके झा, डॉ संजय गुप्ता व संबंधित अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहे।

## गोंडा में 21 मार्च को लगेगा बृहद रोजगार मेला, 25 से अधिक कंपनियां देंगी नौकरी के अवसर

**गोण्डा।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा द्वारा उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत 21 मार्च 2026 को एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला शहर के प्रतिष्ठित जिला पंचायत सभागार, गोण्डा में आयोजित होगा, जिसमें 25 से अधिक निजी एवं प्रतिष्ठित नियोजक भाग लेकर युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।

सहायक निदेशक (सेवायोजन) ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में अभ्यर्थी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थियों को सबसे पहले सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद अभ्यर्थी पोर्टल पर उपलब्ध रोजगार मेले की सूचना देखकर आवेदन कर सकेंगे।

# जिलाधिकारी ने की अन्तर्विभागीय समन्वय समिति संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** जिला प्रशासन द्वारा संचारी रोगों की रोकथाम एवं जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।




जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराएं तथा प्रत्येक गतिविधि की प्रगति रिपोर्ट फोटोग्राफ सहित प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अवगत कराया गया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा, जबकि दस्तक अभियान 10 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक चलाया जाएगा। इन अभियानों के अंतर्गत साफ-सफाई, जलजमाव की रोकथाम, मच्छर जनित रोगों की रोकथाम, टीकाकरण, जागरूकता अभियान एवं घर-घर जाकर स्वास्थ्य जांच जैसी गतिविधियों पर विशेष बल दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य, नगर निकाय, शिक्षा, पंचायती राज, बाल विकास एवं अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि अभियान का व्यापक प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के बिना ऐसे अभियानों की सफलता संभव नहीं है, इसलिए लोगों को जागरूक करना भी अत्यंत आवश्यक है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अभियान को पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ संचालित करें, जिससे जनपद को संचारी रोगों से मुक्त रखने के लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सके। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संत लाल पटेल, अपर उपजिलाधिकारी / ईओ गोण्डा विशाल कुमार, एसीएमओ डाक्टर आदित्य वर्मा, एसीएमओ डाक्टर सीके वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय उपाध्याय समस्त सीएचसी अधीक्षक, डाक्टर आरपी सिंह, समस्त अधिशासी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर पंचायत सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गोण्डा एसपी द्वारा ईद-उल-फितर त्योहार को देखते हुये सुरक्षा व्यवस्था को किया गया चाक-चौबंद



**देवी अवस्थी संवाददाता**

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस बल के साथ ईद-उल-फितर त्योहार के दृष्टिगत शहर क्षेत्र में ईदगाह एवं नमाज स्थलों का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा धर्म गुरुओं व संभ्रांत व्यक्तियों से परस्पर वार्ता कर शासन द्वारा जारी गाइड लाइनों व निर्गत आदेशों से अवगत कराया गया तथा ईद-उल-फितर त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अपील की गयी। सभी धर्म गुरुओं/संभ्रान्त व्यक्तियों द्वारा कानून व्यवस्था में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया की जनपद गोण्डा के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ मीटिंग कर प्राप्त आदेशों निर्देशों से अवगत करा दिया गया है, एवं समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा अपने - अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में शान्ति समितियों के सदस्यों तथा धर्मगुरुओं के साथ बैठकें कर शान्ति व्यवस्था में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की गई है ।

रमजान/ईद के दौरान पूर्व मे हुई घटनाओं की समीक्षा कर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है। बाजारों में ईद-उल-फितर के दौरान खरीददारी के मध्य विशेष सतर्कता रखी जा रही है जिसके लिए पुलिस बल का समुचित व्यवस्थापन, डॉग स्क्वॉड, स्थानीय अभिसूचना इकाई द्वारा नजर रखी जा रही है, तथा अग्निशमन की व्यवस्था की गयी है । सादे वस्त्रों में भी पुलिसकर्मी एवं महिला पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीमों को लगाया गया है। ईद की नमाज हेतु सम्बन्धित स्थलों पर पुलिस के अधिकारी/कर्मचारियों की नामवार ड्यूटी लगाई गयी है। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, जुलूस के मार्गो पर सीसी कैमरा एवं आवश्यक्तानुरूप ड्रोन कैमरा से निगरानी रखी जायेगी । साथ ही साथ सभी से अनुरोध किया गया कि किसी भी प्रकार के आपसी सौहार्द खराब करने वाले वीडियो पोस्ट/शेयर करने से बचे।

# घूस लेते पालिका कर्मी को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ पकड़ा



**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** जलालपुर नगर पालिका परिषद में परिनियुक्ति पर कार्यरत जल निगम के एक कर्मचारी को एंटी करप्शन टीम ने 5000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से नगर पालिका में हड़कंप मच गया और कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी कर्मचारी जलालपुर नगर पालिका परिषद में चतुर्थ श्रेणी के पद पर परिनियुक्ति पर तैनात था और प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत पात्रता की जांच का कार्य देख रहा था। इसी दौरान उसने वाजिदपुर निवासी अवधेश चौहान से आवास दिलाने के नाम पर 5000 की रिश्वत की मांग की। पीड़ित ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की, जिसके बाद टीम ने योजना बनाकर कार्रवाई की। तय रणनीति के तहत जैसे ही आरोपी कर्मचारी ने नगर पालिका गेट के सामने रिश्वत की रकम ली, एंटी करप्शन टीम ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान टीम ने आरोपी के पास से रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली।

# माँ पल्टादेवी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवरात्रि का प्रथम दिन**



**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर शोहरतगढ़ क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्र माँ पल्टादेवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा और पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

इस पावन अवसर पर शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा अपनी धर्मपत्नी बबिता वर्मा तथा जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन के साथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर माँ भगवती के श्रीचरणों में क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

माँ पल्टादेवी मंदिर की महिमा दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। जनश्रुति के अनुसार यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य पूर्ण होती है। मान्यता है कि मंदिर का इतिहास द्वापर युग और महाभारत काल से जुड़ा है, जहां पांडवों ने दर्शन कर अपना खोया हुआ राजपाट पुनः प्राप्त किया था। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि माता के दर्शन मात्र से जीवन संवर जाता है। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें विधायक विनय वर्मा ने अपनी पत्नी के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं फलाहार वितरित किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नवरात्रि के दिनों में मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित करने पर जोर दिया। इस दौरान विधायक विनय वर्मा, बबिता वर्मा, डीएम शिवशरणप्पा जी एन, एसडीएम विवेकानंद मिश्रा, बीडीओ चन्द्र भूषण तिवारी, सीओ मयंक द्विवेदी, महंथ घनश्याम गिरि सहित कई लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## उप जिलाधिकारी बांसी की अध्यक्षता में संचारी एवं दस्तक अभियान हेतु टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** उप जिलाधिकारी बांसी, निखिल चक्रवर्ती की अध्यक्षता में आज ब्लॉक स्तरीय एवं तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान की रूपरेखा तैयार करना और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करना था।अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर (बांसी), डॉ. राजीव कुमार रंजन ने बैठक में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियानः 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित होगा।

इस महाभियान को सफल बनाने के लिए कुल 11 विभागों का अंतर-विभागीय समन्वय सुनिश्चित किया गया है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ नगर विकास, पंचायती राज, पशुपालन, शिक्षा, बाल विकास , कृषि एवं सिंचाई, सूचना और उद्यान विभाग प्रमुखता से अपनी भूमिका निभाएंगे। अभियान के दौरान आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगी, जिसमें निम्नलिखित सूचियां तैयार की जाएंगी बुखार, क्षय रोग और कुपोषित बच्चों की पहचान। क्षेत्रवार ऐसे घरों का चिन्हांकन जहाँ मच्छरों का प्रजनन पाया जाएगा। बैठक में जानकारी दी गई कि इस वर्ष अभियान का दायरा बढ़ाते हुए गैर-संचारी रोगों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## आपरेशन के दौरान युवक के पेट से निकला प्लास्टिक की बोतल

**अम्बेडकरनगर।** जिले में एक युवक के पेट से करीब 15X4 सेंटीमीटर की प्लास्टिक बोतल निकालने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक युवक अहमदाबाद में काम करता था और शराब के नशे में उसने बोतल को अपने निजी अंग में डाल लिया, जो अंदर जाकर पेट तक पहुंच गई। इसके बाद युवक को लगातार पेट में दर्द की शिकायत रहने लगी। अहमदाबाद में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए, जिसके बाद युवक अपने घर अम्बेडकरनगर पहुंचा। यहां सर्जन डॉ. विपिन वर्मा ने चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन कर युवक के पेट से बोतल को सफलतापूर्वक बाहर निकाल दिया। ऑपरेशन के बाद मरीज अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी डॉ. विपिन वर्मा एक मरीज के पेट से नट-बोल्ट निकाल चुके हैं। फिलहाल इस अनोखे ऑपरेशन की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है। फिलहाल मरीज की हालत स्थिर है और डॉक्टरों की टीम उस पर नजर बनाए हुए है।

# सनातन धर्म और ज्योतिष के माध्यम से वैश्विक पटल पर सिद्धार्थनगर का मान बढ़ा रहे आचार्य संतोष कुमार पाण्डेय



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** अपनी विद्वत्ता, कर्मठता और सनातन संस्कृति के प्रति अटूट समर्पण से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले सुप्रसिद्ध ज्योतिर्विद और सामाजिक विचारक आचार्य संतोष कुमार पाण्डेय आज मानवता की सेवा में एक मिसाल बन चुके हैं। जनपद के ग्राम जीवा में जन्मे आचार्य जी ने ज्योतिष शास्त्र और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के माध्यम से न केवल देश, बल्कि विदेशों में भी सनातन धर्म की ध्वजा फहराई है।बहुभाषी व्यक्तित्व और लेखन का धनी स्वर्गीय योगेश कुमार पाण्डेय के सुपुत्र आचार्य संतोष कुमार पाण्डेय एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। उन्हें हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी के साथ-साथ पंजाबी, गुजराती, बंगाली, मैथिली और उड़िया जैसी क्षेत्रीय भाषाओं का भी गहरा ज्ञान है। भाषाई विविधता के कारण वे देश के अलग-अलग कोनों से आने वाले लोगों से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं।

आचार्य जी का शुरुआती सफर गद्य साहित्य और पत्रकारिता से जुड़ा रहा है। उन्होंने देश के प्रतिष्ठित समाचार चैनलों और पत्र-पत्रिकाओं में समाचार प्रबंधन और संपादन के क्षेत्र में वर्षों तक अपनी सेवाएं दी हैं। हालांकि, पिछले 20 वर्षों से वे पूर्णतः ज्योतिष विज्ञान के माध्यम से समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनके ज्ञान का लाभ न केवल हिंदू समाज, बल्कि विश्व के विभिन्न धर्मों के अनुयायी भी उठा रहे हैं।

मानव कल्याण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए आचार्य जी वर्तमान में 'ग्रह विशेष पीड़ा' से मुक्ति के सरल उपायों पर आधारित एक महत्वपूर्ण पुस्तक लिख रहे हैं। यह पुस्तक जल्द ही पाठकों के लिए उपलब्ध होगी, जो आम जनमानस को ग्रहों के दोषों से मुक्ति पाने में सहायक सिद्ध होगी आचार्य जी वर्तमान में कई महत्वपूर्ण संगठनों के माध्यम से सामाजिक और आध्यात्मिक कार्यों का नेतृत्व कर रहे हैं।

**अध्यक्षः** लॉर्ड शिवा फाउंडेशन।

**अध्यक्षः** ईशानाह रिचुअल फाउंडेशन प्राइवेट लिमिटेड।

**अध्यक्षः** ईस्ट राइटर न्यूज़ मीडिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड।

**अध्यक्षः** वेदम एस्ट्रो एंड लाइफ साइंसेज। **प्रभारीः** रामायण रिसर्च काउंसिल, भारत (उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश)।आचार्य संतोष कुमार पाण्डेय का जीवन पूरी तरह से सनातन संस्कृति के संरक्षण और ज्योतिष विज्ञान के वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जन-कल्याण के प्रति समर्पित है।

## बसपा ही कर सकती है समतामूलक समाज की स्थापना



**बांसी सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बूथ स्तरीय बैठक विधानसभा बांसी के सेक्टर नंबर 1 गोल्हौरा के अंतर्गत बूथ संख्या 11 और 12 (ग्राम बरदही) में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदाय के साथ-साथ किसान और नौजवान विरोधी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सर्व समाज का वास्तविक सम्मान केवल बसपा की सरकार में ही सुरक्षित है। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा, 'आने वाला समय बहुजन समाज पार्टी का है। सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ को मजबूत करने के लिए बूथ कमेटियों का पुनर्गठन (रिन्यूअल) तत्काल पूर्ण कर लें। बैठक के दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने कहा कि प्रदेश की जनता, विशेषकर मुस्लिम समाज, आज बड़ी आशा भरी निगाहों से बहन कुमारी मायावती जी और बसपा की ओर देख रहा है। उन्होंने कहा, 'बहन जी हैं तो भरोसा है।

## बकाया मानदेय को लेकर विमुख हुए रोजगार सेवक



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक सभागार में आज बृहस्पतिवार को रोजगार सेवक कुलदीप सोनी के नेतृत्व में एक बैठक बुलाई गई रोजगार सेवकों की समस्या के बारे में सभी को अवगत कराया गया तथा अपनी समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी को एक पत्र दिया और मांग की भविष्य में यदि चल रहे वित्तीय वर्ष में हम सभी का मानदेय और ईपीएफ का भुगतान नहीं होता है तो आमरण अनशन के लिए संघ बाध्य होगा। हरि निवास पाण्डेय ने कहा कि अगर लाम्वित मानदेय मार्च तक नही दिया गया तो ब्लाक मे तालाबंदी कर दी जायेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। मनोज सिद्धार्थ ने कहा कि रोजगार सेवकों के समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आर-पार की लडाई लडी जायेगी।

## वन दरोगा की भूमिका संदिग्ध अवैध कटान का खेल उजागर

**अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर तहसील क्षेत्र के कनक पट्टी गांव के मजरे दशमडे में अवैध सागौन कटान का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, करीब 15 कीमती सागौन के पेड़ों को बिना किसी वैध परमिट के काटा जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि बीते दिन खुद वन दरोगा मौके पर पहुंचे थे और स्थिति का जायजा लिया था, लेकिन इसके बावजूद आज भी कटान धड़ल्ले से जारी है। इससे वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि मौके पर पहुंचे जिम्मेदार अधिकारी सख्ती दिखाते, तो पेड़ों की कटाई तत्काल रोकी जा सकती थी। लेकिन ऐसा न होने से विभाग की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि सागौन जैसे कीमती पेड़ों की खुलेआम कटान बिना विभागीय मिलीभगत के संभव नहीं है। अब ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस घटना ने वन विभाग की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर मौके पर पहुंचने के बावजूद अवैध कटान क्यों नहीं रोकी गई।

# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी में योजनाओं पर हुआ मंथन

**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र शोहरतगढ़ परिसर में गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों, स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों एवं प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा का खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार द्वारा माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व बैज लगाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ की। इस दौरान छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, वहीं डोहरिया खुर्द विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने संगोष्ठी में शिक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इसमें डीबीटी योजना के तहत अभिभावकों के खातों में भेजे गए 1200 रुपये के उपयोग, प्रेरणा पोर्टल, ऑपरेशन कायाकल्प एवं निपुण भारत मिशन जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनय वर्मा ने कहा कि ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे अभिभावकों को एसएमसी, आउट ऑफ स्कूल बच्चों, दिव्यांग बच्चों की शिक्षा सहित विभिन्न शैक्षिक योजनाओं के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेसिक शिक्षा के उत्थान और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

उन्होंने आगे बताया कि डीबीटी के तहत भेजे गए 1200 रुपये का उपयोग बच्चों के ड्रेस, स्वेटर, जूता-मोजा, बैग एवं स्टेशनरी खरीदने में किया जाना चाहिए। साथ ही ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों का मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, जबकि निपुण भारत मिशन के अंतर्गत विद्यालयों में सहायक शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

रामविलास यादव, लालजी यादव और रामदास मौर्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक विनय वर्मा, रामविलास यादव, बीईओ संजय कुमार, रत्नेश सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष लालजी यादव, हरीश वर्मा, रामदास मौर्य, मनोज यादव, तुलसीराम, मुस्तन शेरुल्लाह, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## बसखारी की पंचायत में दिव्यांग शौचालय निकला विकलांग विकास का दावा खोखला

**अम्बेडकरनगर।** बसखारी ब्लॉक की ग्राम पंचायत शंकरपुर बिशनपुर में कहानी कुछ ऐसी चल रही है कि लोग अब विकास कम और 'वाउचर लीला' ज्यादा गिन रहे हैं। गांव वालों के मुताबिक, ग्राम सचिव प्रवेश कुमार के आते ही पंचायत खजाने को ऐसा 'योगासन' कराया कि पैसा सीधे ग्राम सचिव प्रवेश कुमार व ग्राम प्रधान की जेब में, और शौचालय विकलांग ।

मामला क्या है? मौजा रायपुर के प्राथमिक विद्यालय में दिव्यांग शौचालय के नाम पर 14 अक्टूबर 2023 को 80,723 रुपये और फिर 28 सितंबर 2024 को 1,01,000 रुपये का खेल हो गया। कागजों में तो शौचालय शायद बनकर फीता भी कटवा चुका होगा, लेकिन हकीकत में आज भी ईंटें सोच रही हैं– 'हम कब दीवार बनेंगी? '

अब गांव वाले भी मजाक में कहरहे हैं– जब शौचालय ही दिव्यांग से विकलांग हो गया हो गया, तो विकास कैसे दौड़ेगा?

## एनएसएस शिविर के चौथे दिन तिलेसरा देवी महाविद्यालय की छात्राओं ने सड़क सुरक्षा रैली




**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** मां तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज, भसड़ा, टांडा, अम्बेडकर नगर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय दिन-रात विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस, गुरुवार 19 मार्च 2026 को चयनित ग्राम भसड़ा एवं पहाड़पुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया।

इस रैली का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा लोगों को सुरक्षित यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का संचालन प्रथम इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव एवं द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक पांडेय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ0 सुशील कुमार, बी0एड0 विभागाध्यक्ष डॉ0 अश्वनी कुमार सहित सुनील कुमार वर्मा, प्रमोद वर्मा, अरुण कुमार, परवेज अहमद, श्रीमती संगीता देवी, सुश्री अंशिका रानी, सुश्री लक्ष्मी भारती, डॉ0 रामपाल यादव एवं डॉ0 अमित कुमार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। रैली के दौरान स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने गांव-गांव जाकर सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने तथा सभी वाहन चालकों को अपने निर्धारित लेन में चलने के लिए जागरूक किया।

## अब तेल भी उछलेगा

बीते साल की तुलना में रसोई गैस (एलपीजी) की खपत 17.7 फीसदी कम हुई है, लेकिन संकट और मांग अब भी व्यापक हैं। एलपीजी की तुलना में अब तेल में आग लगने के आसार हैं, जिसकी हकीकत पेट्रोलियम मंत्रालय छिपा रहा है अथवा हरे-भरे आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। बार-बार आश्वस्त किया जा रहा है कि पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे, जबकि अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, चीन, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस सरीखे बड़े देशों में पेट्रोल-डीजल महंगे करने पड़े हैं। पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका जैसे कर्जदार और विपन्न देशों से तुलना क्या करनी? भारत में पेट्रोल की 13 फीसदी और डीजल की 8 फीसदी से अधिक खपत बढ़ी है। ये अधिकृत संगठनों के अध्ययन के निष्कर्ष हैं। गौरतलब तथ्य यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 17 मार्च को 103 डॉलर प्रति बैरल थी, लेकिन भारत ने 108.23 डॉलर के दाम पर तेल खरीदा है। बीती 16 मार्च को इंडियन बास्केट कच्चे तेल की कीमत ने आसमान छू लिया, जो 142.69 डॉलर प्रति बैरल के अनपेक्षित उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। फरवरी में कच्चे तेल की कीमत हमें 69 डॉलर पड़ी थी। वह मार्च में औसतन 108.23 डॉलर हो गई। एलपीजी के साथ-साथ तेल की कीमतों का यह उछाल भारतीय अर्थव्यवस्था को डांवाडोल कर सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हमें कच्चा तेल 142 डॉलर की कीमत पर खरीदते रहना पड़ा, तो उससे महंगाई दर 8-10 फीसदी तक उछल सकती है। अभी तो यह 4 फीसदी के करीब बताई जा रही है। भारत की आर्थिक विकास दर लुढ़क कर 4-5 फीसदी पर आ सकती है। अलग-अलग तिमाही में विकास दर 8 फीसदी से अधिक भी रही है। भारत सरकार के आर्थिक सलाहकारों और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के दावे हैं कि 31 मार्च को समाप्त होने वाले 2025-26 वित्त वर्ष के दौरान विकास दर 7 फीसदी से अधिक रहेगी और आने वाले वित्त वर्ष में भी यह करीब 7 फीसदी रह सकती है, जो विश्व में सर्वाधिक है। अब ईरान युद्ध के प्रभावों के मद्देनजर क्या आर्थिकी होगी, हम उसका विश्लेषण कर रहे हैं।

कुछ ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में अभी से तोरी, भिंडी 150 रुपए किलो और नींबू 200 रुपए किलो बिकने शुरू हो गए हैं। प्याज, टमाटर कब महंगे होने लगेंगे, यह इस पर आश्रित है कि महंगाई दर कितनी बढ़ती है और हर वस्तु का परिवहन का खर्च कितना महंगा होता है? एलपीजी संकट के मद्देनजर औसतन रेस्तरां ने खान-पान के दाम 57 फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। स्ट्रीट फूड भी 25 फीसदी महंगा हो गया है, लिहाजा आम आदमी पिसने लगा है। सूखे मेवे के दाम 25-45 फीसदी, खाद्य तेल के दाम 20 रुपए प्रति लीटर, दवाइयों के दाम 30 फीसदी तक बढ़ गए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान भी महंगा हुआ है। विमानन कंपनियों ने भी 'फ्यूल सरचार्ज' थोप दिए हैं। इस तरह खुदरा और थोक महंगाई दरें बढनी तय लग रही हैं। एक अनुमान है कि सरकार को 27.6 लाख करोड़ रुपए का घाटा हो सकता है, जाहिर है कि चालू खाता घाटा भी जीडीपी के 2.5 फीसदी तक पहुंच सकता है। बजट में सरकार का लक्ष्य सामने आया था कि चालू खाता घाटा 1 फीसदी के करीब रखा जाएगा।

## आस्था के पार विवेक की तलाश: पावन तट पर

**रमाकांत चौधरी**

कुंभ जैसे विराट धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन पर लिखना जितना आकर्षक है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। यहाँ आस्था, परंपरा, सामाजिक यथार्थ और मानवीय भावनाएँ एक साथ उपस्थित रहती हैं। ऐसे विषय को साहित्यिक दृष्टि से समेटना सहज नहीं होता। 'पावन तट पर' नामक यह साझा लघुकथा-संग्रह इस चुनौती को स्वीकार करता है और कुंभ के बहाने आस्था, विवेक और सामाजिक यथार्थ के अनेक आयामों को सामने लाता है। संग्रह के संपादक सुरेश सौरभ स्पष्ट सामाजिक दृष्टि रखने वाले रचनाकार के रूप में दिखाई देते हैं। वह अपनी भूमिका में स्वामी विवेकानंद के 'नर सेवा नारायण सेवा' के विचार का उल्लेख करते हुए, साहित्यकार के नैतिक दायित्व, निष्पक्ष दृष्टि और मानवीय सरोकारों की आवश्यकता पर बल देते हैं। उनके अनुसार साहित्य का काम किसी पंथ, जाति या विचारधारा का समर्थन करना नहीं, बल्कि समाज के यथार्थ पक्ष को ईमानदारी से सामने लाना भी है। यही कारण है कि यह संग्रह आस्था का अंधानुकरण नहीं करता, बल्कि उसे विवेकपूर्ण प्रश्नों के साथ प्रस्तुत करता है।



संग्रह में अनेक लघुकथाकारों की रचनाएँ शामिल हैं, जो कुंभ के विविध अनुभवों और भावनात्मक स्थितियों को अभिव्यक्त करती हैं। रश्मि 'लहर' की 'सेवा', सूर्यदीप कुशवाहा की 'पुण्य फल' और 'सच्चा पुण्य', डॉ. रशीद गौरी की 'निपटारा', डॉ. पूरन सिंह की 'ये माँ ही हो सकती हैं', डॉ. अंजु दुआ जैमिनी की 'मोक्ष बनाम मुक्ति', सरोज बाला सोनी की 'कल्पवास' और मिन्नी मिश्रा की 'पिता का कुंभ स्नान' जैसी रचनाएँ मानवीय संवेदनाओं और पारिवारिक भावनाओं को स्पर्श करती हैं। वहीं प्रो. रणजोध सिंह की 'लिविंग गॉड' और राजेन्द्र वर्मा की 'पुण्य' आस्था और सामाजिक मानसिकता के गहरे पहलुओं को उजागर करती हैं। इसी क्रम में अभय कुमार भारती की 'व्रत', शोभा गोयल की 'रिफंड', देवेंद्रराज सुथार की 'सोच का स्नान', नृपेंद्र अभिषेक नृप की 'मोक्ष की एक डुबकी', नीना मंदिलवार की 'विलुप्त' और हरीश कुमार 'अमित' की 'कुंभ स्नान' तथा 'पुण्य' कुंभ के सामाजिक यथार्थ और मानवीय मनोविज्ञान को उभारती हैं।

चित्रगुप्त की 'पावन तट पर' और 'बंद दरवाजे की चीख', डॉ. रामकुमार घोटड़ की 'मुक्ति-पथ' तथा 'पितृहीन साया', मार्टिन जॉन की 'पापमुक्ति', रंजना जायसवाल की 'डुबकी', डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी की 'कुंभी पाप' और अरविन्द असर की 'मुफ्त का पुण्य' आस्था के भीतर छिपी विडंबनाओं और सामाजिक विसंगतियों को उजागर करती हैं।

इसी प्रकार ट्विंकल तोमर सिंह की 'भंडारे की आग', गुलजार हुसैन की 'भगदड़ में माँ', सेवा सदन प्रसाद की 'अनुतृप्त', चित्तरंजन गोप 'लुकाठी' की 'महाकुंभ की अमृत बूंदें' (एक) और (दो), डॉ. उपमा शर्मा की 'पूजा', डॉ. यशोधरा भटनागर की 'विरासत की डोरी' तथा नमिता सिंह 'आराधना' की 'गंगा मैया से पैरवी' कुंभ के सामाजिक और भावनात्मक पक्षों को पछोर-पछोर कर सामने लाती हैं।

संपादक सुरेश सौरभ की 'ज़ख्म' और 'साये में पुण्य' लघुकथाएं इस संग्रह में शामिल हैं, जो संग्रह की वैचारिक दिशा को और विराटता से स्पष्ट करती हैं। पूनम 'कतरियार' की 'मुक्ति गाथा', सुनीता मिश्रा की 'शेष उम्र की धूप', डॉ. शैलेष गुप्त 'वीर' की 'वह देशद्रोही है' और 'सुकून', डॉ. नीरू मित्तल 'नीर' की 'कुम्भ में मौन डुबकी', मनोरमा पंत की 'मुक्ति की खुशी', आलोक चोपड़ा की 'मोक्ष', डॉ. सुरेश वशिष्ठ की 'औलाद वाले', निर्मल कुमार डे की 'पुण्य-लाभ', मानवीन कौर पाहवा की 'मोक्ष', डॉ. सुषमा गुप्ता की 'आस्था का सैलाब' तथा मीरा जैन की 'माँ की खुशी' भी संग्रह को विविध अनुभवों से समृद्ध करती हैं।

इसी संग्रह में मेरी लघुकथा 'पूर्व जन्म के पाप' भी शामिल है, जो कर्मफल और आस्था से जुड़े पारंपरिक विश्वासों के बीच छिपे सामाजिक प्रश्नों को उजागर करने का प्रयास करती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**गौरैया का संरक्षण केवल एक पक्षी को बचाने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह हमारे पर्यावरण, हमारी संस्कृति और हमारी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। इसके लिए हमें छोटे-छोटे लेकिन प्रभावी कदम उठाने होंगे। सबसे पहले हमें अपने घरों और आसपास ऐसे स्थान बनाने होंगे, जहां गौरैया आसानी से घोंसला बना सके। आज बाजार में कृत्रिम घोंसले उपलब्ध हैं, जिन्हें घरों की बालकनी, दीवारों या पेड़ों पर लगाया जा सकता है। इसके साथ ही हमें नियमित रूप से दाना और पानी की व्यवस्था करनी चाहिए।**

# गौरैया का कलरव एवं ऊर्जा का खत्म होना बड़ी चुनौती

एक समय था जब सुबह की शुरुआत घर-आंगन में चहकती गौरैया की मधुर ध्वनि से होती थी। यह नन्हीं चिड़िया केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि हमारे जीवन, संस्कृति और संवेदनाओं का अभिन्न हिस्सा थी। बच्चों के बचपन की साथी, घरों की रौनक और प्रकृति की जीवंतता का प्रतीक-वही गौरैया आज हमारे आसपास से लगभग लुप्त होती जा रही है। यह केवल एक पक्षी के कम होने की कहानी नहीं, बल्कि मानव और प्रकृति के बीच बिगड़ते संतुलन का संकेत है। विश्व गौरैया दिवस हर वर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है, ताकि इस छोटी-सी चिड़िया के संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक किया जा सके। वर्ष 2026 की थीम व्यापक रूप से मानव और प्रकृति का सह-अस्तित्व की भावना को आगे बढ़ाने वाली मानी जा रही है, जो यह संदेश देती है कि यदि हम प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर नहीं चलेंगे, तो न केवल गौरैया, बल्कि पूरा पारिस्थितिकी तंत्र संकट में पड़ जाएगा। गौरैया का जीवन मनुष्य के बेहद करीब रहा है। उसने हमारे घरों की छतों, खिड़कियों, रोशनदानों और पेड़ों पर अपने घोंसले बनाए। वह हमारी दिनचर्या का हिस्सा बनी रही। लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ ने उसे धीरे-धीरे उसके आश्रयों से बेदखल कर दिया। आज कंक्रीट के जंगलों में न तो उसके लिए घोंसले बनाने की जगह बची है और न ही उसके भोजन के स्रोत।



ललित गर्ग

गौरैया की घटती संख्या के पीछे कई कारण हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है बदलती जीवनशैली। पहले घरों में खुले स्थान होते थे, मिट्टी के आंगन होते थे, छतों पर अनाज सुखाया जाता था और पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था स्वाभाविक रूप से होती थी। आज सब कुछ बंद कमरों और चमचमाती इमारतों में सिमट गया है। इससे गौरैया का प्राकृतिक निवास समाप्त हो गया है। इसके साथ ही कीटनाशकों और रासायनिक पदार्थों का अत्यधिक उपयोग भी एक बड़ा कारण है। गौरैया के बच्चे प्रारंभिक दिनों में कीट-पतंगों पर निर्भर रहते हैं, लेकिन आधुनिक खेती और बागवानी में रसायनों के बढ़ते उपयोग ने इन कीटों को ही समाप्त कर दिया है। परिणामस्वरूप गौरैया के बच्चों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाता और उनका जीवन खतरे में पड़ जाता है। मोबाइल टावरों से निकलने वाली सूक्ष्म तरंगों को भी गौरैया के लिए हानिकारक माना जाता है। ये तरंगें उनके नेविगेशन और प्रजनन क्षमता को प्रभावित करती हैं। यद्यपि इस पर वैज्ञानिक शोध अभी जारी हैं, लेकिन यह निश्चित है कि बढ़ता तकनीकी प्रदूषण पर्यावरण के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। जलवायु परिवर्तन भी गौरैया के अस्तित्व पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। असमय वर्षा, अत्यधिक तापमान और मौसम के अनियमित

**विश्व गौरैया दिवस**



बदलाव उनके जीवन चक्र को बाधित कर रहे हैं। इससे उनके प्रजनन और जीवन की स्थिरता प्रभावित होती है।

गौरैया का संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनहीनता का भी परिणाम है। हम धीरे-धीरे प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। हमारी प्राथमिकताएं बदल गई हैं और हमने अपने आसपास के जीवों के प्रति संवेदनशीलता खो दी है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि जब मनुष्य प्रकृति से कटता है, तो उसका अपना अस्तित्व भी संकट में पड़ जाता है। गौरैया का संरक्षण केवल एक पक्षी को बचाने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह हमारे पर्यावरण, हमारी संस्कृति और हमारी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। इसके लिए हमें छोटे-छोटे लेकिन प्रभावी कदम उठाने होंगे। सबसे पहले हमें अपने घरों और आसपास ऐसे स्थान बनाने होंगे, जहां गौरैया आसानी से घोंसला बना सके। आज बाजार में कृत्रिम घोंसले उपलब्ध हैं, जिन्हें घरों की बालकनी, दीवारों या पेड़ों पर लगाया जा सकता है। इसके साथ ही हमें नियमित रूप से दाना और पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। यह एक छोटी-सी पहल है, लेकिन इसका प्रभाव बहुत बड़ा हो सकता है। हमें अपने बगीचों और आसपास के क्षेत्रों में देशी पौधों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि कीट-पतंगों की संख्या बढ़े और गौरैया को प्राकृतिक भोजन मिल सके। जैविक खेती और रसायनों के कम उपयोग को अपनाकर भी हम इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

बच्चों में भी प्रकृति के प्रति प्रेम और संवेदनशीलता विकसित करना आवश्यक है। उन्हें यह समझाना होगा कि पक्षी केवल देखने की वस्तु नहीं, बल्कि हमारे जीवन के साथी हैं। यदि बचपन से ही यह भावना विकसित होगी, तो भविष्य में एक जागरूक और जिम्मेदार समाज का निर्माण संभव होगा। सरकार और सामाजिक संस्थाओं को भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। पक्षियों के संरक्षण के लिए ठोस नीतियां बनानी होंगी, शोध को बढ़ावा देना होगा और जन-जागरूकता अभियानों को व्यापक बनाना होगा। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक मंचों पर इस विषय को प्रमुखता से उठाना होगा। गौरैया हमें यह सिखाती है कि जीवन में सरलता, सामंजस्य और संतुलन कितना महत्वपूर्ण है। वह बिना किसी शोर-शराबे के अपने अस्तित्व को बनाए रखने की कोशिश करती है। लेकिन जब उसका अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाए, तो यह हमारे लिए चेतावनी है कि हमने कहीं न कहीं प्रकृति के साथ अन्याय किया है। आज आवश्यकता है कि हम अपनी सोच को बदलें। हम यह समझें कि यह धरती केवल हमारी नहीं है। यह सभी जीवों की साझी धरोहर है। यदि हम इसे केवल अपने स्वार्थ के लिए उपयोग करेंगे, तो एक दिन ऐसा आएगा जब हमारे पास कुछ भी शेष नहीं रहेगा।

विश्व गौरैया दिवस हमें यह अवसर देता है कि हम अपने भीतर झांकें और यह सोचें कि हम प्रकृति के प्रति कितने जिम्मेदार हैं। यह दिन केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक संकल्प का दिन होना चाहिए-एक ऐसा संकल्प, जिसमें हर व्यक्ति यह निश्चय करे कि वह अपने स्तर पर प्रकृति और जीवों की रक्षा के लिए प्रयास करेगा। यदि हर घर एक छोटा-सा आश्रय बन जाए, हर आंगन में दाना-पानी की व्यवस्था हो जाए और हर मन में संवेदनशीलता जाग जाए, तो गौरैया फिर से लौट सकती है। उसकी चहचहाहट फिर से हमारे जीवन में खुशियां भर सकती है। अंततः, गौरैया को बचाना हमारे अपने अस्तित्व को बचाना है। यह एक छोटा-सा कदम है, लेकिन इसके पीछे छिपा संदेश बहुत बड़ा है-प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर ही मानव जीवन सुरक्षित और सुखद हो सकता है। अब समय आ गया है कि हम जागें, समझें और अपने कर्तव्य का निर्वहन करें, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी गौरैया की मधुर चहचहाहट को सुन सकें और प्रकृति की इस अनमोल धरोहर को सहेज सकें।

# ईरान में युद्ध के बीच नेतृत्व की नई पीढ़ी, चुनौतियां और ज़िम्मेदारी

**ऐसे समय में सबसे पहली जिम्मेदारी देश के मौजूदा नेतृत्व पर आती है। वर्तमान हालात में राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान की भूमिका केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि एक समन्वयक की भी बन गयी है। उन्हें विभिन्न संस्थाओं के बीच तालमेल बनाने के साथ साथ जनता के बीच भरोसा कायम रखना होगा। संकट और युद्ध के समय में जनता का विश्वास ही किसी भी सरकार की सबसे बड़ी ताकत होता है।**

मध्य पूर्व के उथल-पुथल भरे परिदृश्य में ईरान इस समय एक ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई दे रहा है, जहाँ नेतृत्व, स्थिरता और भविष्य की दिशा तीनों एक साथ सवालों के घेरे में हैं। सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली ख़ामेनेई की मौत ने ईरान को हिला कर रख दिया। ख़ामेनेई के साथ साथ ईरान के कई और उच्च अधिकारी, नीति निर्धारक, सैन्य कमांडर भी इस युद्ध की भेंट चढ़ चुके हैं। सर्वोच्च नेता के निधन के बाद उनके बेटे मोज्तबा ख़ामेनेई को नया सुप्रीम लीडर बना कर ज़िम्मेदारी दी गयी, वहीं दूसरी ओर ईरान के दर्जन भर से अधिक पहली पंक्ति के जिन लोगों की हमलों में मौत हुयी है, उनकी जगह नये नेतृत्व को कमान देना ईरान के सामने मौजूदा युद्ध के दौरान बड़ी चुनौती है। कई शीर्ष सैन्य और राजनीतिक अधिकारियों के एक साथ मारे जाने के दावे और खबरों ने एक बड़े सवाल को जन्म दिया है। ईरान को हुयी अचानक शीर्ष नेतृत्व के बड़े हिस्से की क्षति उसकी राजनीतिक और संस्थागत संरचना इस झटके को संभाल पाएगी?



फरमान अब्बास मंजुल

दरअस्ल बाहर से देखने पर ईरान की सत्ता संरचना सुप्रीम लीडर पर टिकी नज़र आती है, लेकिन ऐसा है नहीं। यह कई संस्थाओं और शक्तिशाली व्यक्तियों के बीच संतुलन पर आधारित है। इसके शीर्ष पर सुप्रीम लीडर है, जिनकी भूमिका निर्णायक होती है, लेकिन उनके साथ-साथ राष्ट्रपति, संसद, न्यायपालिका, और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी), एक्सपीडिएंसी डिसर्नमेंट काउंसिल जैसी संस्थाएँ भी समान रूप से महत्वपूर्ण होती हैं।

ईरान को एक साथ जिन कई शीर्ष नेताओं के नुकसान की बात सामने आयी उसमें सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रमुख अली लारीजानी, इंटेलीजेंस मंत्री व प्रमुख इस्माइल ख़ातिब, आईआरजीसी प्रमुख मोहम्मद पकपुर, ईरान की परमाणु नीति सलाहकार अली शमख़ानी, रक्षा मंत्री अज़ीज़ नासेरज़ादेह, सेना प्रमुख अब्दोल रहीम मोसवी, बासीज़ प्रमुख ग़ुलाम रेज़ा सुलेमानी, उन्नत हथियार सलाहकार होसेन जबल आमेलियन, सेना गुप्तचर मुख्य अधिकारी सालेह असदी, सेना और सुप्रीम लीडर कोआर्डिनेटर मोहम्मद शीराज़ी, वायुसेना मुख्य अधिकारी मोहसिन दर्रेबाग़ी, इसके अलावा आईआरजीसी के वरिष्ठ अधिकारी बासिज कमांडर गुलामरेज़ा सुलेमानी के मारे जाने का भी दावा किया जा रहा है। ये वह नाम हैं जो केवल व्यक्तियों की क्षति नहीं, बल्कि एक देश के रूप में ईरान की निर्णय लेने की पूरी श्रृंखला को प्रभावित करेगी। जिससे सुरक्षा, खुफिया, रक्षा, कूटनीति और आंतरिक प्रशासन हर क्षेत्र में एक साथ रिक्तता पैदा हो सकती है। ऐसे समय में सबसे पहली जिम्मेदारी देश के मौजूदा नेतृत्व पर आती है। वर्तमान हालात में राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान की भूमिका केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि एक समन्वयक की भी बन गयी है। उन्हें विभिन्न संस्थाओं के बीच



तालमेल बनाने के साथ साथ जनता के बीच भरोसा कायम रखना होगा। संकट और युद्ध के समय में जनता का विश्वास ही किसी भी सरकार की सबसे बड़ी ताकत होता है।

ईरान की दूसरी पंक्ति के नेतृत्व की बात की जाये तो उसकी भूमिका इन हालात में और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। जिसमें कई अनुभवी नामों के साथ साथ युवा भी शामिल हैं जिन पर ईरान की नयी उम्मीद टिकी है। ऐसे में मोहम्मद बाग़ेर ग़ालीबाफ़ जो संसद के स्पीकर हैं, वे राजनीतिक सहमति और स्थिरता के केंद्र बन सकते हैं। संसद न केवल कानून बनाने का मंच है, बल्कि यह राजनीतिक वैधता का भी प्रतीक है। ग़ालिबाफ का अनुभव और नेटवर्क उन्हें इस भूमिका के लिए उपयुक्त बनाता है।

इसी तरह सादेक़ लारीजानी जो एक्सपीडिएंसी डिसर्नमेंट काउंसिल से जुड़े हैं, सत्ता संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। यह संस्था कई बार सुप्रीम लीडर और अन्य संस्थाओं के बीच सेतु का काम करती है। सादेक़ लारीजानी का धार्मिक और राजनीतिक अनुभव उन्हें एक संतुलनकारी चेहरा बनाता है। इसके अलावा सुरक्षा और सैन्य मामलों में होसेन दहग़ान जैसे नेता आगे आ सकते हैं। वे न केवल सैन्य रणनीति को समझते हैं, बल्कि राजनीतिक नेतृत्व के साथ तालमेल बैठाने की क्षमता भी रखते हैं। इसी तरह न्यायपालिका के प्रमुख ग़ोलाम होसेन मोहसेनी कानून और व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

हम ईरान के युवा नेतृत्व की ओर देखें, तो यह स्पष्ट होता है कि ईरान के पास संभावनाओं की कमी नहीं है। सईद मोहम्मद जैसे नेता जो आईआरजीसी से जुड़े रहे हैं विकास और प्रबंधन के नए मॉडल की बात करते हैं। वे संकट के समय में तेज और निर्णायक फैसले लेने की क्षमता रखते हैं। अलीरेज़ा ज़ेकानी जमीनी स्तर के नेता हैं और जनता से उनका सीधा जुड़ाव है। ऐसे नेता सामाजिक स्थिरता बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। कूटनीति के क्षेत्र में मेहदी सफ़ारी का किरदार महत्वपूर्ण हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय दबाव और क्षेत्रीय तनाव के बीच संतुलन बनाए रखना किसी भी देश के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, और यहाँ अनुभवी कूटनीतिज्ञों की जरूरत होती है। आर्थिक मोर्चे पर एहसन ख़ानदोज़ी जैसे नाम सामने आते हैं, जो आर्थिक नीतियों और सुधारों के जरिए देश को स्थिर रखने की कोशिश कर सकते हैं। तकनीकी और वैज्ञानिक क्षेत्र में रूहोल्लाह देहग़ानी फ़िरोज़ाबादी जैसे नेता भविष्य की दिशा तय कर सकते हैं। वहीं एशियाई खेलों में ईरान के लिये पदक विजेता खिलाड़ी से राजनेता बने हामिद सज्जादी ईरानी युवाओं के लिये नेतृत्व की उम्मीद बन सकते हैं। इसके अलावा इस नयी पंक्ति में अली निकज़द और मोहसेन रेज़ाई जैसे नाम भी शामिल हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। ईरान के पास की अगली पंक्ति के नेताओं की लंबी फ़ेहरिस्त है जिससे यह इशारा मिलता है कि उसके पास आने वाले नेतृत्व का एक व्यापक आधार मौजूद है।

लेकिन असली चुनौती केवल नामों की नहीं है, बल्कि उनके बीच तालमेल की है। क्या ये सभी नेता एक साझा दृष्टिकोण पर काम कर पाएंगे ? क्या वे संस्थागत ढांचे को मजबूत बनाए रखते हुए नई परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाल पाएंगे ? यही सवाल भविष्य की दिशा तय करेंगे। संभावना यह भी है कि नये सुप्रीम लीडर मोज्तबा ख़ामेनेई के नीचे ईरान का नेतृत्व मॉडल धीरे-धीरे बदलता हुआ दिखाई दे। हालांकि यह बदलाव आसान नहीं होगा, लेकिन बदलते वैश्विक और क्षेत्रीय हालात और ईरान में अनुभवी लीडरशिप के मारे जाने के बाद की परस्तिथियां इसे आवश्यक बना सकती हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि ईरान अपने नेतृत्व ढांचे को और नई पंक्ति की लीडरशिप से मजबूत, लचीला और समन्वित बनाने की जरूरत महसूस कर रहा है। जिसमें अनुभवी नेताओं का अनुभव और युवा नेतृत्व की ऊर्जा का संतुलन शामिल हो। जो उसे इस संकट से बाहर निकाल सकता है।

# पानी की राह में खड़ी अपनों की दीवारें

**बिहार में 'हर घर नल का जल' योजना की शुरुआत 2016 में सात निश्चय कार्यक्रम के तहत की गई थी। इसका उद्देश्य था कि हर ग्रामीण और शहरी घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके बाद 2019 में केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन ने इस प्रयास को और गति दी। आंकड़ों के अनुसार, बिहार में 2016 से पहले ग्रामीण घरों में नल जल की पहुंच बहुत कम लगभग 1-2 प्रतिशत के आसपास थी। लेकिन 2024 तक राज्य सरकार के दावों के अनुसार यह आंकड़ा बढ़कर 95 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच गया है।**

अक्सर योजनाओं की लेटलतीफी पर हम सरकार और सरकारी कर्मचारियों के ढुलमुल रवैये को कोसना शुरू कर देते हैं। लेकिन हमेशा यही हो, यह सच नहीं होता है। कई बार सरकार और संबंधित विभाग मुस्तैदी से अपना काम तो करता है, लेकिन सामाजिक जागरूकता की कमी उसकी राह में सबसे बड़ी रुकावट बन जाती है। ऐसी ही एक रुकावट नल जल योजना में भी देखने को मिल रही है। जहां लोग निजी स्वार्थ की वजह से पाइप बिछाने के लिए अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं होने दे रहे हैं। बिहार का नरौला गांव इसका उदाहरण बन गया है। राज्य के मुजफ्फरपुर जिला के मुसहरी ब्लॉक स्थित यह गाँव किसी नक्शे पर भले एक छोटा सा बिंदु लगे, लेकिन यहां की समस्या अपने आप में बहुत बड़ी है। यह कहानी है उन ग्रामीण घरों की, जो मुख्य सड़क से थोड़ा अंदर बसे हैं, और उन औरतों की, जिनकी सुबह अब भी मटके और बाल्टियों के बोझ से शुरू होती है। भले ही सरकार ने हर घर तक नल से जल पहुंचाने का सपना दिखाया है, लेकिन इस गांव में यह सपना अभी भी पूरा नहीं हो पाया है और वजह है जमीन के छोटे-छोटे टुकड़ों पर खड़ी बड़ी-बड़ी दीवारें।



मनीषा कुमारी

इस गांव की गलियों से गुजरते हुए यह साफ महसूस होता है कि जिन घरों तक अभी भी पानी का पाइप नहीं पहुंचा है, वहां की महिलाएं आज भी सुबह-सुबह कई किमी दूर से पानी ढो कर लाती हैं। सिर पर घड़ा और हाथों में बाल्टी लेकर पैदल चलना उनकी ज़िंदगी का एक अभिशाप बन गया है। यह काम सिर्फ शारीरिक मेहनत नहीं, बल्कि समय और ऊर्जा की भी बड़ी खपत है। एक दिन में कई चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे उनका बाकी काम, बच्चों की देखभाल, और खुद का स्वास्थ्य सब प्रभावित होता है।

सोचिए, जब एक महिला रोज़ 2-3 घंटे सिर्फ पानी लाने में लगा देती है, तो उसके जीवन के कितने अवसर उससे छिन जाते हैं। वह समय जो वह अपने बच्चों की पढ़ाई में दे सकती थी, या खुद कुछ नया सीख सकती थी, वह सब पानी के बोझ में दब जाता है। लंबे समय तक भारी वजन ढोने से उनके शरीर पर भी असर पड़ता है और वह कमर दर्द, थकान, और कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने लगती हैं। यह सिर्फ एक सुविधा की कमी नहीं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है।

यहां सबसे दर्दनाक बात यह है कि यह समस्या संसाधनों की कमी से नहीं, बल्कि आपसी असहयोग से पैदा हुई है। जिन लोगों की जमीन से पाइप गुजरनी थी, उन्होंने अपने



निजी कारणों से मना कर दिया। शायद उन्हें डर है कि उनकी ज़मीन पर स्थायी कब्जा हो जाएगा, या फिर उन्हें कोई सीधा लाभ नहीं दिखता। लेकिन इस फैसले का असर सिर्फ उनके घर तक सीमित नहीं रहता बल्कि पूरा मोहल्ला इसकी कीमत चुकाता है। बिहार में 'हर घर नल का जल' योजना की शुरुआत 2016 में सात निश्चय कार्यक्रम के तहत की गई थी। इसका उद्देश्य था कि हर ग्रामीण और शहरी घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके बाद 2019 में केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन ने इस प्रयास को और गति दी। आंकड़ों के अनुसार, बिहार में 2016 से पहले ग्रामीण घरों में नल जल की पहुंच बहुत कम लगभग 1-2 प्रतिशत के आसपास थी। लेकिन 2024 तक राज्य सरकार के दावों के अनुसार यह आंकड़ा बढ़कर 95 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच गया है। सुनने में यह किसी जीत की कहानी जैसा लगता है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे थोड़ी अलग है।

मुजफ्फरपुर के ग्रामीण इलाकों, खासकर मुसहरी ब्लॉक में, यह योजना पूरी तरह अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई है। कई गांवों में पाइप तो बिछी है, लेकिन पानी नहीं आता, कहीं टंकी बनी है लेकिन मोटर खराब है, और कहीं नरौला जैसे गांव भी हैं जहां पाइपलाइन ही अधूरी है क्योंकि लोगों ने अपनी जमीन देने से मना कर दिया। यह विरोध किसी आंदोलन के रूप में नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत स्वार्थ और असुरक्षा की भावना से उपजा है मैं अपनी जमीन क्यों दूँ? इस व्यक्तिगत और स्वार्थी सवाल ने पूरे गांव के विकास को ठप्प कर दिया है। सरकार की योजनाएं तभी सफल हो सकती हैं, जब समाज भी उसमें भागीदारी दिखाए। सिर्फ पाइप, टंकी और मोटर लगा देने से पानी हर घर तक नहीं पहुंचता, इसके लिए जरूरी है कि लोग एक-दूसरे के लिए थोड़ा सा स्थान छोड़ें। सिर्फ जमीन का नहीं, सोच का भी। नरौला गांव में आज सबसे बड़ी जरूरत तकनीक या पैसे की नहीं, बल्कि आपसी समझ और सहयोग की है।

अगर हम मुजफ्फरपुर जिले में नल जल योजना की प्रगति का आकलन करें तो औसतन अच्छी मानी जाएगी, लेकिन कई गांवों में लास्ट माइल कनेक्टिविटी अब भी एक बड़ी चुनौती है। यानी, मुख्य पाइपलाइन तो पहुंच गई, लेकिन हर घर तक उसका विस्तार नहीं हो पाया। यही वह आखिरी कड़ी है, जहां योजनाएं अटक जाती हैं। नरौला गांव इस समस्या का एक उदाहरण है। यह स्थिति हमें सीख देती है कि विकास सिर्फ सरकार का काम नहीं, यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। जब तक हम 'मैं' से आगे बढ़कर हम की सोच नहीं अपनाएंगे, तब तक कोई भी योजना पूरी तरह सफल नहीं हो सकती। एक छोटी सी ज़मीन का टुकड़ा अगर किसी के जीवन को आसान बना सकता है, तो उसे रोकना सिर्फ एक व्यक्तिगत फैसला नहीं, बल्कि एक सामाजिक बाधा बन जाता है। अंत में, यह सवाल हम सबके सामने खड़ा होता है कि क्या हम अपनी छोटी-सी सुविधा के लिए किसी और की बड़ी जरूरत को नजरअंदाज कर सकते हैं? या फिर हम थोड़ा सा त्याग करके किसी के जीवन में राहत ला सकते हैं? अगर नरौला गांव के लोग अपनी जमीन का थोड़ा सा हिस्सा पाइपलाइन के लिए देने को तैयार हो जाएं, तो न सिर्फ पानी उनके पड़ोसियों तक पहुंचेगा, बल्कि एक मिसाल भी कायम होगी कि जब समाज साथ खड़ा होता है, तो विकास अधूरा नहीं रह सकता है।

# कान्हा की नगरी अब बनेगी इंडस्ट्रियल हब

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के साथ-साथ औद्योगिक विकास की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। 'कान्हा की नगरी' मथुरा, जो अब तक अपनी आध्यात्मिक पहचान के लिए जानी जाती थी, अब 'प्लेज' योजना के जरिए औद्योगिक हब के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है। इस योजना के तहत निजी निवेश को बढ़ावा देकर हजारों रोजगार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं।

सरकार की प्रमोटिंग लीन मैन्युफैक्चरिंग एंड एंटरप्राइज डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत मथुरा के जैंत क्षेत्र में 'वृंदावन इंडस्ट्रियल प्लेज पार्क' का निर्माण तेजी से चल रहा है। यह पार्क वृंदावन डेवलपर एंड इंडस्ट्रियल प्रमोटर द्वारा 17.5 एकड़ निजी भूमि पर विकसित किया जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत 4.37 करोड़ रुपये है। इस आधुनिक औद्योगिक पार्क में कुल 61 प्लॉट तैयार किए जा रहे हैं, जहां सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को प्राथमिकता दी जाएगी। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए सरकार ने डेवलपर्स को बड़ी राहत दी है। योजना के तहत पार्क विकसित करने वाले उद्यमियों को मात्र 1त्न वार्षिक ब्याज दर पर ऋ्रण उपलब्ध कराया जा रहा है।

■ 'प्लेज' योजना से मथुरा में उद्योगों की नई क्रांति



उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह के अनुसार, सरकार का उद्देश्य निजी भागीदारी के जरिए मजबूत औद्योगिक ढांचा तैयार करना है। जैंत क्षेत्र की लोकेशन दिल्ली-आगरा हाईवे के पास होने के कारण उद्योगों के लिए बेहद उपयुक्त मानी जा रही है। इस सुविधा से सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं का तेजी से विकास हो रहा है। वृंदावन के जैंत क्षेत्र में विकसित हो रहा यह औद्योगिक क्लस्टर मुख्य रूप से मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स पर आधारित होगा। इससे स्थानीय स्तर पर कुशल और अकुशल दोनों प्रकार के श्रमिकों को रोजगार मिलेगा। सरकार का मानना है कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और युवाओं का बड़े शहरों की ओर पलायन भी कम होगा। गौरतलब है कि 'प्लेज' योजना के तहत उत्तर प्रदेश के कई जिलों–झांसी, हापुड़, संभल, अलीगढ़, सहारनपुर, कानपुर देहात, बागपत, बरेली, गाजियाबाद, मेरठ, बाराबंकी, लखनऊ, वाराणसी, चंदौली, एटा आदि में निजी औद्योगिक पार्क विकसित किए जा रहे हैं।

# शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन से देश में होगा जनसेवा का कार्य

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज शास्त्री ने समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी शुरू कर दी है। वह देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के परपोते हैं। इसके अलावा वह फतेहपुर के पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री हरिकृष्ण शास्त्री के पोते और विभाकर शास्त्री के पुत्र हैं।

विराज शास्त्री ने बताया कि वह अपने दादा पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा फतेहपुर के पूर्व सांसद स्वर्गीय हरिकृष्ण शास्त्री के सपनों को साकार करने के लिए समाज सेवा के क्षेत्र में उतरे हैं। उन्होंने फाउंडेशन के माध्यम से पूरे देश में जनहित से जुड़े कार्य करने की बात कही है, जिससे लोगों को सुविधा और राहत मिल सके। उन्होंने अपनी समाज सेवा की शुरुआत फतेहपुर जनपद के हसवा ब्लॉक के कुसुंभी गांव से की है। यहां ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आरओ प्लांट की स्थापना कराई जा रही है, जिसका भूमिपूजन भी किया जा चुका है। विराज शास्त्री ने बताया कि आगामी 21 और 22 मार्च को नगर पालिका परिषद फतेहपुर क्षेत्र में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप ईसाइन पुरवा वार्ड और कलेक्टरगंज वार्ड के जयराम नगर में लगाया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 मार्च को जयराम नगर में तथा 22 मार्च को ईसाइन पुरवा में कैंप का आयोजन होगा। फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस निःशुल्क कैंप में सामान्य बीमारियों की जांच के साथ-साथ आंखों की जांच और उपचार की भी व्यवस्था रहेगी। मरीजों को दवाएं दी जाएंगी और आगे चलकर चश्मों का वितरण भी किया जाएगा।

# इंडियनऑयल मथुरा रिफाइनरी ने ज़िले के युवाओं को बनाया सशक्त

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** इंडियनऑयल मथुरा रिफाइनरी क्षेत्र के युवाओं के चेहरे पर मुस्कान लेकर आई है। मथुरा जिले के 44 युवाओं ने सीपेट, लखनऊ में आयोजित तीन महीने का रोजगारोन्मुखी कौशल विकास आवासीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है और विभिन्न कंपनियों में रोजगार पाया है। 18 मार्च 2026 को मथुरा रिफाइनरी नगर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान श्री मुकुल अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, मथुरा ने सभी युवाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और उनके ऑफर लेटर प्रदान किए।

इंडियनऑयल ने केंद्रीय पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीपेट) के साथ एक समझौता किया था, जिसके तहत सीएसआर के अंतर्गत तीन महीने का रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया।




■ लखनऊ के सहयोग से युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान कर दिलवाया रोजगार

इस पहल के तहत मथुरा रिफाइनरी ने मथुरा जिले और आसपास के क्षेत्रों के 80 युवाओं को पूर्ण सहायता प्राप्त आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में दो ट्रेडों - सहायक मशीन ऑपरेटर (प्लास्टिक प्रोसेसिंग) और सहायक मशीन ऑपरेटर (इंजेक्शन मोल्डिंग) के पाठ्यक्रम शामिल थे। इस बैच में मथुरा ज़िले के 44 युवा, जिनमे पांच युवतियां भी शामिल थीं, सभी ने अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस बैच को दिसंबर 2025 में श्री मुकुल अग्रवाल द्वारा रिफाइनरी नगर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था और प्रशिक्षण मार्च 2026 में सफलतापूर्वक संपन्न हुआद्य प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, सभी अभ्यार्थी मथुरा रिफाइनरी में फिर से एकत्रित हुए और अपने अनुभव साझा किए। साथ ही अपने प्रमाण पत्र और जॉब ऑफर लेटर प्राप्त किए। लाभार्थियों को हरियाणा की एजी इंडस्ट्रीज, महाराष्ट्र की न्यू टेक प्रो और गुजरात की शैली इंजीनियरिंग प्लास्टिक लिमिटेड में नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं।

# ब्रजभाषा साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**जयपुर /मथुरा।** ब्रजभाषा साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर ब्रज के युवा साहित्यकार एवं कवि गौरव गोस्वामी को जयपुर में राजस्थान दिवस महोत्सव के अवसर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी, जवाहर कला केंद्र एवं पोद्दार संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

गुरुवार को राजस्थान दिवस 2026 के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू मार्ग स्थित जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में सिविल लाइंस क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा, राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी की सचिव डॉ. लता श्रीमाली एवं पोद्दार संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आनंद पोद्दार ने गौरव गोस्वामी को ब्रजभाषा साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष रूप से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

■ राजस्थान दिवस पर जयपुर में ब्रज के युवा कवि गौरव गोस्वामी सम्मानित

नंदगांव स्थित नंदबाबा मंदिर के सेवायत तथा बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक के रूप में कार्यरत गौरव गोस्वामी ब्रज के युवा साहित्यकार एवं कवि के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। इस अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि साहित्य संस्कृति का पोषक होता है और युवाओं को अपनी संस्कृति के संरक्षण के लिए इसी तरह आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान ब्रजभाषा कवि एवं साहित्यकार सम्मान समारोह के साथ काव्य पाठ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं फूलों की होली जैसे मनमोहक आयोजन भी हुए, जिन्होंने कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया।

# प्रदेशीय जूडो प्रतियोगिता में तीन छात्राएं ने प्राप्त किये पदक

**मथुरा।** युवा कल्याण विभाग द्वारा विद्या विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित हुई प्रदेशीय जूडो प्रतियोगिता में जनपद की ओर से आगरा मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए श्री राधा कृष्ण इंटर कॉलेज उस्फार मथुरा की तीन छात्राएं कुमकुम हेमलता ने तृतीय तथा प्रवेश ने दूसरा स्थान प्राप्त करके रजत पदक जीता। जनपदीय क्रीड़ा समिति (माध्यमिक शिक्षा)सचिव व श्री राधा कृष्ण इंटर कॉलेज उस्फार के प्रधानाचार्य डॉ. पदम सिंह कौन्तेय ने बताया कि प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में कुमकुम ने 28 किग्रा,हेमलता ने 57 किग्रा में तृतीय प्राप्त करके कॉस्य और प्रवेश ने 52 किलोग्राम में द्वितीय स्थान प्राप्त करके रजत पदक जीता। उन्होंने बताया कि तीनों ही छात्राएं जूडो कोच देवेंद्र सिंह के निर्देशन में अभ्यास करती हैं। छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर माध्यमिक शिक्षा विभाग आगरा मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. मुकेश चंद्र अग्रवाल, डायट प्रवक्ता हरेश कुमार आदि लोगों ने बधाई दी हैं।

## फसलों पर पड़ी कुदरत की मार

# गेहूं और सरसों की तैयार फसलें खेतों में बिछीं

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जनपद में बुधवार देर शाम अचानक बदले मौसम के मिजाज ने ग्रामीण क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। भीषण धूल भरे अंधड़ और उसके बाद हुई मूसलाधार बारिश गरीब परिवारों के लिए काल बनकर आई। कहीं आशियाने उजड़ गए तो कहीं साल भर की मेहनत (फसलें) मिट्टी में मिल गई। सबसे दर्दनाक हादसा कस्बा चौमुहां के जाटव मोहल्ला में हुआ, जहां एक मकान की छत गिरने से पिता और उनके तीन मासूम बच्चे मलबे में दबकर लहूलुहान हो गए।

जानकारी के अनुसार चौमुहां निवासी राजू पुत्र छिद्दी बुधवार शाम को अपने बच्चों के साथ कमरे में थे तभी तेज आंधी के दबाव से मकान की छत ताश के पत्तों की तरह भरभरा कर गिर गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मूसलाधार बारिश के बीच ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर मलबे को हटाया और दबे हुए राजू, नहना, नितेश और बबीता को बाहर निकाला। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है और घर का सारा राशन व सामान नष्ट हो गया है। तूफान की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले 12 घंटों से जिले के कई ग्रामीण इलाकों की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप है।



■ 12 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप, जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त

## संक्षिप्त समाचार

### ठगी का शिकार हुई महिला, चंपत हुआ बदमाश

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** ठगी का एक मामला फिर सामने आया है, जहां एक शातिर बदमाश ने महिला को अपनी बातों में फंसाकर नकली गहने बेच दिए और मौके से चंपत हो गया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के गांधीनगर निवासी रजिया खातून ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी जिसमें बताया कि सुबह करीब 6 बजे वह कानपुर जाने के लिए कोंच बस स्टैंड पहुंची थी। इसी दौरान वहां एक व्यक्ति मिला, जिसने अपना नाम अजमेरी बताया। आरोपी ने महिला को बताया कि उसकी पत्नी गंभीर रूप से बीमार है और इलाज के लिए उसे तत्काल पैसों की जरूरत है। उसने अपनी पत्नी की चांदी की पायल और सोने की अंगूठी बेचने की बात कही। उसकी मजबूरी देखकर महिला उसके झांसे में आ गई और 10 हजार रुपये देकर गहने खरीद लिए। बाद में जब महिला ने गहनों को एक सुनार को दिखाया, तो पता चला कि पायल और अंगूठी दोनों ही नकली हैं। इसके बाद महिला को ठगी का एहसास हुआ।



### प्रशिक्षण में 30 किशोरियों ने की सहभागिता

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** इनिशिएटिव फाउंडेशन द्वारा गर्ल्स कम्युनिटी लीडर्स के लिए मानवाधिकार एवं विकास में जेंडर की भूमिका विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण (18-19 मार्च) कार्यक्रम का आयोजन बुद्धेश्वर, लखनऊ में किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 30 किशोरियों ने सहभागिता की। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को जागरूक, जिम्मेदार और सक्षम नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार करना था, ताकि वे अपने परिवार और समुदाय में सामाजिक न्याय, लैंगिक समानता तथा अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

# रेलवे कालोनियों में मिलेगा पाइप्ड नेचुरल गैस

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे के पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल और गेल गैस लिमिटेड के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत रेलवे कॉलोनियों में पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, जिससे रेलवे कर्मचारियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक ईंधन उपलब्ध हो सकेगा।

इस योजना के अंतर्गत पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर में लगभग 4000 रेलवे आवासों में पीएनजी सप्लाई शुरू की जाएगी। साथ ही सभी रनिंग रूम में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त डीडीयू जंक्शन पर कार्यरत वेंडरों एवं रेलवे वर्कशॉप में भी इस सुविधा का लाभ मिलेगा, जिससे उनके कार्य में सुविधा, सुरक्षा और दक्षता बढ़ेगी।

■ महत्वपूर्ण समझौते पर किए गए हस्ताक्षर



इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सूरज कुमार (वरीय मंडल अभियंता-समन्वय, डीडीयू), अजय कुमार (मंडल अभियंता- मुख्यालय, डीडीयू) तथा गेल गैस लिमिटेड के डिप्टी जनरल मैनेजर एवं ऑफिसर इनचार्ज रणधीर कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। साथ ही गेल गैस लिमिटेड की ओर से चीफ मैनेजर अजय सेठी एवं सीनियर मैनेजर श्रीकांत राउत (गेल गैस/डीडीयू) भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

अधिकारियों ने बताया कि यह पहल रेलवे कॉलोनियों में आधुनिक सुविधाओं को बढ़ावा देने और पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पीएनजी कनेक्शन से न केवल रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी, बल्कि यह पारंपरिक ईंधनों की तुलना में अधिक सुरक्षित, किफायती और पर्यावरण के लिए बेहतर भी साबित होगा।

विशेष रूप से यह जानकारी दी गई कि रेलवे कर्मचारियों से पीएनजी कनेक्शन हेतु कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं लिया जाएगा। गेल गैस के अधिकारियों द्वारा यह भी बताया गया कि परियोजना का प्रथम चरण जून माह के द्वितीय सप्ताह तक कार्यरत होने की संभावना है।

# मथुरा में यमुना तट पर हुआ व्यवस्थाओं का रियालिटी चेक

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** गुरुवार को नव संवत्सर और हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर मथुरा-वृंदावन विधायक एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने यमुना के विभिन्न घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। गऊघाट से विश्राम घाट तक पैदल भ्रमण करते हुए विधायक ने न केवल व्यवस्थाओं की नब्ज टटोली, बल्कि अधिकारियों को दो-टूक शब्दों में निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान श्रीकांत शर्मा ने सुरक्षा, प्रकाश और विशेष रूप से स्वच्छता अभियान का जायजा लिया। उन्होंने घाटों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन को निर्देशित किया कि प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा घेरा पूरी तरह अभेद्य होना चाहिए। विधायक ने कहा यमुना हमारी आस्था का प्रतीक है। देश-विदेश से श्रद्धालु यमुना तट पर आते हैं। हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि हर भक्त यहाँ से एक सुखद अनुभव लेकर जाए।

■ विधायक श्रीकांत शर्मा ने परखीं तैयारियाँ, सफाई कर्मियों को दिया सम्मान

वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया विधायक श्री कांत शर्मा ने नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि शहर को सुंदर बनाए रखने में इनका योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। इसके पश्चात, उन्होंने विधि-विधान से यमुना पूजन कर ब्रज और प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। एवं निरीक्षण के दौरान मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को विधायक ने स्पष्ट किया कि सफाई व्यवस्था निरंतर बनी रहनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि त्योहारों के दौरान भीड़ प्रबंधन और बुनियादी सुविधाओं को समय रहते सुदृढ़ कर लिया जाए ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

# सूर्य व चन्द्र प्रकृति आधारित है हिन्दू पंचाग : मनोज

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** शक्ति उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रि के साथ नववर्ष विक्रमी संवत 2083 के शुभागमन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वर्ष प्रतिपदा का पर्व धूमधाम से पूरे देश में मनाया जा रहा है। इसे लेकर वर्ष प्रतिपदा के पूर्व संध्या पर संघ विशाल पथ संचलन का आयोजन 18 मार्च बुधवार को श्रीरामलीला लंका मैदान में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी स्वयंसेवक ने संघ के संस्थापक डा.केशव बलिराम हेडगेवार को आद्य सर संघचालक प्रणाम करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पूर्वी क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख मनोज ने अपने उदबोधन बताया कि नववर्ष की परम्परा आदि अनन्त काल से चली आ रही है। प्रकृति पर आधारित सूर्य व चन्द्र के गणना पर आधारित हिन्दू पंचाग है जो पूरे विश्व मे सास्वत है। इसकी गणना



कभी गलत व भ्रामक नही होती है। जो युगाब्ध, विक्रमी सम्वत पर आधारित है। इसी गणना के आधार पर वर्ष प्रतिपदा प्रत्येक वर्ष चैत्र माह के प्रथम दिन मनाया जाता है और सम्पूर्ण भारत मे एक साथ मनाय जाता है। हमारी भारतीय संस्कृति को लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति ने भारी नुकशान पहुचाया और भारत में अग्रेजी पद्धति के कानवेन्ट स्कूल के माध्यम से भारतीय संस्कृति व परम्परा को धवस्त करने का काम किया। कार्यक्रम मे जिला धर्म जागरण प्रमुख प्रेमशंकर ओझा के निधन पर दो मिनट का मौन रख श्रद्धाजलि अर्पित किया गया।

विशाल पथ संचलन कार्यक्रम श्रीरामलीला लंका मैदान से प्रारम्भ होकर लंका चुंगी होते हुए सिंचाई विभाग चौराहा होते हुए सरयू पाण्डेय पार्क कचहरी होते हुए अफीम फैक्ट्री, महुआबाग, दुर्गाचौक सकलेनाबाद, जेलगेट होते हुए श्रीराम लीला लंका मैदान में समापन हुआ। कार्यक्रम के अन्त में संघ प्रार्थना व ध्वज प्रणाम किया गया। कार्यक्रम में विभाग संघचालक सचिदानन्द, जिला संघचालक जयप्रकाश, सह विभाग प्रचारक प्रेमप्रकाश, जिला प्रचारक प्रभात, नगर प्रचारक विक्रम आदि उपस्थित रहे।

# निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग का अध्यक्ष बनने पर सांसद ने दी बधाई



अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाये जाने पर भदोही के बीजेपी सांसद डॉ विनोद बिंद व प्रमुख समाजसेविका रीना बिंद ने दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात कर बधाई व शुभकामनाये प्रेषित की। डॉ बिंद ने कहा कि हमे पूर्ण विश्वास है कि आपका अनुभव, समर्पण और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता, सर्वांगीण विकास व दीर्घ अनुभव का लाभ निश्चित रूप से राष्ट्रीय आयोग को मिलेगा जिससे देश मे पिछड़ा वर्ग के हितों के संरक्षण को मजबूती मिलेगी। वहीं प्रमुख समाजसेविका रीना बिंद ने भी पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है की आपके दीर्घ राजनीतिक अनुभव, सामाजिक समर्पण एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता से आयोग को नई दिशा एवं सशक्त नेतृत्व प्राप्त होगा।

# परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई, पांच वाहन सीज

**उरई (जालौन)।** जनपद में बिना कागजों के फर्राटे भरते वाहनों पर परिवहन विभाग का डंडा चला। एआरटीओ विनय पांडे की अगुवाई में ऐसे वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब पांच वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

इस विशेष अभियान के दौरान एआरटीओ ने स्कूल परिवहन में लगे तीन मैजिक वाहनों को पकड़ लिया जिनके पास जरूरी प्रपत्र नहीं थे। ये वाहन बगैर फिटनेस, परमिट और बीमा के ही स्कूली बच्चों को ढो रहे थे। एआरटीओ ने इसे नियमों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए तत्काल संबंधित मैजिक वाहन सीज कर दिए। इसके अलावा दो ट्रैक्टर-ट्राली को भी पकड़ा गया जो अवैध रूप से मिट्टी ढोने का काम कर रहे थे। जांच में सामने आया कि इन ट्रैक्टरों के पास भी कोई वैध प्रपत्र मौजूद नहीं थे। नियमों की अनदेखी किए जाने पर एआरटीओ ने दोनों ट्रैक्टर सीज कर दिए। सीज किए गए सभी वाहन मंडी पुलिस चौकी में खड़े करा दिए गए हैं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 61 कन्याओं के हाथ पीले हुए



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत निर्धन पात्र कन्याओं का विवाह सम्मेलन नवीन कृषि गल्ला मंडी परिसर में आयोजित किया गया जिसमें 61 कन्याओं के हाथ पीले कराए गए और सभी नवयुगलों को अतिथियों ने आशीर्वाद दिया। मुख्य अतिथि उरई सदर ने कहा, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में समाज के कमजोर वर्ग की शादियां बड़े ही सम्मानजनक तरीके से हो रहीं हैं और जोड़ों को आर्थिक इमदाद के साथ साथ उपहार भेंट किए जा रहे हैं। फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाने में इस तरह के विवाह मील के पत्थर साबित हो रहे हैं।

ब्लॉक कार्यालय कोंच द्वारा पूर्व से चयनित 64 कन्याओं में से 53 और नगर पालिका कार्यालय कोंच द्वारा चयनित 9 में से 8 यानी कुल 73 के सापेक्ष 61 कन्याओं की शादी संपन्न हुई। जबकि कुछ कन्याएं अलग-अलग कारणों से उपस्थित नहीं हो सकीं। उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक के पुत्र जितेंद्र उर्फ आशु निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख कोंच रानी देवी, प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र निरंजन शीलू पड़री आदि के आतिथ्य में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सभी जोड़ों के विवाह विद्वतजनों द्वारा उच्चारित वैदिक मंत्रों के बीच संपन्न हुए। जयमाल से लेकर सात फेरे सहित सारी वैवाहिक रस्में पूरी की गई। सभी जोड़ों को वैवाहिक प्रमाण पत्र व शासन द्वारा प्रदत्त कुछ जेवर और घर गृहस्थी का सामान भेंट किया गया। अतिथियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की और कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों से गरीब कन्याओं सहित उनके माता पिता के चेहरों पर मुस्कान लाने और उन्हें आर्थिक परेशानी से राहत पहुंचाने के लिए सरकार का यह सराहनीय कार्य है।

■ गल्ला मंडी में हुआ कार्यक्रम

# पुलिस लाइन में होम्योपैथिक पेरिफेरल ओपीडी-3 शुरू



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र राजपूत एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के द्वारा पुलिस लाइन परिसर में पेरिफेरल ओ.पी.डी.-3 का शुभआरंभ किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने होम्योपैथिक दवाओं की महत्ता एवं रोगों को जड़ से ठीक करने की विशेषता के बारे मे बताते हुए कहा कि यह एक समग्र चिकित्सा विधा है। डॉ राजेंद्र राजपूत ने जन सामान्य से इस चिकित्सा सुविधा का लाभ लेने की अपील की। यह ओपीडी में सेवाएं सुबह 10 बजे से1 बजे तक ली जा सकती है। मौसमी रोगों, सामान्य उपचार यहां उपलब्ध रहेगा। गंभीर जीर्ण रोगी रोजा स्थित अस्पताल प्रतिदिन में प्रतिदिन दिखा सकते हैं।

इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉ.अतुल श्रीवास्तव, इंटर्न प्रभारी डॉ.अवधेश प्रताप सिंह, प्रवक्ता डॉ. प्रणेश कुमार सिंह, हाउस फिजिशियन डॉ. आनंद दुबे, डॉ. ए पी सिंह एवं कॉलेज के इंटर्न, आर आई श्री शर्मा अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# नौ दिवसीय मेले में उमड़ी भीड़

■ विभागीय स्टॉलों पर योजनाओं की जानकारी और जादू शो बना आकर्षण का केंद्र



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय विकास मेले का दूसरा दिन गुरुवार को आईटीआई फतेहपुर परिसर में उत्साह और जागरूकता के माहौल के बीच संपन्न हुआ। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और उनसे मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जाना। ज्ञात हो कि इस मेले का उद्घाटन 18 मार्च 2026 को प्रभारी मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया था। इसके तहत लगातार नौ दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन कृषि विभाग, आयुष विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सिंचाई विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सूचना विभाग, आवास विभाग, बैंकिंग संस्थान एवं उद्योग विभाग सहित कई विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे किसान कल्याण योजनाएं, स्वास्थ्य सेवाएं, पेंशन योजनाएं, आवास योजनाएं, स्वरोजगार योजनाएं आदि के बारे में जानकारी दी। कई स्थानों पर लोगों की समस्याएं भी सुनी गई और उन्हें मौके पर ही समाधान का आश्वासन दिया गया। मेले का प्रमुख आकर्षण सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा नामित सांस्कृतिक दल ÷श्रीमंत रूपेश जादूगर एंड पार्टी÷ का जादू कार्यक्रम रहा। इस कार्यक्रम के माध्यम से कलाकारों ने मनोरंजक अंदाज में प्रदेश सरकार के 09 वर्षों की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। खासकर छात्र-छात्राओं ने इस प्रस्तुति को काफी सराहा और तालियों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मेले में न केवल जानकारी और जागरूकता का माहौल देखने को मिला, बल्कि यह कार्यक्रम लोगों के लिए मनोरंजन का भी माध्यम बना। आयोजन स्थल पर दिनभर चहल-पहल बनी रही और विभिन्न वर्गों के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रशासन की ओर से मेले को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। आने वाले दिनों में भी इसी प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास जारी रहेगा।

## द वूमेन एंटरप्रेन्योर में योगदान से विश्व मंच पर बढ़ा गौरव

प्रयागराज। साहित्य और सृजन की दुनिया में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ गया जब रचनाकार डॉ सीमा जैन का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित पुस्तक अग्रणी÷ द वूमेन एंटरप्रेन्योर से जुड़कर विश्व मंच पर प्रतिष्ठित हुआ। इस पुस्तक को राष्ट्रपति भवन में विशेष स्थान प्राप्त हुआ। 13 मार्च को राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले पर्पल फेस्ट में इस पुस्तक को प्रदर्शित किया गया। अब यह पुस्तक संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करने में सफल रही। विश्व प्रसिद्ध हार्वर्ड यूनिवर्सिटी एवं हुआ यूनिवर्सिटी की लाइब्रेरी में यह पुस्तक रखी जाएगी। इस बहुचर्चित पुस्तक को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन एवं यूनिक वर्ल्ड रिकॉर्ड लिमिटेड द्वारा प्रमाणित किया गया है जो इसकी गुणवत्ता और वैश्विक महत्व को दर्शाता है। विशेष रूप से यह उपलब्धि इसलिए और भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि यह पुस्तक संयुक्त राष्ट्र संघ से संबद्ध संस्थाओं द्वारा मान्यता प्राप्त है।

# 1 से 30 अप्रैल तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

■ डीएम ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए कड़े निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर कार्यरत आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही एमओआईसी को आशा डायरी और रूटीन रजिस्टर का निरीक्षण करने तथा गांवों में भ्रमण कर कार्यों का सत्यापन और आमजन से फीडबैक लेने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से उन क्षेत्रों में साफ-सफाई और फॉगिंग पर जोर दिया, जहां पिछले अभियान में डेंगू और मलेरिया के अधिक मामले सामने आए थे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव नयन गिरी ने बताया कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों के समन्वय से लोगों को संचारी रोगों से बचाव, उपचार और जागरूकता के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस अभियान की मॉनिटरिंग डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ जैसी संस्थाओं द्वारा भी की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बैठक कर माइक्रो प्लान तैयार करें और समय से कार्ययोजना प्रस्तुत करें। साथ ही शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि विद्यालयों में बच्चों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया जाए। दस्तक अभियान के तहत आशा और एएनएम कार्यकत्रियां घर-घर जाकर बुखार के मरीजों की पहचान करेंगी और जरूरत पड़ने पर 102/108 एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही टीम द्वारा घरों में कूलर, टायर, बर्तन, गमले आदि में जमा पानी की जांच कर लोगों को सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने नगर निकाय, पंचायतीराज, कृषि और पशुपालन विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को अभियान को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर क्षेत्रों में सफाई, नालियों की व्यवस्था और फॉगिंग सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधानों और निगरानी समितियों के माध्यम से जागरूकता फैलाने को कहा। बैठक के अंत में स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, डिप्टी सीएमओ, नगर निकायों के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र के अधिकारों का हनन हो रहा है : विनय

प्रयागराज। प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह के नेतृत्व में किसान, संविधान, मनरेगा बचाओं रैली 22 मार्च को भारतगंज माण्डा में निर्धारित हुई थी। उसमें होने वाले जनसैलाब से सत्तापक्ष में घबराहट पैदा हो गई। सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि पहले जनता इंटर कॉलेज भारतगंज में निर्धारित हुआ। वहां पर पुलिस अधिकारियों ने मार्ग सकरा होने का बहाना बनाकर उस स्थान पर परमिशन से इंकार किया गया। फिर उसकी जगह मुख्य मार्ग पर खुली जगह पर रैली स्थान का परमिशन दिया गया। लेकिन तीन दिन घुमाने के बाद सुबह परमिशन देते हैं और रात को परमिशन निरस्त करने का नोटिस दे दिया।

प्रतिनिधि ने कहा कि सरकार मे बैठे लोगों को पता नहीं क्या डर सताया कि सुबह परमिशन देने के बाद रात को परमिशन निरस्त कर दिया जाता हैं। उन्होंने कहा कि न मारेगें और न मानेंगे नई तिथि पर रैली होगी।

# समझौते के दौरान भड़की हिंसा, प्रधान प्रतिनिधि समेत 9 लोग घायल

अवधनामा संवाददाता

■ चुनावी रंजिश में हुआ जानलेवा हमला, गांव में पुलिस-पीएसी तैनात
■ प्रधान प्रतिनिधि रवि सिंह की आंख हुई चोटिल, केजीएमयू में चल रहा इलाज
■ तनाव के चलते ग्रामीणों में दहशत, बच्चों की पढ़ाई पर भी असर



**फतेहपुर।** थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र के पुरेकाशी (घोसिन का पुरवा) मजरे हसनपुर कसार गांव में आपसी समझौते के दौरान हुआ विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। चुनावी रंजिश और मामूली कहासुनी के बीच एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समेत 9 लोग घायल हो गए।

घटना की शुरुआत 17 मार्च को उस समय हुई, जब गांव में गेहूं के खेत में बेर तोड़ने और आम के पेड़ की पत्तियां तोड़ने को लेकर बवाली उर्फ यूसुफ और सहादत के बीच विवाद हो गया था। मामला बढ़ने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिकेत सिंह उर्फ रवि सिंह के पास दोनों पक्ष समझौते के लिए पहुंचे। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम समझौते की बातचीत के दौरान सहादत ने प्रधान प्रतिनिधि पर पक्षपात का आरोप लगाया, जिससे माहौल अचानक गरमा गया। इसी दौरान विपक्षी पक्ष के लोगों ने पहले से तैयार होकर लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला बोल दिया। हमला इतना तेज था कि मौके पर भगदड़ मच गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हमले में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिकेत सिंह उर्फ रवि सिंह, उनके भाई शानू सिंह सहित कुल 9 लोग घायल हुए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां रवि सिंह की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें पहले कानपुर और फिर लखनऊ रेफर कर दिया गया। वर्तमान में उनका इलाज लखनऊ स्थित केजीएमयू में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी बाई आंख की स्थिति बेहद गंभीर है और उसके पूरी तरह खराब होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। हालात को देखते हुए रात में ही स्थानीय पुलिस और पीएसी बल गांव में तैनात कर दिया गया और पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। गुरुवार सुबह तक गांव में सन्नाटा पसरा रहा, हालांकि पुलिस की मौजूदगी में स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की पूरी जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। पीड़ित पक्ष के अकबर अली की तहरीर पर पुलिस ने 21 नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य की तलाश के लिए टीमों का गठन किया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए फोन लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का सहारा ले रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विवाद एक ही समुदाय के लोगों के बीच हुआ है और फिलहाल कानून-व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में है। गांव में शांति बनाए रखने के लिए लगातार पुलिस बल तैनात है। घटना के बाद गांव में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। इसका असर स्थानीय प्राथमिक विद्यालय में भी देखने को मिला, जहां बच्चों की उपस्थिति सामान्य से काफी कम रही। प्रधानाचार्य के अनुसार अभिभावकों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई, जिसके चलते कई बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## साध्वी निरंजन ज्योति बनीं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष



**फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा के बाद जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखा गया। उनके आवास पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि साध्वी निरंजन ज्योति के नेतृत्व में आयोग पिछड़े वर्गों के हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा करेगा। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव का लाभ समाज के कमजोर वर्गों को मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा, जिला मंत्री शिव प्रताप सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, योगेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख आदित्य त्रिवेदी, ज्ञानेंद्र सिंह, आनंद मान सिंह, सुशील, संजय सिंह, मोहन निषाद, सावन गुप्ता, किशन शुक्ला, नीरज निषाद, संतराम पासवान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर का हुआ असर, चकोर रोड पर निर्माण कार्य हुआ प्रारम्भ



**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** विगत दिनों पूर्व विभिन्न समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुई चकोर रोड के कई महीनों से जल निकासी के लिये डलवाये जा रहे ढोल का निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार की लापरवाही के चलते सड़क के आवागमन में नागरिकों को कठिनाईयों का सामना करना पड रहा था। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के दौरान सड़क की खुदाई कर छोड़ देने और समुचित जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण आसपास की गलियों में गंदा पानी भर गया था। नागरिकों की समस्या को संज्ञान में लेकर बीतेदिन नगर पालिका परिषद अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार द्वारा संबन्धित ठेकेदार को नोटिस दिये जाने के बाद हरकत में आये ठेकेदार ने जेसीबी, मिस्त्री व मजदूरों को लगाकर चकोर रोड का निर्माण कार्य तीब्र गति से प्रारम्भ कर दिया। उधर पालिका कार्यालय में अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि हाईवे अथारिटी द्वारा परमीशन मिल जाने के बाद चकोर के निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। बताया कि रोड में डलवाये गये ढोल के मेनहोल प्वाइन्ट का निर्माण कार्य चल रहा है जल्द ही जल निकासी व सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# आपसी सौहार्द एवं भाईचारें के साथ मनायें ईद का त्योहार

■ पूर्व विधायक व समाजसेवियों ने रोजेदारों को दी त्योहार की मुबारकबाद



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने नगर व क्षेत्र के रोजेदारों सहित क्षेत्रीय जनता से आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ ईद का त्योहार मनाने की अपील करते हुये मुबारकबाद दी है।

गुरूवार को नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित आवास कार्यालय पर पूर्व सपा विद्यायक जमालुददीन सिददीकी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिददीकी, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मुश्ताक अहमद भुट्टू, भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिददीकी, तालग्राम चेयरमैन मोहसिन खॉन जानू, डा. रिजवान अहमद, बसपा नेता सैयद अहमद उसैब, युवा समाजसेवी आसिफजमाल खां पप्पी, एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष इशरत खॉन, डा. गयासुददीन सिददीकी, मो. शाहनबाज खॉन, प्रधानप्रतिनिधि हारून अहमद सिददीकी ने रोजेदारों से अल्लाह की इबादत करनें व ईद का पर्व शांति व आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। इस दौरान उन्होनें कहा कि रमजान का पवित्र महीना आपको हर तरह की बुराई, ऐब और गलत ख्याल से दूर रहने का हुक्म देता है ये महीना मन की शुद्धि के लिए होता है। रमजान के बारे में फरमाया है कि हमारे बीच कई जरूरतमंद लोग मौजूद हैं। जिनके पास खाद्य सामग्री व तन ढँकने के लिये कपड़ा तक मौजूद नहीं। अगर इस महीने में इंसान अपनी जरूरतों और ख्वाहिशों को कुछ कम कर लें और यही रकम जरूरतमंदों को दें तो यह उनके लिये बेहद अज्र और ऊपर वाले की मेहरबानी का जरिया बनेगा। क्योंकि इस महीने में की गई एक नेकी का फ्ल सत्तर गुना बढ़ाकर अल्लाह की तरफ से मिलता है। ईद त्योहार हम सभी को अच्छाई की राह पर चलनें के लिये प्रेरित करता है।

## कांग्रेस की 22 मार्च की प्रस्तावित रैली रद्द

**प्रयागराज।** जिला कांग्रेस कमेटी यमुना पार के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह पटेल एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फुज़ैल हाशमी ने बताया कि आगामी 22 मार्च को भारतगंज , मांडा में आयोजित कांग्रेस के प्रस्तावित रैली को निरस्त कर दिया गया है। अध्यक्ष द्वय ने संयुक्त वक्तव्य में बताया कि एसीपी मेजा, एसपी उपाध्याय ने सुरक्षा हवाला देते हुए पूर्व में प्रदान रैली अनुमति को चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत अतिरिक्त पुलिस बल न मिल पाने के कारण निरस्त कर दिया है। बताया कि जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा रैली अनुमति समस्त औपचारिकताएं पूरी के बावजूद निरस्त किया जाना निराशाजनक है।

पूर्व विधायक रामकृपाल कोल, किशोर वार्ष्णेय, हरिकेश त्रिपाठी, मुकुंद तिवारी, मंजू संत आदि ने रैली में रद्द किए जाने की निंदा करते कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार कांग्रेस की बढ़ती ताकत को देखते घबरा गई है। भाजपा सरकार द्वारा लगातार लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।

# नवरात्रि के प्रथम दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



■ श्रद्धालुओं नें विधि विधान से की मॉ शैल पुत्री की आराधना

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नवरात्रि के प्रथम दिवस पर श्रद्धालुओं ने देवालय व मंदिरों में पहुंचकर विधि विधान से मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर आरती वंदना की। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की कतारे लगना शुरू हो गई। देर शाम तक लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर मां की आरती वंदना कर आराधना की। गुरूवार को नवरात्रि के पावन पर्व के प्रथम दिवस पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिरों में कतारें लग गई। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले घरों में कलश की स्थापना कर विधि विधान से पूजा वंदना करने के उपरांत मंदिरों में पहुंचकर मां शैलपुत्री के दर्शन कर जलाभिषेक के साथ पूजा अर्चना व पुष्प अर्पित कर मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर, सती माता मंदिर, प्राचीन काली देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, रामगंज स्थित मनसा देवी मंदिर, श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, पशुपतिनाथ मंदिर, रेलवे स्टेशन परिसर स्थित शिव मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में महिला व पुरुष भक्तों ने आरती वंदना कर विधि विधान से पूजा अर्चना की।

# जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर प्रसूताओं से हो रही धनउगाही




अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पंचायत समधन में संचालित आयुष्मान भारत जच बच्चा केन्द्र में कार्यरत एनएमओ द्वारा जन्म प्रमाण पत्र एवं प्रसूतओं से सामान्य प्रसव कराने के नाम पर सुविधा शुल्क लिये जाने का मामला प्रकाश मे आया है। महिलाओं व नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायती पत्र दिए जाने के बाबजूद कार्यवाही नही हो रही है। विगत दिन पूर्व प्रसूताओं सुमन देवी, मुईन, नजमा बेगम आदि द्वारा अवैध वसूली किए जाने की 1076 पर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई गई थी। महिलाओं ने बताया कि जच्चा बच्चा केन्द्र में सबकी संलिप्तता हैं और यहा कई वर्ष तैनात रही श्रद्धा देवी जो कि हाल ही में प्रोन्नत हुई हैं। लेकिन अवैध वसूली करने के लिए उपकेंद्र आती रहती हैं। बताया कि अधिकांश जन्म प्रमाण पत्र सुविधा शुल्क लेकर फर्जी तरीके से बनाए गए हैं। क्योंकि बच्चे का जन्म दूसरे स्थान पर होता है और पैसे देकर यहां पर तैनात एएनएम द्वारा उनका जन्म प्रमाण पत्र बना दिया जाता है। बताया कि एएनएम विजय लक्ष्मी अपनी डियूटी पर कभी कभार आती हैं उनकी जगह उनकी सहयोगी द्वारा प्रसव कार्य कराया जाता है। जबकि एएनएम अलका राठौर का कहना है कि जिस प्रमाण पत्र के नाम पर उनके द्वारा सुविधा शुल्क लेने का आरोप लगाया जा रहा है वह प्रसव उनके द्वारा नही किया गया है, बाबजूद इसके जन्म प्रमाण बनाने के लिये दबाब बनाया जा रहा है। कहा कि लोगों द्वारा उनपर लगाये गये सारे आरोप निराधार हैं।

## समरसता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करता है संघ : डॉ. अग्निहोत्री

**प्रयागराज।** हिन्दू नव वर्ष, चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रज्जू भैय्या नगर, प्रयाग दक्षिण भाग ने गुरुवार को विक्रम शाखा (सूबेदारगंज) में वर्ष प्रतिपदा उत्सव और नवसंवत्सर कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने अनुशासन और समर्पण के साथ आद्य सरसंघचालक प्रणाम किया। इसके बाद वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रयाग दक्षिण भाग के भाग संघचालक डॉ गोपाल अग्निहोत्री ने चैत्र नववर्ष प्रतिपदा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह तिथि प्रकृति में एक विशेष ऊर्जा के संचार का दिन है। कहा कि इसी दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डा केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ था। इस मौके पर गणगीत एकल गीत, अमृत वचन का वाचन किया गया। कार्यक्रम का सम्पन्न संघ प्रार्थना से हुई। इस मौके पर नगर संघचालक रवि प्रकाश, नगर सह संघचालक राजकुमार, सह भाग कार्यवाह वीरेंद्र, नगर कार्यवाह भूपेंद्र, सह नगर कार्यवाह रविनाथ, शारीरिक शिक्षण प्रमुख सुनील, बौद्धिक शिक्षण प्रमुख धीरज, व्यवस्था प्रमुख अमित, सामाजिक सद्भाव प्रमुख विजय, घोष प्रमुख अनुराग, प्रौढ़ प्रमुख हरि प्रसाद समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शादी के घर में सिलेंडर लीकेज से लगी आग, जला सामान



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवती के शादी वाले घर में हंसी-खुशी माहौल के बीच अचानक सिलेंडर लीकेज होने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मोहल्ले वासियों ने आनन-फानन में बामुश्किल आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखा हजारों रूपयों का सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने गरीब विधवा महिला की बेटी की बारात की आवभगत के लिए मदद का हाथ बढ़ाया। गुरुवार को नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थित मंजू देवी पत्नी स्वर्गीय मनोज खटिक की बेटी की बारात जनपद मैनपुरी के थाना बेवर के ग्राम हुमायूंपुर से गुरुवार को आ रही थी। जिसके लिए विधवा मां द्वारा मोहल्ले वासियों के जन सहयोग से बारात की आव भगत के लिए तैयारियां की जा रही थीं। इसी दौरान सुबह 10:45 बजे रसोई में बन रहे भोजन व पकवान के दौरान अचानक सिलेंडर लीकेज होने से आग लग गई। आग की विकराल लपटों को देखकर परिजन व मोहल्ले वासी भयभीत हो गए। पड़ोस में रहने वाले रावेंद्र सिंह खटीक लल्ला भैया, विनय उर्फ बुल्लू सहित अन्य मोहल्ले वासियों ने अथक प्रयास कर बामुश्किल आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर के आंगन वा स्टोर रूम में रखा राशन, कपड़ा व अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गए। जिससे विधवा महिला के शादी वाले घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता द्वारा विधवा महिला की पुत्री की शादी कार्यक्रम को पूर्ण कराने के लिए मदद के हाथ बढ़ाकर बारातियों के आव भगत की व्यवस्था दुरुस्त करा दी गई।

## खबर का हुआ असर, चकोर रोड पर निर्माण कार्य हुआ प्रारम्भ

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विगत दिनों पूर्व विभिन्न समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुई चकोर रोड के कई महीनों से जल निकासी के लिये डलवाये जा रहे ढोल का निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार की लापरवाही के चलते सड़क के आवागमन में नागरिकों को कठिनाईयों का सामना करना पड रहा था। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के दौरान सड़क की खुदाई कर छोड़ देने और समुचित जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण आसपास की गलियों में गंदा पानी भर गया था। नागरिकों की समस्या को संज्ञान में लेकर बीतेदिन नगर पालिका परिषद अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार द्वारा संबन्धित ठेकेदार को नोटिस दिये जाने के बाद हरकत में आये ठेकेदार ने जेसीबी, मिस्त्री व मजदूरों को लगाकर चकोर रोड का निर्माण कार्य तीब्र गति से प्रारम्भ कर दिया। उधर पालिका कार्यालय में अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि हाईवे अथारिटी द्वारा परमीशन मिल जाने के बाद चकोर के निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। बताया कि रोड में डलवाये गये ढोल के मेनहोल प्वाइन्ट का निर्माण कार्य चल रहा है जल्द ही जल निकासी व सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# धार्मिक कार्यक्रमों में सभी मिलजुलकर भागीदारी करें



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** माहे रमजान में रोजा रखने वालों एवं रोजा इफ्तार कराने वालों पर अल्लाह तआला की रहमत बरसती है और उनके सारे गुनाह माफ हो जाते है। कहा कि रमजान के पवित्र माह में नेक काम करने वालों को सत्तर गुना सवाब भी मिलता है। ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों में सभी लोगों को मिलजुलकर भागीदारी करनी चाहिए। जिससे सामाजिक एकता व भाईचारे की भावना बनी रहे।

यह बात बीतीशाम तालग्राम के मोहल्ला टिकुरियन, तालाबकला, बरगदिया तिराहा के पास इंजीनियर वेदराम शाक्य वैज्ञानिक अधिकारी सेवानिवृत भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई, भारत सरकार के आवास ष्कृष्णा कुटीर में आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में चेयरमैन मोहसिन खॉन जानू ने कही। कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों से समाज में भाईचारा व सौहार्द कायम होता है और एक दूसरे के दिलों को करीब लाकर एकता को मजबूत करते हैं। इसके उपरांत उन्होंने रोजा इफ्तार कर रोजेदारों के साथ नमाज अदा कर मुल्क के अमन चैन व आपसी भईचारा कायम रहने की दुआ मांगी। इस दौरान जावेद हुसैन, असगर अहमद, सलमान राईन, रियाज खान, खालिक राईन, राजू राईन, शाहनवाज़ खान, तसलीम खान, नफीस अहमद सागर, लईक अंसारी, इरशाद कुरैशी, राशिद अंसारी सभासद, निशाद अंसारी, रशीद अंसारी, राजा अंसारी तमाम लोग मौजूद रहे।

## ऑस्ट्रेलिया से लौटी ईरान की महिला फुटबॉल टीम

**तेहरान।** ईरान की महिला फुटबॉल टीम, जो महिला एशियाई कप में हिस्सा लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया गई थी, अब स्वदेश लौट आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीम के खिलाड़ी पहले तुर्की पहुंचे और वहां से बस के जरिए सीमा पार कर ईरान में दाखिल हुए, जहां अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। हालांकि, टीम की सभी खिलाड़ी वापस नहीं लौटीं। फातेमह पसंदिदेह और अतीफेह रमेजानिसादेह ने ऑस्ट्रेलिया में ही रहने का फैसला किया है। दोनों खिलाड़ी फिलहाल ब्रिस्बेन रोअर क्लब के साथ ट्रेनिंग कर रही हैं और अपने करियर को वहीं आगे बढ़ाने की कोशिश में हैं। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। इसी बीच, टीम की कुछ खिलाड़ियों ने शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने की इच्छा जताई थी। लेकिन समय के साथ उन्होंने अपना फैसला बदल दिया और स्वदेश लौटने का निर्णय लिया।

## दिनेश कार्तिक के घर फिर गूंजी किलकारी



**नई दिल्ली।** दिनेश कार्तिक और दीपिका पल्लीकल के घर खुशियों ने फिर दस्तक दी है। दीपिका ने बेटी को जन्म दिया, जिससे परिवार में जश्न का माहौल है। फैंस और खेल जगत से उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं।

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक और स्क्वॉश स्टार दीपिका पल्लीकल के घर बेटी का जन्म हुआ है। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से दी है। कपल ने सोशल मीडिया पर लिखा, हमारे दिलों में दुआओं और शब्दों से परे शुक्रिया के साथ, हम खुशी-खुशी अपनी प्यारी बेटी का इस दुनिया में स्वागत करते हैं। कबीर और जियान अपनी छोटी बहन, राहा पल्लीकल कार्तिक को देखकर बहुत खुश हैं। प्यार, दीपिका और दिनेश। दिनेश के इस पोस्ट पर विराट कोहली ने भी प्रतिक्रिया दी है और दिल का इमोजी बनाया है। इसके अलावा क्रुणाल पांड्या की पत्नी पंखुड़ी शर्मा ने भी बधाई दी है। बैडमिंटन स्टार चिराग शेट्टी ने भी कमेंट किया है। इसके अलावा अन्य खिलाड़ी भी बधाई दे रहे हैं।

इस कपल ने 25 अगस्त, 2015 को पारंपरिक हिंदू और ईसाई रीति-रिवाजों से शादी की और 2021 में उनके जुड़वां बच्चे हुए। दिनेश कार्तिक एक बेहतरीन विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं और देश के लिए तीनों ही फॉर्मेट में खेल चुके हैं। कार्तिक को बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर भारत को निदाहास ट्रॉफी में चैंपियन बनाने के लिए हमेशा याद किया जाता है। वह 2007 टी20 विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम के भी सदस्य रहे हैं। दिनेश का आईपीएल करियर भी शानदार रहा है।

संन्यास के बाद वह बतौर कोच और कमेंटेटर क्रिकेट की दुनिया में सक्रिय हैं। दिनेश कार्तिक आईपीएल 2025 में आरसीबी के पहली बार मेंटॉर बने थे, और उसी सीजन आरसीबी ने अपना पहला खिताब जीता था। इस बीच, दीपिका ने दुनिया की टॉप-10 रैंकिंग में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला के तौर पर भारतीय स्क्वैश इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। पद्मश्री से सम्मानित दीपिका कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स में पदक जीत चुकी हैं और देश की सम्मानित एथलीटों में से एक हैं।

# लियोनल मेसी का कीर्तिमान

## रोनाल्डो को पछाड़ सबसे तेज 900 करियर गोल पूरे किए

**मियामी।** लियोनल मेसी ने 900 गोल पूरे कर फुटबॉल इतिहास में नया कीर्तिमान बनाया और रोनाल्डो के क्लब में शामिल हुए। हालांकि, उनके गोल के बावजूद इंटर मियामी टूर्नामेंट से बाहर हो गई। मेसी का करियर लगातार रिकॉर्ड्स से भरा रहा है, जिसमें 2012 का 91 गोल वाला साल खास है।

फुटबॉल के महानतम खिलाड़ियों में शुमार लियोनल मेसी ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। उन्होंने आधिकारिक मुकाबलों में 900 गोल पूरे कर लिए हैं और ऐसा करने वाले वह क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बाद दुनिया के केवल दूसरे पुरुष फुटबॉलर बन गए हैं। यह खास मुकाम उन्होंने इंटर मियामी के लिए खेलते हुए कॉनकाकाफ चैंपियंस कप में नैशविल के खिलाफ मुकाबले में हासिल किया।

**रोनाल्डो के खास क्लब में शामिल**

इस उपलब्धि के साथ मेसी अब अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी रोनाल्डो के खास क्लब में शामिल हो गए हैं। रोनाल्डो ने सितंबर 2024 में 900 गोल का आंकड़ा पार किया था। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल इतिहास एवं सांख्यिकी महासंघ के मुताबिक, रोनाल्डो फिलहाल 965 गोल के साथ 1000 के जादुई आंकड़े की ओर बढ़ रहे हैं। हालांकि, मेसी ने रोनाल्डो को पीछे छोड़ सबसे तेज 900 गोल पूरे किए। मेसी ने यह उपलब्धि 1142 मैचों में हासिल की, जबकि रोनाल्डो को इस मुकाम तक पहुंचने में 1236 मैच लगे थे।



**रिकॉर्ड बना, लेकिन टीम बाहर**

हालांकि, मेसी का यह गोल उनकी टीम के लिए जीत नहीं दिला सका। इंटर मियामी और नैशविल के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ रहा, लेकिन अवे गोल नियम के चलते इंटर मियामी टूर्नामेंट से बाहर हो गई। नैशविल के खिलाड़ी ने मेसी के गोल का जवाब देकर मुकाबले का रुख बदल दिया, जिससे मेसी की ऐतिहासिक उपलब्धि के बावजूद टीम आगे नहीं बढ़ सकी।

**करियर में गोलों की बारिश**

मेसी के शानदार करियर में सबसे ज्यादा गोल उन्होंने स्पेनिश क्लब बार्सिलोना के लिए किए। उन्होंने वहां 778 मैचों में 672 गोल दागे, जो किसी एक क्लब के लिए उनके असाधारण योगदान को दर्शाता है। इसके बाद उन्होंने पेरिस सेंट-जर्मेन पीएसजी के लिए 75 मैचों में 32 गोल किए और अब इंटर मियामी के लिए भी लगातार गोल कर रहे हैं और 81 गोल दाग चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मेसी का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। उन्होंने अर्जेंटीना के लिए 115 गोल किए हैं और टीम को वर्ल्ड कप जिताने में अहम भूमिका निभाई है।

**2012 रहा सबसे खास साल**

मेसी के करियर का सबसे शानदार साल 2012 रहा, जब उन्होंने क्लब और देश के लिए मिलाकर 91 गोल किए थे। यह रिकॉर्ड आज भी फुटबॉल इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि माना जाता है। ऑल-टाइम स्कोरर्स की सूची में ब्राजील के महान खिलाड़ी पेले तीसरे स्थान पर हैं, जबकि मौजूदा खिलाड़ियों में रॉबर्ट लेवानदोस्की काफी पीछे हैं।

### क्या फीफा विश्वकप में खेलेगा ईरान? हम टूर्नामेंट नहीं, अमेरिका का बहिष्कार करेंगे

## टीम टूर्नामेंट की तैयारियों को जारी रखेगी: मेहदी ताज

**तेहरान।** फार्स न्यूज एजेंसी के हवाले से मेहदी ताज ने कहा, नेशनल टीम तुर्की में ट्रेनिंग कैंप लगाएगी और वहां दो मैत्रीपूर्ण मैच खेलेगी। हम अमेरिका का बॉयकॉट करेंगे, लेकिन विश्व कप का नहीं।

ईरान ने फीफा विश्व कप 2026 के बहिष्कार की धमकी वापस ले ली है। लेकिन अमेरिका में मैच न खेलने के अपनी मांग पर कायम है। ईरान के फुटबॉल चीफ मेहदी ताज ने कहा कि टीम टूर्नामेंट की तैयारियों को जारी रखेगी, भले ही पुरुष टीम अमेरिका में अपने मैच न खेले।

फुटबॉल विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में खेला जाना है। फरवरी के आखिर में अमेरिका के साथ चल रहे विवाद के बाद ईरान की टीम की सुरक्षा और मैचों की जगह को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी। इसलिए



ईरान ने अमेरिका में विश्व कप के दौरान अपने प्रस्तावित मैच खेलने से इनकार कर दिया है। बता दें कि ईरान विश्व कप क्वालीफाई करने वाली पहली टीमों में शामिल है।

फार्स न्यूज एजेंसी के हवाले से मेहदी ताज ने कहा, नेशनल टीम तुर्की में ट्रेनिंग कैंप लगाएगी और वहां दो मैत्रीपूर्ण मैच खेलेगी। हम अमेरिका का बॉयकॉट करेंगे, लेकिन विश्व कप का नहीं। ताज का यह बयान ईरान के खेल मंत्री अहमद डोनयामाली के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान विश्व कप में हिस्सा नहीं लेगा। ईरान की पुरुष टीम को जून में अमेरिका में बेल्जियम, मिस्र और न्यूजीलैंड के साथ मैच खेलने हैं।

मेक्सिको की प्रेसिडेंट क्लाउडिया शीनबाम ने ईरान के अमेरिका में विश्व कप मैचों के बहिष्कार पर कहा कि आखिरी फैसला फीफा के हाथ में है। फीफा ने भी पुष्टि की है कि वे ईरान फुटबॉल फेडरेशन के संपर्क में हैं और चाहते हैं कि सभी टीमें अपने तय शेड्यूल के अनुसार टूर्नामेंट में भाग लें। ईरान ने इस्राइल और अमेरिका की तरफ से लगातार हो रहे हमलों और बिना वजह युद्ध छेड़ने की वजह से लिया है। देखना होगा कि फीफा ईरान के लिए विश्व कप के मैच अमेरिका से हटाकर किसी और वेन्यू पर स्थानांतरित करता है या नहीं।

## कम नहीं हो रहीं बादशाह की मुश्किलें, अब राष्ट्रीय महिला आयोग ने भेजा नोटिस, दी चेतावनी



**मुंबई।** सिंगर बादशाह की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने सिंगर को उनके गाने टटीरी में कथित अश्लीलता को लेकर समन भेजा है। आयोग ने मीडिया रिपोर्ट्स का स्वतः संज्ञान लिया है। उनके गाने के बोल और विजुअल्स को लेकर चिंता जताई गई है।

आयोग ने बादशाह के साथ-साथ गाने के डायरेक्टर माही संधू, को-डायरेक्टर जोबन संधू, और प्रोड्यूसर हितेन को समन भेजा है। इन सभी को 25 मार्च, 2026 को दोपहर 12:30 बजे संबंधित दस्तावेजों के साथ आयोग के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया है।

एक बयान में, आयोग ने कहा कि गाने का कंटेंट पहली नजर में आपत्तिजनक लगता है। संभवतः भारतीय न्याय संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, और महिलाओं का अश्लील चित्रण (निषेध) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों का उल्लंघन करता है।

आयोग ने यह भी चेतावनी दी कि निर्देश का पालन न करने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बादशाह के गाने की जांच-पड़ताल बढ़ रही है। इस गाने पर अश्लीलता और आपत्तिजनक चित्रण (विशेषकर महिलाओं से जुड़े मामलों में) को बढ़ावा देने का आरोप लगता रहा है।

इससे पहले, शुक्रवार को एक एफआईआर दर्ज होने के बाद यूट्यूब ने गाना हटा दिया था।

राष्ट्रीय महिला आयोग से पहले हरियाणा महिला आयोग और बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बादशाह को नोटिस भेजा है।

आपको बता दें कि टटीरी एक हरियाणवी हिप-हॉप गाना है, जो 1 मार्च, 2026 को रिलीज हुआ था। इस गाने में बादशाह के साथ सिमरन जगलान हैं। गाने के बोल भी बादशाह ने ही लिखे हैं। इस गाने को माही संधू और जोबन संधू ने डायरेक्ट किया है। इसके प्रोड्यूसर हितेन हैं। इसे बादशाह के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया था।

## नोएडा में 'धुरंधर 2' के पेड प्रीव्यू पर बवाल, शो रद्द होने पर दर्शकों ने किया भारी हंगामा

**मुंबई।** 'धुरंधर 2' के रिलीज होने से पहले जो लोग 18 मार्च को पेड प्रीव्यू देखने गए थे, उन्हें कुछ मुसीबतों का सामना करना पड़ा, जिसकी वजह से थिएटर में हंगामा मच गया। दरअसल, नोएडा के क्क्क्रसुपरप्लेक्स, मॉल ऑफ इंडिया में रणवीर सिंह की फिल्म %धुरंधर: द रिवेंज% के पेड प्रिव्यू शो बीच में ही रद्द कर दिए गए। इससे दर्शक काफी नाराज और परेशान हो गए, और मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस को भी बुलाना पड़ा।

दर्शकों को बताया गया कि 'टेक्निकल गड़बड़ी' है, लेकिन फिल्म कब दोबारा शुरू होगी या होगी भी या नहीं, इस बारे में कोई साफ जानकारी नहीं दी गई, जिससे लोगों की नाराजगी और बढ़ गई। कई दर्शकों के लिए, सबसे बड़ी परेशानी यह थी कि उन्होंने आधी ही फिल्म देखी थी और उसके बाद उन्हें लगातार इंतजार करना पड़ा।



**'हाय हाय पीवीआर' के लगे नारे**

जैसे-जैसे स्थिति बिगड़ती गई, कई दर्शकों ने थिएटर स्टाफ पर खराब मैनेजमेंट के आरोप लगाए। कई लोगों ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर पीवीआर पर गुस्सा जाहिर किया। घंटों तक कोई समाधान नहीं मिलने पर मल्टीप्लेक्स का माहौल और गर्म हो गया। लोगों ने 'हाय हाय पीवीआर' के नारे लगाए और फिल्म दिखाने की मांग करने लगे।

**बुलानी पड़ी पुलिस**

भीड़ को बढ़ता देख थिएटर स्टाफ ने पुलिस बुला ली। आखिरकार, जब दर्शकों ने नए शो चलाने का विरोध किया, तो थिएटर ने सभी स्क्रीनिंग बंद कर दी और लोगों को बाहर निकालना शुरू कर दिया। कई लोगों को पुलिस की निगरानी में बाहर ले जाया गया।

**रिफंड मिला, लेकिन गुस्सा बरकरार**

थिएटर स्टाफ के अनुसार, रिफंड की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी, लेकिन समस्या कंटेंट डिलीवरी से जुड़ी थी। एक स्टाफ मेंबर ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, 'ये दिक्कत डिस्ट्रीब्यूटर्स की तरफ से थी।

हमारे पास करीब 1,200 लोग थे और स्क्रीन सीमित थीं। हमारे हाथ बंधे हुए थे। अब ये सब बैकएंड से एक हफ्ते में प्रोसेस होगा, हम अभी क्या कर सकते हैं? हम भी गालियां खा रहे हैं।'

इसके बाद फिल्म के निर्देशक आदित्य धर ने अपने प्रशंसकों से इसके लिए माफी मांग ली है। फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने बताया कि तकनीकी खराबी की वजह से कुछ जगहों पर शो रद्द हो गए। आदित्य धर ने अपने X (ट्विटर) अकाउंट पर फैंस से माफी मांगी। टीम ने कहा कि असुविधा के लिए बहुत खेद है, लेकिन फैंस का प्यार उनके लिए बहुत कीमती है।

## शादी के 10 साल बाद मां बनेंगी दिव्यांका त्रिपाठी

**मुंबई।** टीवी की मशहूर अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी जल्द ही मां बनने वाली हैं। इस बात की जानकारी उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी है। उन्होंने अपने पति विवेक दहिया के साथ प्रेगनेंसी फोटो शूट करवाया है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने एक पोस्ट लिखी है। आइए जानते हैं उनकी पोस्ट में क्या है?

दिव्यांका त्रिपाठी ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह अपने पति के साथ पोज दे रही हैं। एक तस्वीर में उन्होंने और विवेक दहिया ने बेबी बंप पर हाथ रखकर पोज दिया है।

दिव्यांका ने अपनी पोस्ट में लिखा है 10 साल बाद कहानी में एक नया मोड़ आने वाला है। कुछ सफर जल्दबाजी वाले नहीं होते, बल्कि वे एक-दूसरे के साथ मिलकर किए जाते हैं। जब आपको लगता है कि आपकी कहानी पूरी हो चुकी है, तो जिंदगी उसमें सबसे खूबसूरत हिस्सा जोड़ देती है। अभी भी इस एहसास में डूबे हुए हैं।

## 'धुरंधर 2 के कायल हुए सेलिब्रिटी, अल्लू अर्जुन, अनन्या पांडे से लेकर कार्तिक आर्यन ने की फिल्म की जमकर तारीफ

**मुंबई।** धुरंधर का सीक्वल धुरंधर द रिवेंज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म की रिलीज से पहले ही फैंस इसे लेकर काफी एक्साइटेड थे। एडवांस बुकिंग में भी फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। अब कुछ बॉलीवुड सेलेब्स भी फिल्म देखकर आए हैं, जिन्होंने अपने रिएक्शन शेयर किए हैं। आइए जानते हैं सेलेब्स का इस फिल्म को लेकर क्या विचार है।

**मूवी रिव्यूज**

क्या रणवीर सिंह के करियर का री-लॉन्च साबित हुई धुरंधर; आए बड़े बदलाव; परिवार का यह सदस्य बना लकी चार्म

बॉलीवुड

**अल्लू अर्जुन**

साउथ स्टार अल्लू अर्जुन ने फिल्म देखकर सोशल मीडिया पर अपना रिएक्शन शेयर किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर फिल्म की जमकर तारीफ की। उन्होंने सभी एक्टर्स और डायरेक्टर आदित्य धर को फिल्म के लिए बधाई दी।

**राम गोपाल वर्मा**

डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा ने भी



एक्स पर फिल्म धुरंधर 2 को लेकर रिएक्शन दिया है। फिल्म को लेकर देर रात उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, जिन लोगों ने भी आज फिल्म देखी, उन सभी ने मुझसे कहा कि धुरंधर को सिर्फ पसंद ही नहीं करते हैं, इस फिल्म से शादी भी करना चाहते हैं।

**अनन्या पांडे**

एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने भी इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर रणवीर सिंह की तारीफ की। उन्होंने फिल्म की तारीफ करते हुए 'बीस्ट' लिखा।

**कार्तिक आर्यन**

एक्टर कार्तिक आर्यन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की सराहना की है। उन्होंने फिल्म को 'टॉप नॉच' बताया और शानदार सिनेमैटिक अनुभव के लिए आदित्य धर की तारीफ की। साथ ही उन्होंने रणवीर सिंह की भी सराहना की।

इसके साथ एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और पति राज कुंद्रा अपनी पूरी फैमिली के साथ रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 को देखने के लिए थिएटर पहुंची थी। धुरंधर 2 देखकर जैसे ही शिल्पा शेट्टी बाहर आईं वहां मौजूद पैपराजी ने एक्ट्रेस से उनका रिव्यू पूछा, जिसपर एक्ट्रेस ने कहा, सुपर...आग लगा दी।

**प्रीति जिंटा**

प्रीति जिंटा भी मूवी देखने पहुंची थी, जिसके बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म की तारीफ की। उन्होंने कैप्शन में लिखा- रिवेंज हो तो धुरंधर जैसा हो वरना ना हो।

इस बीच शनाया कपूर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर मूवी की तारीफ करते फिल्म को माइंड ब्लोइंग बताया।

## डोरेमोन के निर्देशक शिबायामा त्सुतोमु का फेफड़ों के कैंसर से हुआ निधन

**मुंबई।** 'डोरेमोन' के डायरेक्टर शिबायामा त्सुतोमु का निधन हो गया है। उन्होंने करीब 20 साल तक इस शो को संभाला है और इस बीच कई 'डोरेमोन' फ्रेंचाइजी से जुड़ी कई शानदार फिल्में दी हैं।

उनका निधन 6 मार्च 2026 को फेफड़ों के कैंसर की वजह से हुआ, जिसकी जानकारी उनके द्वारा सह-स्थापित स्टूडियो अजिया-डो एनिमेशन वर्क्स ने 17 मार्च को दी। परिवार की इच्छा के मुताबिक उनका अंतिम संस्कार पहले ही निजी तौर पर किया जा चुका है। शिबायामा त्सुतोमु को जापान में अक्सर 'नेशनल एनीमेशन के पिता' कहा जाता था। उन्होंने 'डोरेमोन' को करीब 20 साल तक संभाला और इसे हर पीढ़ी के दिल तक पहुंचाया। 1979 में उन्होंने डोरेमोन का टीवी सीरीज डायरेक्ट किया और इसके बाद इस फ्रेंचाइजी की 22 फिल्मों का निर्देशन भी किया।

उनका करियर 1963 में टोई एनिमेशन से शुरू हुआ था। बाद में उन्होंने शिन-ई एनिमेशन के साथ काम किया।

## राकेश बेदी 'धुरंधर 2' में निकले हुकुम का इक्का, हमजा से था पुराना कनेक्शन, जानकर होगी हैरानी

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन और संजय दत्त जैसे नामी कलाकारों के बीच टीवी और फिल्मों के दिग्गज कलाकार राकेश बेदी भी नजर आए। अपने उम्दा अभिनय से वह दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ने में कामयाब रहे। साथ ही फिल्म 'धुरंधर 2' के असली हुकुम का इक्का भी वही निकले हैं, यही वजह है कि अब फैंस उन्हें ही असली धुरंधर कह रहे हैं।



फिल्म 'धुरंधर' में राकेश बेदी ने एक पाकिस्तानी राजनेता का जमील जमाली का किरदार निभाया था। जमील की बेटी अलीना से ही हमजा का किरदार शादी करता है। इस आड़ में वह अपना जासूसी मिशन पूरा करता रहता है। जमील का किरदार करप्ट पॉलिटिशियन का था, उसके तार अपराधियों के साथ जाकर जुड़ते थे। राकेश बेदी ने इस किरदार को कभी मजाकिया तो कभी गंभीर तरीके से निभाया। पहले पार्ट में यह किरदार दर्शकों को बस एक साइड कैरेक्टर लगता है लेकिन 'धुरंधर 2' में राकेश बेदी का किरदार जमील जमाली चौंकाता है। जब उसकी असल पहचान सामने आती है तो दर्शक हैरान हो जाते हैं।

फिल्म 'धुरंधर 2' के आखिर में हमजा, मेजर इकबाल से बदला लेकर, पाकिस्तानी सेना के चुंगल से निकलकर भारत वापस आता है। लेकिन उसे बस एक ही बात का अफसोस होता है कि वह बड़े साहब यानी दाउद इब्राहिम को नहीं मार सकता। उसकी मुलाकात फिल्म में एक बार बड़े साहब से होती है, वह उससे हाथ मिलाकर धीमा जहर देना चाहता था। लेकिन हमजा उर्फ जसकीरत से रांगी ऐसा नहीं कर पाया है। लेकिन आखिर में जमील जमाली उसे बताता है कि उसने ऐसा लगभग 35 साल पहले कर दिया था, वह बड़े साहब को धीमा जहर दे चुका था, यही वजह है कि अब वह बिस्तर पर पड़ा है, बीमार है। लेकिन जमील ने ऐसा क्यों किया? जमील और हमजा कैसे एक-दूसरे को पहले से जानते हैं? क्या जमील का भारत से कोई गहरा नाता है? इन सवालों के जवाब तो आपको फिल्म देखकर ही पता चलेंगे। लेकिन जब इन सवालों के जवाब मिलेंगे तो यह बात सही साबित होगी कि राकेश बेदी का किरदार ही असली धुरंधर है।

## आयरलैंड में फंसे भारतीय दिल्ली पहुंचे

**आयरलैंड।** आयरलैंड के शैनन शहर में फंसे यात्रियों और चालक दल को लेकर एअर इंडिया की विशेष उड़ान गुरुवार को दिल्ली में उतरी। एक अधिकारी के अनुसार, इसमें 220 से अधिक यात्री थे। उनमें से प्रत्येक को व्यक्ति को 20,000 रुपये की पेशकश की गई। सोमवार को, न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रहे एयरलाइन के ए350 विमान को एक तकनीकी खराबी के कारण शैनन की ओर मोड़ दिया गया। विमान को उड़ान भरने से रोक दिया गया। इसके साथ ही यात्री और चालक दल के सदस्य आयरलैंड के शैनन शहर में फंस गए। बोइंग 787 विमान से संचालित यह विशेष उड़ान बुधवार दोपहर को ज्यूरिख से शैनन के लिए रवाना हुई और बाद में दिल्ली के लिए रवाना हुई। अधिकारी ने बताया कि विशेष विमान गुरुवार को राजधानी में उतरा। एअर इंडिया ने सोमवार को कहा कि न्यूयॉर्क (जेएफके) से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट एआई102 को तकनीकी खराबी की आशंका के चलते एहतियाती तौर पर आयरलैंड के शैनन की ओर मोड़ दिया गया।

## अलप्पुझा में बर्ड फ्लू की पुष्टि, हजारों पक्षियों को मारने का फैसला



**अलप्पुझा** केरल के अलप्पुझा में बर्ड फ्लू के संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके बाद जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है और सख्त सुरक्षा उपाय लागू किए जा रहे हैं। प्रशासन ने संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए हजारों पक्षियों को मारने का आदेश जारी किया है। केरल के अलप्पुझा जिले में बर्ड फ्लू के संक्रमण की पुष्टि हुई है। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन सख्त हो गया है और प्रशासन ने सख्त नियंत्रण उपाय शुरू कर दिए हैं। अलप्पुझा जिले की मुहम्मा ग्राम पंचायत के वार्ड-7 में बर्ड फ्लू के संक्रमण की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि प्रभावित क्षेत्र में 5,961 पक्षियों को मारने का फैसला किया गया है। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें पक्षियों को मारने का फैसला किया गया। पशुपालन विभाग ने प्रभावित क्षेत्र के केंद्र से एक किलोमीटर के दायरे में पक्षियों को मारने का अभियान चलाने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल (रैपिड रिस्पॉन्स टीम) तैनात कर दिए हैं। कुलिंग अभियान 21 मार्च की सुबह से शुरू किया जाएगा। जिला प्रशासन ने संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि यदि कहीं बड़ी संख्या में पक्षियों की असामान्य मौत होती है, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सालय को दी जाए। मृत पक्षियों को संभालते समय मास्क और दस्ताने जैसे सुरक्षात्मक उपाय अपनाने की सलाह दी गई है। निर्देशों के अनुसार, मृत पक्षियों को गहराई में दफनाकर चूना और ब्लीचिंग पाउडर जैसे कीटाणुनाशकों का उपयोग किया जाए। साथ ही, क्षेत्र के पोल्ट्री फार्मों को सख्त बायोसिक्योरिटी उपाय लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। बुधवार को कोझिकोड जिले के पनंगड, ओलावन्ना, कक्कोडी, पेरुमन्ना पंचायतों और नल्ललम क्षेत्र में भी बर्ड फ्लू के मामले सामने आए थे, जिससे राज्य में सतर्कता और बढ़ा दी गई है।

## असम में कांग्रेस को एक ओर झटका, पिता के भाजपा में शामिल होने के बाद बेटे ने अपनी उम्मीदवारी वापस ली

**नई दिल्ली।** असम में कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव से पहले एक ओर झटका लगा। पिता के भाजपा में शामिल होने के बाद से बेट ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है।



कांग्रेस पार्टी को असम एक बड़ा झटका लगा है। दरअसल, मार्गेरिटा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार प्रतीक बोरदोलोई ने अपने पिता और पार्टी के पूर्व सांसद प्रद्युत बोरदोलोई के भाजपा में शामिल होने के बाद अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे एक पत्र में प्रतीक ने कहा कि उनके पिता के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद उनकी उम्मीदवारी जारी रहने से लोगों और पार्टी के बीच उनकी प्रतिबद्धता को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा होगी।

पत्र में लिखा है कि पार्टी के प्रति अत्यंत सम्मान और गहरी जिम्मेदारी की भावना के साथ मैं मार्गेरिटा विधानसभा क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का निर्णय लेता हूं। मेरे पिता दूसरी राजनीतिक पार्टी में शामिल होने के वजह से वर्तमान परिस्थितियों में मुझे लगता है कि मेरे लिए उम्मीदवार के रूप में बने रहना उचित नहीं होगा। मेरा मानना है कि मार्गेरिटा के लोगों और अनगिनत समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पार्टी के उम्मीदवार के प्रति पूर्ण स्पष्टता और विश्वास प्राप्त होना चाहिए। यदि मेरी प्रतिबद्धता या पार्टी के रुख के संबंध में कोई भ्रम या गलत धारणा उत्पन्न होती है, तो यह उनके साथ अन्याय होगा। यह कहते हुए कि यह निर्णय पूरी तरह से पार्टी के प्रति सम्मान पर आधारित है। प्रतीक ने ÷नेतृत्व द्वारा उचित समझे जाने वाली किसी भी क्षमता में निर्वाचन क्षेत्र के लिए काम करना जारी रखने का अनुरोध किया। उन्होंने लिखा, ÷मेरा निर्णय पूरी तरह से संगठन के प्रति मेरे सम्मान और कांग्रेस पार्टी के मूल्यों और अनुशासन को बनाए रखने की मेरी इच्छा से प्रेरित है। हालांकि, मैं यह दोहराना चाहता हूं कि कांग्रेस के आदर्शों में मेरा विश्वास अटूट है। मैं पार्टी के लिए और मार्गेरिटा के विकास के लिए नेतृत्व द्वारा उचित समझे जाने वाली किसी भी भूमिका में काम करना जारी रखूंगा। प्रतीक ने पत्र में लिखा ÷मुझे बहुत कम उम्र से ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। पार्टी के आदर्शों ने हमेशा मेरी राजनीतिक सोच और जनजीवन के प्रति मेरी प्रतिबद्धता को आकार दिया है। कांग्रेस ने मुझे जनता की सेवा करने और समावेशी विकास और धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र की परिकल्पना में विश्वास रखने का मंच प्रदान किया है।

वर्षों से मुझ पर दिखाए गए विश्वास और प्रोत्साहन के लिए मैं पार्टी नेतृत्व का आभारी हूं।÷ यह घटनाक्रम कांग्रेस नेता प्रद्युत बोरदोलोई के पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के बाद लोकसभा सीट से इस्तीफा देने के बाद सामने आया है। उन्होंने कहा कि उनका यह निर्णय लगातार आंतरिक अपमान और पार्टी नेतृत्व से समर्थन की कमी के कारण लिया गया है।

## दिल्ली-बंगलूरू में खराब मौसम से उड़ानों पर असर

**नई दिल्ली।** बंगलूरू और लेह में खराब मौसम के चलते उड़ानों पर असर पड़ने की आशंका है। इंडिगो, एयर इंडिया और स्पाइसजेट ने एडवाइजरी जारी कर यात्रियों को फ्लाइट स्टेटस चेक करने और अतिरिक्त समय लेकर एयरपोर्ट पहुंचने की सलाह दी है। देश के दो प्रमुख शहरों दिल्ली और बंगलूरू में गुरुवार को गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। इसका असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ सकता है। इंडिगो, एयर इंडिया और स्पाइसजेट ने यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए सतर्क रहने की अपील की है। इंडिगो ने यात्रियों को सतर्क करते हुए बताया है कि खराब मौसम के कारण उड़ानों के आगमन और प्रस्थान में हल्की देरी हो सकती है। एयरलाइन ने कहा है कि उनकी टीमें स्थिति से निपटने के लिए पहले से तैयार हैं, लेकिन मौसम की वजह से संचालन की रफ्तार कुछ धीमी हो सकती है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी फ्लाइट का स्टेटस जरूर जांच लें। एयर इंडिया ने बताया कि दिल्ली और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में लगातार बारिश और तेज हवाओं का अनुमान है, जिससे दिल्ली से आने-जाने वाली उड़ानों पर असर पड़ सकता है। एयरलाइन ने यात्रियों से अपील की है कि वे एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी फ्लाइट का स्टेटस जरूर जांच लें और ट्रैफिक में संभावित देरी को देखते हुए अतिरिक्त समय लेकर घर से निकलें। वहीं, स्पाइसजेट ने जानकारी दी है कि लेह में खराब मौसम के कारण सभी आगमन और प्रस्थान उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। इसके चलते संबंधित कनेक्टिंग फ्लाइट्स पर भी असर पड़ने की संभावना है।

## उच्च शिक्षा विधेयक पर कांग्रेस ने उठाए गंभीर सवाल, संघीय ढांचे के उल्लंघन का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 2025 को लेकर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है और इस विधेयक को संघीय ढांचे के खिलाफ बताया है। साथ ही कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि इस विधेयक से उच्च शिक्षा संस्थानों की आर्थिक स्वायत्ता प्रभावित होगी। आइए जानते हैं कांग्रेस ने और क्या-क्या आरोप लगाए हैं।

कांग्रेस ने गुरुवार को प्रस्तावित विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 को लेकर गंभीर चिंता जताई और आरोप लगाया कि यह संविधान के संघीय ढांचे का उल्लंघन करता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस विधेयक को लेकर सात प्रमुख आपत्तियां गिनाईं। जिनमें राज्यों से परामर्श न करना, संवैधानिक अतिक्रमण, फंडिंग काउंसिल का अभाव, उच्च शिक्षा का बढ़ता नौकरशाहीकरण और यूजीसी की परामर्श प्रक्रिया का कमजोर होना जैसे आरोप शामिल हैं।




कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस विधेयक के जरिए उच्च शिक्षा की पूरी संरचना को फिर से गढ़ने की कोशिश की जा रही है। यह विधेयक फिलहाल संसद की संयुक्त समिति के पास विचाराधीन है। जयराम रमेश ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग की स्थायी समिति की रिपोर्ट में यूजीसी और एआईसीटीई जैसे प्रमुख नियामक संस्थानों में बड़ी संख्या में रिक्तियां सामने आई हैं, जो चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा समवर्ती सूची का विषय होने के बावजूद इस विधेयक के मसौदे में राज्य सरकाहृारों से कोई परामर्श नहीं किया गया, जबकि इसका सीधा असर राज्य विश्वविद्यालयों पर पड़ेगा।

कांग्रेस का कहना है कि यह विधेयक संविधान की सातवीं अनुसूची के संघ सूची के दायरे से आगे जाकर राज्यों के अधिकारों में हस्तक्षेप करता है। पार्टी के अनुसार, विश्वविद्यालयों के गठन और संचालन से जुड़े विषय राज्य सूची में आते हैं, इसलिए यह विधेयक संघीय ढांचे के खिलाफ है।

जयराम रमेश ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उच्च शिक्षा परिषद के चार स्तंभों की परिकल्पना की गई थी, जबकि इस विधेयक में केवल तीन काउंसिल का प्रस्ताव है और अनुदान देने वाली संस्था का प्रावधान नहीं है। उनका आरोप है कि इससे वित्तीय शक्तियां स्वायत्त शैक्षणिक निकायों से हटकर सीधे मंत्रालय के पास चली जाएंगी।

कांग्रेस का कहना है कि वर्तमान में यूजीसी, एआईसीटीई और एनसीटीई का संचालन शिक्षाविदों द्वारा किया जाता है, लेकिन नए विधेयक में प्रशासनिक नियंत्रण नौकरशाहों के हाथ में देने का प्रस्ताव है, जो शिक्षा के लिए ठीक नहीं है।

## भविष्य के युद्धों में ड्रोन अहम:रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन में कहा कि भविष्य के युद्धों में ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीक निर्णायक होंगी। उन्होंने भारत को ड्रोन निर्माण में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाने और हर पुर्जे को मेड इन इंडिया बनाने पर जोर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज (जीआईएससी) के 14वें संस्करण की शुरुआत की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आज 100 से अधिक चुनौतियों के साथ डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज (डीआईएससी) का 14वां संस्करण भी शुरू किया गया है। डीआईएससी की अब तक की सफलता को देखते हुए, हमारे रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा पहली बार 100 से अधिक चुनौतियां प्रस्तुत की जा रही हैं। मैं डीआईएससी के नए संस्करण के लिए सभी नवप्रवर्तकों को शुभकामनाएं देता हूं। रक्षा मंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य छोटे उद्योगों को रक्षा निर्माण की सप्लाई चेन से जोड़ना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब छोटे उद्योग बड़े रक्षा कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे, तभी देश में नई खोज और तकनीक की रफ्तार तेज होगी। किसी भी देश के रक्षा तंत्र को मजबूत बनाने में बड़े उद्योगों के साथ-साथ स्र्स्थ्ह्य, स्टार्टअप और इनोवेटर्स की भूमिका बहुत अहम होती है। इसमें सरकार की स्पष्ट नीतियां भी बड़ा योगदान देती हैं। उन्होंने कहा दुनिया के मौजूदा हालातों पर बात करते हुए राजनाथ सिंह ने रूस-यूक्रेन और ईरान-इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया इन संघर्षों को देख रही है। इनसे यह साफ हो गया है कि भविष्य की लड़ाइयों में ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीक की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होने वाली है।

## अमेरिकी सैन्य बेस के पास संदिग्ध ड्रोन दिखने से हड़कंप



**अमेरिका।** अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित एक सैन्य अड्डे के ऊपर संदिग्ध ड्रोन दिखने के बाद अमेरिका में हाई अलर्ट है और हालात की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठकें हो रही हैं। गौरतलब है कि जिस सैन्य अड्डे के ऊपर संदिग्ध ड्रोन दिखाई दिया, वहां अमेरिका के विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री का आवास है। यही वजह है कि इस घटना के बाद अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों के हाथ-पांव फूल गए हैं। पश्चिम एशिया संकट गहराता जा रहा है और पश्चिम एशिया के विभिन्न देश इसकी जद में हैं।

अब इसकी आंच अमेरिका की जमीन तक पहुंचती दिख रही है। दरअसल गुरुवार को अमेरिका के एक सैन्य अड्डे के ऊपर संदिग्ध ड्रोन मंडराता दिखाई दिया। जिस सैन्य अड्डे पर ड्रोन मंडरा रहा था, उस सैन्य अड्डे में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के आवास हैं। यही वजह है कि इस घटना के बाद अमेरिका में हड़कंप मच गया है। वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, वॉशिंगटन स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे फोर्ट मैकनेयर के ऊपर संदिग्ध ड्रोन दिखाई दिया।

हालांकि अभी तक पता नहीं चल सका है कि यह ड्रोन कहां से आया था। इस घटना के बाद मार्को रुबियो और पीट हेगसेथ के आवास इस सैन्य अड्डे से स्थानांतरित करने की चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वॉशिंगटन में सैन्य अड्डे के ऊपर संदिग्ध ड्रोन देखे जाने के बाद व्हाइट हाउस के उच्च अधिकारियों ने बैठकें की। घटना के बाद अमेरिका में अलर्ट है। ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी और कई अन्य वरिष्ठ सैन्य कमांडरों की मौत के बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई की आशंका को देखते हुए अमेरिका में हाई अलर्ट है।

अमेरिकी सैन्य ठिकानों की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। अमेरिका के राजनयिक मिशनों के लिए भी सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया है। अमेरिका का फोर्ट मैकनेयर सैन्य अड्डा, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय और पेंटागन के कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों का घर है।

यहां आमतौर पर अमेरिकी सरकार के लोग नहीं रहते, लेकिन फिलहाल सुरक्षा चिंताओं के चलते कई नेता इस सैन्य अड्डे को अपना ठिकाना बनाए हुए हैं। यह सैन्य अड्डा अमेरिकी संसद और व्हाइट हाउस के करीब स्थित है।

## गैस फील्ड पर हमला हुआ तो करारा जवाब देंगे, कतर के ऊर्जा ठिकाने पर हमले के बाद ईरान की धमकी

**तेहरान।** ईरान की सेना ने अमेरिका और इजरायल के ठिकानों पर मिसाइल हमले किए हैं। ईरान ने इसे अपने खुफिया मंत्री की मौत का बदला बताया है। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर कतर के गैस ठिकानों को दोबारा निशाना बनाया गया, तो अमेरिका ईरान के ऊर्जा संसाधनों को पूरी तरह नष्ट कर देगा। ईरान की सेना इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने क्षेत्र में अमेरिका से जुड़े तेल ठिकानों पर हमलों की जिम्मेदारी ली है। आईआरजीसी ने बताया कि ये हमले ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 के 63वें चरण का हिस्सा थे। ईरान ने यह कार्रवाई अमेरिका और इस्राइल के उन हमलों के जवाब में की है जो पिछले दिनों ईरान पर हुए थे।



ईरानी सेना के जनसंपर्क कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि यह हमला ईरान के खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब और अन्य साथियों की शहादत का बदला लेने के लिए भी थी। ईरान ने साफ किया कि उसका शुरुआती इरादा तेल ठिकानों पर हमला करने या पड़ोसी देशों की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का नहीं था। लेकिन जब दुश्मन ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाया, तो ईरान को भी जवाबी हमला करना पड़ा। आईआरजीसी का कहना है कि अब यह युद्ध एक नए और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। ईरान की आईआरजीसी ने दावा किया है कि उसने इस्राइल के भीतर लगभग 80 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इनमें रिशोन लेजियन, रामला, लोद, ईलात और तेल अवीव के पास के कई महत्वपूर्ण इलाके शामिल हैं। इन हमलों में कई वारहेड वाली मिसाइलों और घातक ड्रोनों का इस्तेमाल किया गया। ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके ऊर्जा ठिकानों पर फिर से हमला हुआ, तो वह दुश्मन के ठिकानों को पूरी तरह तबाह कर देगा और अगला हमला इससे भी ज्यादा भयानक होगा।

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने फिर से कतर की ऊर्जा सुविधाओं को निशाना बनाया, तो अमेरिका ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड को पूरी तरह नष्ट कर देगा। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि कतर या अमेरिका को हालिया हमलों की कोई पूर्व जानकारी नहीं थी और ईरान ने गलतफहमी में कतर की एलएनजी सुविधा पर हमला किया है। उन्होंने %ट्रुथ सोशल% पर लिखा कि इजरायल अब इस गैस फील्ड पर तब तक हमला नहीं करेगा, जब तक ईरान कतर जैसे निर्दोष देश को निशाना बनाना बंद रखता है। ट्रंप ने साफ किया कि वह ईरान में तबाही नहीं चाहते क्योंकि इसका भविष्य पर बुरा असर पड़ेगा, लेकिन कतर पर दोबारा हमला होने की स्थिति में वे सैन्य कार्रवाई से पीछे नहीं हटेंगे।

## इस्राइली हमलों के बाद ईरान का पलटवारः खाड़ी में कई रिफाइनरी को बनाया निशाना

**तेहरान।** इस्राइल के हमलों के बाद ईरान ने पलटवार किया है। तेहरान ने पड़ोसी अरब देशों में हमले तेज किए हैं। खाड़ी देशों में कई रिफाइनरी को निशाना बनाया गया है। पश्चिम एशिया क्षेत्र में स्थिति गंभीर होती जा रही है। ईरान ने गुरुवार को खाड़ी क्षेत्र के अरब पड़ोसी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर अपने हमले तेज कर दिए। यह कदम इस्राइल की ओर से उसके मुख्य अपतटीय गैस क्षेत्र पर किए गए हमले के जवाब में उठाया गया। ईरान ने लाल सागर में सऊदी अरब की एक रिफाइनरी पर हमला किया और कतर की एलएनजी सुविधाओं तथा कुवैत की दो तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाया। इससे पश्चिम एशिया में जारी युद्ध गंभीर स्थिति में पहुंच गया है और दुनियाभर में ईंधन की कीमतें तेजी से वृद्धि हुई है।

> **तेल**
>
> « अंतरराष्ट्रीय मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड तेल की कीमत 114 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई।

अंतरराष्ट्रीय मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड तेल की कीमत 114 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। 28 फरवरी को इस्राइल और अमेरिका ने ईरान पर हमले शुरू किए थे, इसके बाद से इसमें 57 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। ऊर्जा संकट की आशंका के कारण बाजारों में चिंता बढ़ गई है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तट के पास एक जहाज में आग लग गई और कतर के पास एक अन्य जहाज को नुकसान पहुंचा। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य पर मंडराते खतरे की ओर ध्यान गया, जहां से दुनिया के तेल का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है और जिस पर ईरान का प्रभाव है। सऊदी अरब पहले ही इस जलमार्ग से बचने के लिए तेल को पश्चिम की ओर लाल सागर के रास्ते भेज रहा था, लेकिन यनबू शहर में स्थित उसकी सैमरेफ रिफाइनरी पर ईरानी ड्रोन हमले के बाद इस रास्ते की सुरक्षा पर भी सवाल उठ गए हैं। कतर ने बताया कि उसकी एक बड़ी



एलएनजी सुविधा में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। इससे पहले के हमलों के कारण उत्पादन पहले ही बंद था। लेकिन नए हमलों से वहां और ज्यादा नुकसान हुआ है। इससे युद्ध खत्म होने के बाद भी कतर की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। कतर दुनिया के लिए प्राकृतिक गैस का एक बड़ा स्रोत है।

कुवैत की मीना अल-अहमदी रिफाइनरी पर ड्रोन हमले से आग लग गई। हालांकि, किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह पश्चिम एशिया की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है। इसके कुछ ही समय बाद पास की मीना अब्दुल्ला रिफाइनरी में भी आग लग गई। अबू धाबी के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें हबशन गैस सुविधा और बाब फील्ड में काम बंद करना पड़ा। उन्होंने इसे ईरान के हमलों को खतरनाक बढ़ोतरी बताया। खाड़ी क्षेत्र के कई इलाकों में मिसाइल हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजे और इस्राइल ने भी कई बार ईरानी हमलों की चेतावनी दी। कतर, सऊदी अरब और यूएई ने इन हमलों की निंदा की है। सऊदी अरब के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि इन हमलों से भरोसा पूरी तरह खत्म हो गया है। इसके बावजूद ईरान ने अपने हमले जारी रखे। सऊदी अरब ने रियाद और पूर्वी प्रांत में छह ड्रोन मार गिराए। लेकिन सैमरेफ रिफाइनरी को नुकसान पहुंचा। यह रिफाइनरी सऊदी अरामको और एक्सॉनमोबिल की साझेदारी है।

इस्राइल में भी ईरान के कई हमलों के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। इमारतों को नुकसान पहुंचा। लेकिन बड़े पैमाने पर जनहानि की खबर नहीं है। ईरान ने ये हमले तब किए, जब इस्राइल ने दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र पर हमला किया था, जो दुनिया का सबसे बड़ा गैस क्षेत्र है और कतर के साथ साझा किया जाता है। यह हमला ईरान की बिजली आपूर्ति के लिए भी खतरा माना जा रहा है क्योंकि देश की ज्यादातर बिजली प्राकृतिक गैस से बनती है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने चेतावनी दी कि इसके परिणाम खतरनाक हो सकते हैं और पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकते हैं। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान कतर के ऊर्जा ढांचे पर हमले जारी रखता है तो अमेरिका कड़ी कार्रवाई करेगा। इस बीच, कतर की रास लाफन एलएनजी सुविधा पर मिसाइल हमले से आग लग गई। कतर के तट के पास एक जहाज भी प्रभावित हुआ।

## ट्रंप के टैरिफ का उल्टा असरः अमेरिकी उद्योगों को नुकसान

राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ से अमेरिकी उद्योगों को मदद के बजाय नुकसान हो रहा है और श्रमिक वर्ग भी नाराज है। जानें कैसे आयात शुल्क देश की अर्थव्यवस्था और विनिर्माण क्षेत्र को प्रभावित कर रहे हैं।

पूरी दुनिया में टैरिफ लगाकर अमेरिकी जजों की भी निंदा करने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इस मुद्दे पर अपने ही देश में अपने ही प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण ट्रंप के लगाए टैरिफ से देश के उद्योगों व निर्माताओं को मदद मिलने के बजाय नुकसान होना है। टैरिफ के फैसले से अमेरिका में कई उद्योग और कारोबार इन दिनों अच्छे-खासे नुकसान में हैं। इससे अमेरिकी विनिर्माण को भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। श्रमिक वर्ग भी इस फैसले से आहत है।

ट्रंप के समर्थक उद्योगपति जे. एलन ने कहा, उद्योगपतियों ने इस भरोसे के साथ ट्रंप को वोट दिया था कि रिपब्लिकन नेता करों में कटौती और नियमों में ढील देंगे, जिससे उनके विनिर्माण व्यवसाय को मदद मिलेगी। लेकिन ट्रंप के आर्थिक एजेंडे के मूल में मौजूद टैरिफ ने उनकी कंपनी एलन इंजीनियरिंग कॉर्प को चौपट किया है। आयात करों ने विदेशों में बने इंजनों, स्टील, गियरबॉक्स और क्लच की लागत भी बढ़ा दी है। इसके चलते पावर ट्रॉवेल निर्माण के दाम एक लाख डॉलर तक हो सकते हैं। ट्रंप ने टैरिफ को अमेरिकी कारखानों की मदद करने वाला बताया था लेकिन देखने में आ रहा है कि वे वास्तव में देशभर के कई उद्योगों और उत्पादन इकाइयों को कुचल रहे हैं।

ट्रंप प्रशासन फरवरी में सुप्रीम कोर्ट से अवैध घोषित आयात करों के स्थान पर नए टैरिफ बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इससे हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। देश के विनिर्माण उद्योगपति क्रेसन क्रू ने कहा, टैरिफ के कारण उन्होंने 2025 में अपनी कंपनी को घाटे में चलाया। उनके यहां कर्मचारियों की संख्या 205 से घटकर 140 रह गई। बिक्री में कमी पर भी उन्होंने कीमतें 8-10त्न बढ़ाई हैं।

अगले दशक में संघीय घाटे में वृद्धि होने का अनुमान है। आर्थिक नीति समूह एम्प्लाई अमेरिका के ईडी स्कंदा अमरनाथ ने कहा, ट्रंप के टैरिफ से विनिर्माण में कोई वृद्धि नहीं दिखती। इस क्षेत्र में कोई नया पुनर्जागरण भी नहीं हो रहा है। टैरिफ पर अनिश्चितता ने निवेश को हतोत्साहित किया है। टैरिफ लगाने के लिए कांग्रेस को दरकिनार करने से छोटी विनिर्माण कंपनियों को योजना बनाना भी मुश्किल कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने चेताया कि संघीय जजों की निजी आलोचना खतरनाक है और इसे रोकना होगा। यह चेतावनी उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा प्रशासन के खिलाफ फैसला सुनाने वाले एक संघीय जज को सनकी, नीच, बेईमान और पूरी तरह से बेकाबू कहने के दो दिन बाद दी। रॉबर्ट्स ने ट्रंप या किसी और को निशाना बनाने से परहेज किया और जोर दिया कि जजों पर हमले किसी एक राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं हो रहे हैं। रॉबर्ट्स ने ह्यूस्टन में कहा, न्यायिक राय की आलोचना न्यायिक पेशे का हिस्सा है और यह स्वस्थ भी हो सकती है।

# 45.4 करोड़ की लागत से बनेगा गठाना-ड़ड़वा गोमती नदी पर सेतु : गिरीश यादव

**राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव नें अपने 9 वर्षो के कार्यकाल मै गोमती नदी पर तीन बड़े सेतु और 2 प्लाटून पीपे का पुल जो बन गया है और एक प्लाटून पुल तुतीपुर मे बनने वाला है की स्वीकृति कराई**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** प्रदेश के खेल व युवा कल्याण राज्यमंत्री एवं जिले के विकास पुरूष गिरीश चंद्र यादव की पहल पर जनपद को एक और बड़ी सौगात मिल गई है। राज्यमंत्री श्री यादव की पहल को बेहद ही गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदर विधानसभा के आखिरी छोर पर स्थित खुटहन विकास खण्ड के गठाना-डंडवा गांव के निकट गोमती नदी पर एक और पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। उक्त पुल निर्माण हेतु करीब 45 करोड़ 5 लाख रुपए का भारी भरकम बजट स्वीकृत किया है। जनपद में विकास को गति देते हुए प्रदेश सरकार के खेल व युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव के अथक प्रयास से प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तीय वर्ष 2025-26 राज्य योजनान्तर्गत जनपद के गठाना एवं डंडवा गांव के निकट गोमती नदी पर सेतु निर्माण हेतु 45 करोड़, 4 लाख, 86 हजार रूपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। उक्त पुल के निर्माण से जिले के विकास को और गति मिलेगी तथा स्थानीय जनता आदि को विशेष लाभ प्राप्त होगा। उक्त पुल के निर्माण से वहां आसपास की जनता को लगभग 20-25 किमी दूरी की यात्रा कम होगी। ज्ञातव्य है कि राज्यमंत्री के अथक प्रयास से इससे पूर्व अपने विधानसभा क्षेत्र में इस पुल को लेकर कुल तीन पुल की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई है। दो पुल का निर्माण लगभग पूर्ण होने जा रहा है। जिसमें नगर के जोगियापुर स्थित शास्त्री सेतु के समानान्तर एक पुल तथा प्यारेपुर-कलीचाबाद में एक सेतु का निर्माण शामिल है। इसके अलावा दो प्लाटून पुल (पीपा पुल) का निर्माण हो चुका है। जिसमें नगर के अचला देवी घाट व मियांपुर तथा खुटहन विकास खण्ड के गठाना गांव स्थित गोमती नदी पर पीपा पुल शामिल है। इसके अलावा नगर के तूतीपुर मोहल्ला स्थित गोमती नदी पर एक और प्लाटून पुल का निर्माण होने जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने दी।

## मां जगत जननी धाम मंदिर का हुआ भूमिपूजन



**जौनपुर।** मां जगत जननी धाम के पीठाधीश्वर परम पूज्य परम ब्रह्मज्ञानी पंडित राम पूजन तिवारी महाराज जी के कर कमलों से मां जगत जननी धाम मंदिर के भूमि पूजन हेतु गुरुवार को ग्राम सभा सहनी में महर्षि विद्या मंदिर के संस्थापक सुशील दुबे(मट्टर) के भूमि पे मां जगत जननी धाम मंदिर का भूमि पूजन किया गया ।इस अवसर पे सैकड़ो की संख्या में गुरुदेव भगवान के भक्तगणों का तांता लगा रहा और गुरुदेव भगवान ने सभी भक्तों को अपने आशीर्वचनों से सिंचित किया इस अवसर पर विनय पाण्डेय अमित सिंह सूर्यवंशी शिवानंद तिवारी सूरज पाण्डेय अरुण पाण्डेय अनिल चौबे विजय दुबे राहुल मिश्रा लक्ष्मण सिंह सागर पाण्डेय रिंकू मिश्रा कल्लू तिवारी अमित तिवारी विनय कुमार केशव तिवारी आदि सैकड़ों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में व्यापक विकास कार्य हों रहा है: अजीत

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में भव्य प्रदर्शनी और गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत प्रजापति, जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया गया। सभी अतिथिगणों को स्वागत पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर किया गया। अतिथिगण के द्वारा विभागवार लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्रदर्शनी में आने वाले सभी आगन्तुको को अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की जाए और इसके साथ ही पात्र व्यक्तियो को शासन की याजनाओं से आच्छादित करने के हर सम्भव प्रयास किये जाए। इस दौरान शासन की नौ वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी देखी गई तथा उपस्थित लोगों द्वारा सराही गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में व्यापक विकास कार्य हो रहे है। युवाओ को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे है। इस दौरान उन्होने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 102 सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए इसका व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा गया। इसके साथ ही उन्होने प्लास्टिक और थर्माकोल का प्रयोग न करने की अपील भी की। जिलाधिकारी ने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चिकित्सा, कृषि, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश के माध्यम से उद्योगो को स्थापित किया गया है। भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के साथ महिला सशक्तिकरण, नारी स्वावलम्बन, नारी सम्मान और नारी सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए है। उन्होने बताया कि शासन के द्वारा किसानों को समय से सिचाई हेतु पानी, बीज, उर्वरक और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि उपलब्ध कराने के साथ ही अनुदान पर नये कृषि यन्त्र भी उपलब्ध कराये जा रहै है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत जनपद के युवाओ को स्वरोजगार से जोड़कर उनका पलायन रोका जा रहा है और इस योजना में जनपद लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

## मिथुन निषाद ने प्राप्त किया कराटे में तृतीय डैन ब्लैक बेल्ट

**प्रयागराज।** मिथुन निषाद ने कराटे में 3हम्र डैन ब्लैक बेल्ट जापान के टेंशिकन कराटे-डो फेडरेशन, जापान से प्राप्त किया है, यह एक असाधारण उपलब्धि है! कराटे क्लब के सचिव मिथुन निषाद ने टेंशिकन कराटे जापान से थर्ड डैन ब्लैक बेल्ट प्राप्त करना, जो उन्होंने अपने गुरु हसरत खान तेंशिनकान शोटोकान रयू कराटे फेडरेशन इंडिया के अध्यक्ष, जापान से 9वीं डैन ब्लैक बेल्ट, दक्षिण एशिया प्रमुख, और केआईओ के एसोसिएट सदस्य।

के संरक्षण और देखरेख में हासिल किया है। यह कराटे की गहरी गुरु-शिष्य परंपरा और अटूट बंधन का एक बेहतरीन उदाहरण है। यह उपलब्धि कई मायनों में और भी खास हो जाती है। हसरत खान ने निश्चित रूप से मिथुन को कराटे की बारीकियां सिखाई, उनकी नींव मजबूत की, और उन्हें इस स्तर तक पहुंचने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान किया। एक गुरु ही होता है जो शिष्य की क्षमता को पहचानता है और उसे सही दिशा दिखाता है।

# बहुप्रतीक्षित फीचर फिल्म प्रधानी का शुभ मुहूर्त आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** बर्लेस्क्यू फिल्म्स के बैनर तले निर्मित बहुप्रतीक्षित फीचर फिल्म प्रधानी का शुभ मुहूर्त आज ग्राम ढकाहा में विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामवासियों एवं दर्शकों की भारी उपस्थिति के बीच फिल्म के पहले क्लैप के साथ शूटिंग की औपचारिक शुरुआत की गई।

मुहूर्त के साथ ही फिल्म की शूटिंग प्रारंभ हो चुकी है, जो आगामी एक माह तक जनपद के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर चलेगी। फिल्मांकन वास्तविक लोकेशनों पर किया जाएगा, जिससे कहानी को अधिक प्रामाणिक एवं प्रभावशाली रूप प्रदान किया जा सके। प्रधानी फिल्म ग्रामीण राजनीति, सत्ता संघर्ष और ग्राम प्रधान व्यवस्था की जमीनी सच्चाइयों पर आधारित है। यह फिल्म किसानों की समस्याओं, भ्रष्टाचार, जनविश्वास और बदलाव की लड़ाई को सशक्त एवं यथार्थपरक ढंग से प्रस्तुत करेगी।

फिल्म के लेखक एवं निर्देशक नरेन्द्र कनौजिया हैं, जबकि निर्माण अनामिका कनौजिया एवं रामदेव यादव द्वारा किया जा रहा है। फिल्म की स्टार कास्ट में सोनम यादव, श्याम सुंदर, ज्योति सिंह, शिखर श्रेयान, आशुतोष त्रिपाठी, विवेक शर्मा, आदित्य रॉय, राजेश श्रीवास्तव, देवेंद्र मोदी, राजीव प्रकाश, जूही गौर, अरुण पांडे, रिया सिंह एवं रंजीत पाल प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

फिल्म के संगीत की जिम्मेदारी बॉलीवुड के प्रसिद्ध संगीत निर्देशक मोंटी शर्मा निभा रहे हैं, वहीं छायांकन दक्षिण भारत के चर्चित सिनेमैटोग्राफर सी. जी. जिथेश द्वारा किया जा रहा है।

## चैत्र नवरात्रि के पहले दिन देवी के मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**प्रयागराज।** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। संगम तट के पास स्थित 51 शक्तिपीठों में से एक मां अलोप शंकरी देवी मंदिर में विशेष आस्था देखने को मिली। इस दिन मां शैलपुत्री का पूजन किया गया और हिंदू नव संवत्सर 2083 का भी शुभारंभ हुआ। मां अलोप शंकरी मंदिर के कपाट ब्रह्ममुहूर्त में ही खोल दिए गए थे। सुबह 4 बजे से ही मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। अलोपीबाग स्थित मंदिर मार्ग पर श्रद्धालुओं की कई किलोमीटर लंबी कतारें देखी गई। भक्त नारियल, चुनरी और प्रसाद लेकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। अलोप शंकरी मंदिर की विशेषता यह है कि यहां देवी की कोई मूर्ति नहीं है। मान्यता है कि यहां सती के दाहिने हाथ का पंजा अलोप हो गया था। इसके प्रतीक स्वरूप यहां एक पालने की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन इस पालने का फूलों, स्वर्ण आभूषणों और सुगंधित द्रव्यों से विशेष श्रृंगार किया गया। भक्तों ने पालने के नीचे स्थित कुंड में जल अर्पित कर सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। अलोप शंकरी मंदिर में दर्शन का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यहां भक्त मां के निराकार स्वरूप की आराधना करते हैं।

# मैनपुरी कार्यशाला में टीबी-एचआईवी पर जागरूकता पर जोर

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने एस.एस.के. एडवोकेसी की कार्यशाला में जिला क्षय रोग अधिकारी को आदेशित करते हुए कहा कि संदिग्ध मरीजों की टी.बी., एच.आई.वी. की जॉच अवश्य करायी जाये, अब टीबी, एचआईबी लाइलाज बीमारी नहीं है, नियमित रूप से दवा खाने से टीबी का मरीज पूरी तरह स्वस्थ और सुरक्षित रहता है वहीं एच.आई.वी. के मरीज को नियमित दवा लेने से एच.आई.वी. वॉयरस निष्क्रीय रहता है, जिससे मरीज को कोई समस्या नहीं होती, जानकारी करने पर क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि जनपद में चिन्हित क्षय रोगियों, एच.आई.वी. संक्रमित मरीजों की नियमित देख-भाल की जा रही है, उन्हें समय से दवाएं एवं योजना के तहत मिलने वाली धनराशि का भुगतान भी समय से हो रहा है, एच.आई.वी. संक्रमित मरीजों का पूरा डेटा गोपनीय है। कार्यशाला में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. आशुतोष ने एच.आई.वी. संक्रमण के कारण इसके फैलने के तरीके, बचाव के उपाय, समय पर जॉच, निःशुल्क उपचार तथा कलंक एवं भेद-भाव के समाप्त करने जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसी भी मरीज को शंका हो तो जिला चिकित्सालय के क्षय रोग वार्ड में आकर जॉच करायें, सभी जॉचें निःशुल्क हैं साथ ही संक्रमित व्यक्ति का पूरा विवरण गोपनीय रखा जाता है। उन्होने कहा कि एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति नियमित उपचार के माध्यम से सामान्य एवं स्वस्थ जीवन-यापन कर सकता है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.सी. गुप्ता, वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज यादव, मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. धर्मेन्द्र, चिकित्साधिकारी डा. गौरव अग्रवाल, स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी रविन्द्र गौर, नोडल डा. राजदीप सिंह, एस.टी.आई. काउसंलर नीरू चौहान, आशू पाण्डेय, शशि यादव, सुनील पाल, अतुल, रिचा दुबे, राजीव कुमार, नरसिंह राठौर, मोनिका यादव, विकास चन्द्र गुप्ता, उदयवीर सिंह, कविता सिंह, सनिल मिश्रा, राजेश राजपूत, शिवानी यादव, अमन यादव, राहुल बाबू, नितिन भदौरिया, राजेश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे, कार्यशाला में उ.प्र. राज्य एड्स कन्ट्रोल सोसाइटी की सी.एस.ओ. रेनूबाला कौशल ने एच.आई.वी. से बचाव के सम्बन्ध में जानकारी दी, कार्यक्रम का संचालन यादवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।

## साइबर थाने के इंस्पेक्टर सस्पेंड

**प्रयागराज।** प्रयागराज के साइबर थाने में तैनात इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह सस्पेंड कर दिए गए हैं। लचर कार्यप्रणाली व अफसरों के आदेश के अनुपालन में लापरवाही पर उन पर गाज गिरी है। सात महीने पहले उन्हें कर्नलगंज से हटाकर साइबर थाने में तैनाती दी गई थी। प्रदीप सिंह सुल्तानपुर के रहने वाले हैं। साइबर थाने में तैनाती के बाद उन्हें कई अहम मामलों की विवेचना सौंपी गई। हालांकि विवेचना के निस्तारण में उनकी परफॉर्मेंस संतोषजनक नहीं रही। ज्यादातर मामलों में कार्रवाई जांच तक ही सिमटी रही। हालांकि हाल ही में उन्होंने राज्य मुक्त विद्यालय परिषद के नाम से अवैध संस्था बनाकर फर्जी मार्कशीट-सर्टिफिकेट जारी करने के आरोपी राजमन गोंड को लखनऊ से गिरफ्तार किया था। उसे जिस मामले में गिरफ्तार किया गया, वह पत्राचार शिक्षा संस्थान के अपर शिक्षा निदेशक ने एक सितंबर 2024 को साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराया था। आरोपी फर्जी वेबसाइट बनाकर यह पूरा खेल करता था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस खेल के पीछे एक बड़े नेटवर्क का हाथ होने की आशंका थी, जिसमें राजमन गोंड सिर्फ एक कड़ी थी।

# मुख्य टिकट निरीक्षकों की बैठक में यात्री सुविधाओं एवं राजस्व वृद्धि पर जोर

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज रजनीश अग्रवाल की अध्यक्षता में अपर मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज दीपक कुमार तथा वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) हरिमोहन, मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अंकित अग्रवाल की उपस्थिति में आज प्रयागराज मण्डल के सभी मुख्य टिकट निरीक्षक स्टेशन एवं मुख्य टिकट निरीक्षक लाइन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में टिकट जांच व्यवस्था, यात्री सुविधाओं में सुधार, ट्रेनों के समय पालन तथा राजस्व वृद्धि से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ बनाना, ट्रेनों के समय पालन में सुधार करना, अनावश्यक डिटेंशन को कम करना तथा वाणिज्यिक राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) हरिमोहन ने अलार्म चेन पुलिंग की घटनाओं को न्यूनतम रखने तथा ऐसी घटनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए, जिससे ट्रेनों का औसत डिटेंशन समय घटाकर अधिकतम 5 मिनट तक सीमित किया जा सके। इसी प्रकार मेडिकल डिमांड के मामलों में भी त्वरित कार्रवाई कर अनावश्यक ठहराव को कम करने पर बल दिया गया। रेलमदद के अंतर्गत प्राप्त ओवरक्राउडिंग संबंधी शिकायतों को कम करने हेतु निर्देशित किया गया। ट्रेनों में ड्यूटी समाप्ति के उपरांत प्रत्येक टिकट चेकिंग स्टाफ को अनिवार्य रूप से डिफिशिएंसी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, ताकि सेवा में पाई जाने वाली कमियों का समयबद्ध निराकरण किया जा सके। दिव्यांगजन कोचों में अनधिकृत यात्रियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर नियमानुसार शुल्क वसूली एवं उन्हें कोच से हटाने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने कहा कि यात्रियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। आगामी ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए स्टेशनों पर उपलब्ध संसाधनों का नियमित आकलन कर किसी भी अतिरिक्त आवश्यकता की जानकारी समय रहते प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए। अपर मण्डल रेल प्रबंधक दीपक कुमार ने कहा कि वाणिज्य विभाग रेलवे प्रशासन का एक महत्वपूर्ण अंग है, जिसकी सकारात्मक भूमिका से यात्रियों के मध्य रेलवे की छवि सुदृढ़ होती है तथा रेल परिचालन एवं आय में भी उल्लेखनीय सुधार संभव है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

ई–टेण्डरिंग खुली निविदा सूचना सं. 10/2026 दिनांक 06.03.2026 के अंतर्गत निविदा जो दिनांक 30.03.2026 को खोली जानी है, को प्रशासनिक कारणों से निरस्त किया जाता है। ई–निविदा का विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), इज्जतनगर

मुजाधि / डब्ल्यू-517

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## कार्यालय ग्राम पंचायत अलहदादपुर विकास खण्ड फिरोजाबाद

पत्रांक :- मीमो/मनरेगा/सामिग्री आपूर्ति/वर्ष 2025-26 | दिनांक : 19.03.2026

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत अलहदादपुर विकास खण्ड फिरोजाबाद में मनरेगा योजनान्तर्गत निर्माण कार्य किये जाने है। जिसके लिए पंजीकृत ठेकेदारों/सामिग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा कार्य किया जाना है। इच्छुक फर्म/पंजीकृत ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से दिनांक 20.03.2026 से 25.03.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत अलहदादपुर से रुपये 200 नगद भुगतानकर दिनांक 25.03.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे तक मोहर बंद लिफाफे कार्यालय ग्राम पंचायत अलहदादपुर में जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांक 25.03.2026 को अपरान्ह 4.00 बजे इस हेतु गठित समिति के द्वारा निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदाओं के साथ 1 प्रतिशत धरोहर राशि (एफ.डी.आर./चेक/बैंक ड्रफ्ट) अधोहस्ताक्षरी के पदनाम बंधक कर समस्त प्रपत्रों के साथ जमा करनी होगी। बंधक राशि के अभाव में आपकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। दर एवं निर्माण सामिग्री की जानकारी हेतु किसी भी कार्यालय दिवस में प्राक्कलन लागत की छायाप्रति प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | कार्य की अनुमानित लागत सामग्री (लाख में) | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पानी की टंकी से कालीचरन के घर तक इंटरलोकिंग निर्माण कार्य | 1307496.00 | 897392.00 | 8974.00 |
| 2 | नाले की पुलिया से रमेश के घर तक सी सी निर्माण कार्य | 1413321.00 | 1068784.00 | 10688.00 |

**नियम एवं शर्ते :-** 1. आपूर्ति कर्ता फर्म का व्यापार कर में पंजीयन अनिवार्य है। 2. निविदा के साथ जी.एस.टी.पंजीयन प्रमाणपत्र, पेन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी। 3. आपूर्तिकर्ता के प्रमाण पत्रों के अभाव मे निविदा पर विचार नही किया जायेगा। 4. सामिग्री आपूर्ति की मात्रा घट बढ़ सकती है। 5 समस्त कटौतियां नियमानुसार की जायेंगी। 6 सामिग्री आपूर्ति न किये जाने की दशा में जमानत धनराशि जप्त कर ली जायेगी। 7. समिति को निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा। 8. किसी प्रकार के वाद-विवाद की स्थिति में न्यायलय केन्द्र जनपद फिरोजाबाद होगा । 9. यदि किसी कारण से उपरोक्त दिनांक में उक्त कार्यवाही नही हो पाती है, तो कार्यवाही अग्रिम कार्य दिवस में होगी।

**लाखन सिंह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत अलहदादपुर**
**विकास खण्ड व जनपद फिरोजाबाद**

**सीमा यादव**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत अलहदादपुर**
**विकास खण्ड व जनपद फिरोजाबाद**

# समाज में सकारात्मक परिवर्तन पैदा करें विद्यार्थी: डॉ. विनोद सिंह

अवधनामा संवाददाता

**एनएसएस शिविर के दूसरे दिन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर जागरूकता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करती है। स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे कार्यों में भागीदारी से छात्र समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। स्वच्छता अभियान और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे सार्थक कार्यों में सक्रिय भागीदारी से छात्र न केवल अपने आसपास का पर्यावरण स्वच्छ बनाते हैं, बल्कि पूरे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की लहर पैदा करते हैं। डॉ. सिंह ने छात्रों से अपील की कि वे एनएसएस के माध्यम से स्वयंसेवा को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं, ताकि एक स्वच्छ, समृद्ध और जिम्मेदार भारत का निर्माण हो सके। यह पहल युवा पीढ़ी को नेतृत्व प्रदान करने और सामाजिक समस्याओं का समाधान खोजने में सक्षम बनाएगी। विशिष्ट अतिथि प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि स्वच्छता को केवल अभियान न मानकर जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। जब तक हम अपशिष्ट के सही प्रबंधन को नहीं अपनाएंगे, तब तक स्वच्छ समाज की कल्पना अधूरी रहेगी। इस अवसर पर शिविरार्थियों ने मुक्तांगन परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलायी।

कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. अजय मौर्य, डॉ. विशाल यादव, डॉ. प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ. शशिकांत यादव एवं डॉ. अनुराग मिश्र, उद्देश्य सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा शिविर के उद्देश्यों को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। शिविर में स्वयंसेवक दिव्यांशु सिंह, पृथ्वी राज सिंह, प्रियांशी मौर्य, प्रिया मोर्य, मनीष यादव, मोनू कुमार, आलोक मिश्रा, शंभू चौरसिया, रजनीश कन्हैया यादव सौरभ सिंह सिद्धार्थ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बिजनौर

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

उत्तर प्रदेश सरकार

संख्या : 425/न0पा0परि0बि0/2025-26 | दिनांकः 19-03-2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि शासन/निदेशक महोदय के आदेशानुसार http://cityfinance.in पोर्टल पर बैलेंस शीट अपलोड की जानी है। शासन एंव निदेशालय द्वारा समय-समय पर पारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन में पालिका का ऑडिट किया जाना है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के लेखों का दोहरा लेखा प्रणाली के आधार पर ऑडिट सी0ए0 द्वारा किये जाने हेतु निविदा दिनांक 20-03-2026 से दिनांक 27-03-2026 तक आमंत्रित की जानी है। इच्छुक सी0ए0 दिनांक 25-03-2026 तक पालिका के लेखा अनुभाग में अपनी सीलबंद निविदा बॉक्स में डाल सकते है। बाद गुजरने मियांद किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर कार्यालय में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बिजनौर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-सिकरा पठान, विकास खण्ड-बस्ती सदर, जिला-बस्ती

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत सिकरा पठान विकास खंड बस्ती सदर जनपद बस्ती में पंचम राज्य वित्त/ पंद्रहवां वित्त/ केंद्रीय वित्त/मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) सहित अन्य योजनानतर्गत योजना वर्ष 2026-27 में स्वीकृत आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य कराए जाने हेतु निर्माण से जुड़ी सामग्री ईट, गिट्टी, सीमेन्ट, सरिया, तथा अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा 18 मार्च 2026 से 1 अप्रैल 2026 के मध्याहन 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत सिकरा पठान, विकासखंड बस्ती सदर जनपद बस्ती के कार्यालय में रखी पेटिका में डाली जा सकती है।

**नियम एवं शर्ते :-**

1- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2- आपूर्तिकर्ता को न्यूनतम रू. 5000 की धरोहर धनराशि निविदा के साथ ई-पेमेन्ट/एफडीआर/एनएससी के रूप में सचिव, ग्राम पंचायत सिकरा पठान, विकास खण्ड बस्ती सदर, जनपद बस्ती के पदनाम से बंधक करांकर मूलरूप में निविदा के साथ कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
3- आपूर्तिकर्ता का जीएसटी का रजिस्ट्रेशन तथा आयकर देने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
4- निविदा स्वीकृति के उपरान्त समस्त वांछित औपचारिकतायें 07 कार्य दिवस में पूर्ण करनी अनिवार्य होगी अन्यथा निविदा अस्वीकृत/ निरस्त कर दी जायेगी।
5- कार्य पूर्ण होने के उपरान्त कार्य स्थल पर कार्य संबंधी साइन बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा अन्यथा भुगतान नहीं किया जायेगा।
6- प्राप्त निविदाओं एवं निविदा प्रक्रिया को स्वीकृत/अस्वीकृत तथा निरस्त/स्थगित करने एवं नियम व शर्तो/प्रतिबंधों को शिथिल करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा जिसका उल्लेख पत्रावली में किया जायेगा।
7- सर्वाधिकार ग्राम पंचायत सिकरा पठान, विकास खण्ड बस्ती सदर,जनपद बस्ती में सुरक्षित रहेगा तथा किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बस्ती न्यायालय होगा।
8- निविदा खोलने की दिनांक को किसी कारणवश अवकाश होने पर निविदा अगले दिन खोली जायेगी।
9- उक्त कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने होगे अन्यथा आर्थिक दण्ड लगाया जायेगा, जिसका निर्धारण तत्समय अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जायेगा।
10- ग्राम पंचायत सिकरा पठान का निर्वाचित प्रधान सदस्य/विभागीय कार्मिक या उसके परिवार का कोई भी सदस्य निविदा में भाग नहीं ले सकता है अन्यथा निविदा अस्वीकृत/निरस्त कर दी जायेगी।
11- सशर्त एवं ब्लैकलिस्टड निविदादाताओं की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
12- निविदा केवल ग्राम पंचायत कार्यालय सिकरा पठान विकास खण्ड बस्ती सदर जनपद बस्ती के कार्यालय में रखी निविदा पेटी में डाली गयी निविदा तथा पर विचार किया जायेगा तथा डाक द्वारा/अन्य किसी माध्यम से प्राप्त निविदा पर आक विचार नहीं किया जायेगा।
12- निविदा कार्य ग्राम पंचायत सिकरा पठान के रू.100 के प्रपत्र पर ही स्वीकृत किया जाएगा।

**सत्यावती देवी**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत सिकरा पठान**
**विकास खण्ड-बस्ती सदर, बस्ती।**

**हीरा सिंह**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत सिकरा पठान**
**विकास खण्ड-बस्ती सदर, बस्ती।**

# निप्पॉन पेंट ने भारतीय बाजार में पैठ मजबूत करने के लिए पंजाब किंग्स के साथ साझीदारी की



**चंडीगढ़।** निप्पी ग्रुप का हिस्सा और एशिया प्रशांत की नंबर 1 पेंट एवं कोटिंग विनिर्माता कंपनी निप्पॉन पेंट इंडिया ने आईपीएल 2026 के लिए पंजाब किंग्स के साथ इसकी फ्रैंचाइजी के आधिकारिक साझीदार के तौर पर एक ऐतिहासिक साझीदारी की आज घोषणा की। निप्पॉन पेंट का लोगो इस टूर्नामेंट के हर मैच में पंजाब किंग्स की जर्सी की दाहिनी आस्तीन पर दिखाई देगा जिससे यह ब्रांड इस धरती पर सबसे बड़े और लोकप्रिय खेलों में से एक खेल के दर्शकों के सामने उभरकर आएगा। इस साझीदारी की घोषणा निप्पॉन पेंट (इंडिया) ग्रुप के प्रबंध निदेशक शरद मल्होत्रा, निप्पॉन पेंट इंडिया के अध्यक्ष (डेकोरेटिव कोटिंग्स बिजनेस) मार्क टीटस और पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन द्वारा भारत और पंजाब किंग्स के क्रिकेटर और आईपीएल के ऑल टाइम अग्रणी विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल और पंजाब किंग्स के क्रिकेटर एवं सबसे भरोसेमंद फिनिशरों में से एक शशांक सिंह की उपस्थिति में की गई। इस साझीदारी पर प्रतिक्रिया देते हुए निप्पॉन पेंट (इंडिया) ग्रुप के प्रबंध निदेशक शरद मल्होत्रा ने कहा, हमें पंजाब किंग्स के साथ हाथ मिलाते हुए बेहद खुशी है। यह एक ऐसी टीम है जिसमें जीतने के लिए जबरदस्त ऊर्जा और निडरता है और अथक प्रयासरत रहती है। इस टीम की कभी हार नहीं मानने की मनोवृत्ति निप्पॉन पेंट के बुनियादी मूल्यों से गहराई से मेल खाती है। यही जुझारूपन की भावना हमारे #NayeIndiaKeNayeRang विजन को प्रेरित करती है क्योंकि हम एक गतिशील, अजेय राष्ट्र का जश्न मना रहे हैं जो लगातार प्रगति कर रहा है। यह आईपीएल हमें भारत के हर कोने से क्रिकेट प्रशंसकों के साथ जुड़ने का एक असाधारण प्लेटफॉर्म देता है और इस साझीदारी के जरिए हम रंग, ऊर्जा और दोनों ब्रांडों की पूरी ताकत के साथ ठीक यही करने का इरादा रखते हैं। इस अनावरण कार्यक्रम में पंजाब किंग्स की जर्सी की दाहिनी आस्तीन पर बने निप्पॉन पेंट के लोगो को भी प्रदर्शित किया गया। पंजाब किंग्स की लाल और नीले रंगकी जर्सी पर निप्पॉन पेंट का लोगो प्रमुखता के साथ दर्शाया गया है जिससे इस ब्रांड और टीम की पहचान के बीच मजबूत तालमेल का पता चलता है। इस अवसर पर निप्पॉन पेंट और पंजाब किंग्स का ब्लॉबी शुभंकर ÷ब्लॉबर शेर÷ को पेश किया जाना एक अन्य रचनात्मक घटक रहा जो इस टीम के साथ जुड़ी ताकत, ऊर्जा और निडरता का प्रतीक है। यह शुभंकर पूरे आईपीएल सीजन में दर्शकों को तल्लीन रखने के अभियानों, डिजिटल एक्टिवेशन और रिटेल अनुभव में एक प्रमुख पात्र बनने जा रहा है जिससे इस साझीदारी की पहुंच स्टेडियम की सीमा से परे होने जा रही है। इस गठबंधन पर अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए निप्पॉन पेंट इंडिया के अध्यक्ष (डेकोरेटिव कोटिंग्स बिजनेस) मार्क टीटस ने कहा, आईपीएल व्यापक स्तर पर युवा उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए भारत का सबसे शक्तिशाली प्लेटफॉर्म है और पंजाब किंग्स अपनी जीवंत पहचान और जोशीले प्रशंसक वर्ग के साथ निप्पॉन पेंट के लिए आदर्श साझीदार है क्योंकि हम पूरे भारत में हमारे ब्रांड की पहुंच बढ़ा रहे हैं।

## बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में तीन प्रतिशत की ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2,496.89 अंक या 3.26 प्रतिशत गिरकर 74,207.24 पर बंद हुआ। जून 2024 के बाद यह इसकी सबसे बड़ी एक दिवसीय गिरावट है। दिन के दौरान, यह 2,753.18 अंक या 3.58 प्रतिशत गिरकर 73,950.95 पर पहुंचा था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 775.65 अंक या 3.26 प्रतिशत गिरकर 23,002.15 पर बंद हुआ। बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, गुरुवार को आई बड़ी बिकवाली के बीच बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण करीब 11.5 लाख करोड़ रुपये घटकर करीब 427 लाख करोड़ रुपये रह गया। सेंसेक्स के सारे शेयर हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से, इटरनल, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और बजाज फिनसर्व प्रमुख पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं।

# पिन से भी छोटे छेद द्वारा यूपी की पहली 'कीहोल' हार्ट सर्जरी



**लखनऊ।** राजधानी स्थित अपोलोमेडिक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक चार वर्षीय छोटे बच्चे की जटिल हार्ट सर्जरी नई तकनीक से सफलतापूर्वक पूरी कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उत्तर प्रदेश में पहली बार हुआ, जब इतने छोटे बच्चे के दिल के छेद को 'कीहोल' तकनीक यानी बेहद छोटे चीरे के माध्यम से बंद किया गया। बच्चे को लंबे समय से फेफड़ों में बार बार संक्रमण हो रहा था और उसे सांस लेने में भी परेशानी रहती थी। जांच में पता चला कि उसके दिल में छेद है। आमतौर पर ऐसी स्थिति में पारंपरिक ओपन हार्ट सर्जरी की जाती है, जिसमें सीने में सामने की तरफ बड़ा चीरा (लगभग 15 से मी का) लगाया जाता है और मरीज को सर्जरी के बाद कई दिनों तक अस्पताल में रहना पड़ता है। अपोलोमेडिक्स में इस जटिल सर्जरी को अत्याधुनिक 'मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी' तकनीक से किया गया। इसमें बच्चे के कंधे के नीचे बगल के हिस्से में सेफ्टी पिन जितना (लगभग 3 से मी) का एक छोटा सा चीरा लगाया गया और उसी रास्ते से दिल का ऑपरेशन पूरा किया गया। इस दौरान हृदय को बायपास मशीन पर रखकर दिल के छेद को बंद किया गया। इस सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले अपोलोमेडिक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में कार्डियक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ राहुल भूषण ने बताया छोटे बच्चों में यह सर्जरी करना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि उनका हृदय आकार में बहुत छोटा होता है। डॉ राहुल भूषण ने इस तकनीक में विशेष प्रशिक्षण सिंगापुर के नेशनल हार्ट सेंटर में प्राप्त किया है। वहां उन्होंने मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी में एक वर्ष की फेलोशिप की, जिसके बाद इस तकनीक को लखनऊ में शुरू किया गया। उन्होंने बताया, छोटे बच्चों का दिल आम तौर पे वयस्क व्यक्ति के दिल से 3 से 4 गुना छोटा होता है। ऐसे में सर्जरी के दौरान बच्चों के दिल तक छोटे चीरे द्वारा पहुंचना और बायपास मशीन से जोड़ना तकनीकी रूप से कठिन होता है। नई तकनीक और आधुनिक मशीनों की मदद से अब इतने छोटे बच्चों में भी यह सर्जरी संभव हो पाई है। वयस्कों में दिल और फेफड़ों के कार्य को सुचारु रखने वाली बायपास मशीन से जोड़ने की प्रक्रिया आमतौर पर जांघ के ऊपरी हिस्से यानी ग्रोइन में मौजूद फीमोरल रक्त वाहिकाओं के माध्यम से की जाती है। लेकिन बच्चों में ये फीमोरल रक्त वाहिकाएं पूरी तरह विकसित नहीं होतीं। इसलिए बायपास मशीन के लिए ट्यूब लगाने की प्रक्रिया उसी छोटे चीरे से करनी पड़ती है, जहां से सर्जरी की जा रही होती है। इससे सर्जरी और कठिन हो जाती है, क्योंकि उसी छोटे स्थान से कई ट्यूब दिल में लगानी पड़ती हैं और सर्जिकल प्रक्रिया करने की जगह भी कम हो जाती है।

## सैमसंग अगले सप्ताह भारत में लॉन्च करेगा गैलेक्सी ए57 और गैलेक्सी ए37

**गुरुग्राम।** सैमसंग भारत में अपनी अगली पीढ़ी के गैलेक्सी ए सीरीज़ स्मार्टफोन्स लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ये नए स्मार्टफोन्स गैलेक्सी ए57 5G और गैलेक्सी ए37 5G अगले सप्ताह की शुरुआत में ही लॉन्च किए जा सकते हैं। इन नए स्मार्टफोन्स की सबसे बड़ी खासियत कम रोशनी में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्नत कैमरा क्षमताएं होंगी। इन दोनों स्मार्टफोन्स में नए AI फीचर्स मिलने की भी संभावना है, जिन्हें सैमसंग ऑसम इंटेलिजेंस कहता है। गैलेक्सी ए57 5G और गैलेक्सी ए 37 5G को धूल और पानी से सुरक्षा के लिए IP68 ड्यूरेबिलिटी के साथ लॉन्च किया जा सकता है। उन्हें लंबे समय तक सिक्योरिटी अपडेट और OS अपग्रेड मिलने की भी संभावना है, जो सैमसंग गैलेक्सी स्मार्टफोन्स की एक प्रमुख पहचान है। गैलेक्सी ए57 5G और गैलेक्सी ए37 5G सैमसंग नॉक्स वॉल्ट के साथ आएंगे, जो AI के इस दौर में बेहतर डेटा सुरक्षा के लिए एक हार्डवेयर-आधारित तकनीक है। बेहतर परफॉर्मेंस के लिए गैलेक्सी A57 5G और गैलेक्सी A37 5G में अपग्रेडेड प्रोसेसर, Wi-Fi 6E और ब्लूटूथ 6 मिलने की संभावना है। ये नए डिवाइस किफायती कीमतों पर प्रीमियम फीचर्स लाने की सैमसंग की ग्राहकों के अनुकूल रणनीति को प्रदर्शित कर सकते हैं। गैलेक्सी A सीरीज़ भारत में सैमसंग की सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन सीरीज़ में से एक है, जिसकी देश में अब तक की कुल बिक्री 10 करोड़ (100 मिलियन) यूनिट्स के करीब है।

# ज़ायडस ने अस्थमा और सीओपीडी मरीजों के लिए इनहेलर उपयोग को आसान बनाने हेतु एयरोलाइफ मिनी लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** ज़ायडस लाइफ साइंसेज लिमिटेड (ज़ायडस), एक नवाचार-प्रेरित लाइफ-साइंसेज़ कंपनी, ने एयरोलाइफ मिनी लॉन्च किया है। जो अगली पीढ़ी का प्रेशराइज़्ड मीटर्ड-डोज़ इनहेलर है। यह लॉन्च श्वसन देखभाल में ड्रग-डिवाइस आधारित नवाचार को आगे बढ़ाने की कंपनी की रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है। एयरोलाइफ मिनी भारत का पहला पोर्टेबल और फोल्डेबल एन्हांसर है, जो इसे उपयोग में बेहद सुविधाजनक बनाता है। ज़ायडस ने इस डिवाइस को एयरोडेल टेक्नोलॉजी इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक एक्सक्लूसिव लाइसेंसिंग व्यवस्था के तहत पेश किया है। भारत में अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़ और ब्रोंकिएक्टेसिस जैसी क्रॉनिक श्वसन बीमारियों का बोझ तेजी से बढ़ रहा है। इसके प्रमुख कारणों में बढ़ता वायु प्रदूषण, धूम्रपान, बार-बार संक्रमण और देर से निदान शामिल हैं। लाखों मरीज लक्षणों को नियंत्रित करने, बीमारी के बढ़ने को रोकने और जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए लंबे समय तक इनहेल्ड थेरेपी पर निर्भर रहते हैं। हालांकि, इनहेल्ड दवाएं उपचार का मुख्य आधार हैं, लेकिन दवा को फेफड़ों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना अभी भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। वास्तविक जीवन के अध्ययनों से पता चलता है कि लगभग 94% मरीज इनहेलर के उपयोग में कम से कम एक गंभीर गलती करते हैं, जिससे दवा की हानि होती है और उपचार का लाभ कम हो जाता है। स्पेसर डिवाइस,प्रेशराइज़्ड मीटर्ड-डोज़ इनहेलर के माध्यम से दी जाने वाली दवाओं की फेफड़ों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने में मदद करते हैं, क्योंकि वे कोऑर्डिनेशन की गलतियों को कम करते हैं। हालांकि, स्पेसर डिवाइस का वर्तमान बाजार काफी हद तक समान है, जहां अधिकांश उत्पाद भारी और बड़े आकार के होते हैं, जिससे उन्हें रोज़ाना साथ ले जाना मुश्किल होता है। इसके अलावा, बार-बार असेंबली की आवश्यकता गलत उपयोग और कम अनुपालन का जोखिम बढ़ाती है, खासकर घर से बाहर।

## कंटेंट और कॉमर्स की एक मिली-जुली दुनिया में जी रही है जेन अल्फा

**लखनऊ।** छोटे वीडियो अब व्लॉग्स में घुल-मिल गए हैं, जो आगे चलकर गेमप्ले में बदल जाते हैं और फिर ऐसा स्पॉन्सर्ड कंटेंट सामने आता है जो किसी दोस्त की सलाह जैसा लगता है। यहाँ स्क्रीन कभी बंद नहीं होती। जेन अल्फा डिजिटल स्ट्रीम को सिर्फ देखती नहीं, बल्कि उसी के भीतर रहती है। यह वह हकीकत हैकृजो पूरी तरह से डिजिटल दुनिया में डूबी और कमर्शियल रूप से सक्रिय है जिसे एडवरटाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) एकेडमी ने समझने की कोशिश की है। एएससीआई की सीईओ और सेक्रेटरी जनरल मनीषा कपूर ने कहा, एएससीआई एकेडमी की स्टडी 'व्हाट द सिग्मा?' जेनरेशन अल्फा की डिजिटल लाइफ की एक जांच है उन्हें जज करने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें बेहतर ढंग से समझने के लिए। उनके कल्चरल रेफरेंस पॉइंट्स पिछली पीढ़ियों से बिल्कुल अलग हैं। विज्ञापन को वे कैसे देखते हैं, यह जानकारी जिम्मेदार जुड़ाव के नए फ्रेमवर्क बनाने की दिशा में पहला कदम है, क्योंकि वे अभी हमारे देश के सबसे कम उम्र के मीडिया कंज्यूमर्स हैं। हमारा मकसद सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच एक ऐसी सहयोगी बातचीत शुरू करना है, जो क्रिएटिविटी और जिम्मेदारी के बीच सही संतुलन बनाए रखे। फ्यूचरब्राण्ड्स कंसल्टिंग' के साथ मिलकर एएससीआई एकेडमी ने 'व्हाट द सिग्मा?' नाम की एक अनोखी रिसर्च स्टडी जारी की है।

## नवरात्रि के अवसर पर आईआईएम रोड स्थित द अवियान में सात्विक उत्सव एवं स्पेशल थाली का हुआ सफल आयोजन



**लखनऊ।** आईआईएम रोड स्थित द अवियान द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित नवरात्रि सात्विक उत्सव एवं स्पेशल थाली का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सात्विक व्यंजनों के साथ आध्यात्मिक माहौल का आनंद लिया। आईआईएम रोड स्थित द अवियान के जनरल मैनेजर (महाप्रबंधक) आकाश सिंह राठैर ने कहा कि यह आयोजन केवल भोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अनुभव के रूप में उभरा, जिसने अतिथियों को नवरात्रि की वास्तविक भावना से जोड़ा। वहीं, असिस्टेंट फूड एंड बेवरेज (एफ एंड बी) मैनेजर सुनीत कुमार सिंह ने बताया कि विशेष सात्विक थाली को अत्यंत सावधानी और शुद्धता के साथ तैयार किया गया, जिसे मेहमानों से बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। प्रसून सिंह, एफ एंड बी मैनेजर (इवेंट्स एवं क्लब ऑपरेशंस) ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर द अवियान होटल में विशेष सात्विक थाली तैयार की गई है। यह थाली बायोटिक और सात्विक कॉन्सेप्ट (सिद्धांत) पर आधारित है, जिसमें कुट्टू की घुघरी, कट फ्रूट्स (कटे हुए फल), लस्सी सहित कई विशेष व्यंजन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस फेस्टिवल थाली (त्योहारी थाली) का उद्देश्य मेहमानों को पारंपरिक स्वाद के साथ एक प्रीमियम (उच्च स्तरीय) और यादगार अनुभव देना है।

## अयोध्या में राम रक्षा यंत्र प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुईं अम्मा, मूल्यों के पुनर्जागरण और आंतरिक जागृति का दिया संदेश



**अयोध्या।** प्रसिद्ध आध्यात्मिक संत माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) ने आज राम जन्मभूमि मंदिर में पवित्र श्री राम रक्षा यंत्र की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लिया। यह आयोजन चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर संपन्न हुआ, जिसने इस समारोह को विशेष आध्यात्मिक महत्व प्रदान किया। करीब 1,200 भक्तों और संन्यासियों के साथ अयोध्या पहुंचीं अम्मा की उपस्थिति ने इस आयोजन को एक गहरी आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर देशभर से संत-महात्मा, आध्यात्मिक साधक और राष्ट्रीय स्तर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अम्मा ने राम मंदिर को सनातन धर्म के लिए एक नए सूर्योदय के रूप में वर्णित करते हुए कहा कि राम रक्षा यंत्र की स्थापना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन में संतुलन, स्पष्टता और आंतरिक शक्ति को जागृत करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भौतिक प्रगति के इस दौर में मानवता एक गहरे मूल्य संकट का सामना कर रही है, विशेष रूप से युवाओं के बीच। अम्मा ने 'संस्कार' पर जोर देते हुए कहा कि परिवार और शिक्षण संस्थानों की भूमिका बच्चों में चरित्र, करुणा और विवेक विकसित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## बर्गर सिंह ने सीरीज बी फंडिंग में 82 करोड़ जुटाए

**गुरुग्राम।** भारत की अग्रणी स्वदेशी (होमग्रोन) बर्गर चेन बर्गर सिंह ने अपने सीरीज बी फंडिंग राउंड (निवेश का दूसरा बड़ा चरण) को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए 82 करोड़ जुटाने की घोषणा की है। इस राउंड में कंपनी का मूल्यांकन (वैल्यूएशन) 520 करोड़ आंका गया है। इस निवेश का नेतृत्व आर्टल एशिया पीटीई लिमिटेड ने किया, जिसमें नेगन अनडिस्कवर्ड वैल्यू फंड और ओरम राइजिंग इंडिया फंड जैसे नए और मौजूदा निवेशकों ने भी भाग लिया। कंपनी इस नई पूंजी का उपयोग एक स्केलेबल (विस्तार करने योग्य) फ्रेंचाइज़-फर्स्ट रेस्टोरेंट ग्रोथ प्लेटफॉर्म (रेस्तरां विकास मंच) तैयार करने के लिए अपने सिस्टम, प्रक्रियाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर (बुनियादी ढांचे) को मजबूत करने में करेगी। पिछले दो दशकों में भारत का क्विक सर्विस रेस्टोरेंट क्षेत्र (तेजी से सेवा देने वाले रेस्तरां) तेजी से बढ़ा है, लेकिन यह विकास मुख्य रूप से कंपनी के अपने स्टोर्स या मास्टर फ्रेंचाइज़ मॉडल तक सीमित रहा है। ऐसे में स्थानीय उद्यमियों के लिए एक मजबूत और संगठित मंच की कमी महसूस की जाती रही है।

## भारत में बड़े स्तर पर पहली बार गिर गाय एम्ब्रियो ट्रांसफर को सफलता पूर्वक संचालित किया गया



**बरेली।** भारत की डेयरी उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण को चिह्नित करते हुए, बीएल एग्रो की सहायक कंपनी लीड्स जेनेटिक्स ने आज घोषणा की कि यह देश की पहली बड़े पैमाने पर स्वदेशी गाय भ्रूण स्थानांतरण कार्यक्रम को संचालित करने वाली पहली निजी कंपनी बन गई है। जिसे हाल ही में स्थापित पशु प्रजनन और डेयरी तकनीक के उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित किया गया, जो अत्याधुनिक आईवीएफ, पैथोलॉजी और जीनोमिक्स लैब से सुसज्जित है। इस कार्यक्रम के पहले चरण, जो दिसंबर 2025 में आयोजित किया गया, में लीड्स जेनेटिक्स ने 116 गायों में सफलतापूर्वक इन-विट्रो फ़र्टिलाइजेशन किया, और 70त्न की प्रभावशाली सफलता दर हासिल की। इस सफलता का पैमाना भारत के पशुधन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है, जिसे पहले कभी प्रयास नहीं किया गया और हासिल भी नहीं किया गया। अपने पहले कार्यक्रम की सफलता को आधार बनाते हुए, लीड्स जेनेटिक्स ने 160 गिर, साहीवाल और एचएफ क्रॉस गायों में आईवीएफ के माध्यम से भ्रूण स्थानांतरण का दूसरा चरण भी सफलता पूर्वक संचालित किया। अपनी उत्कृष्ट दूध उपज, अनुकूलता और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए प्रसिद्ध, गिर नस्ल भारत की स्वदेशी पशु आबादी के जीन संबंधी सुधार में केंद्रीय भूमिका निभाती है।

# सैंडिस्क ने कंटेंट क्रिएटर्स को सशक्त बनाने के लिए भारत में क्रिएटर सीरीज़ पेश की



**नई दिल्ली।** सैंडिस्क की नई क्रिएटर सीरीज़ अब भारत में उपलब्ध है। यह स्टोरेज सॉल्यूशंस की एक प्रोफेशनल रेंज है, जिसे आज के कंटेंट क्रिएटर्स के लिए बनाया गया है। इस लाइनअप में एक माइक्रोएसडी कार्ड, एक एसडी यूएचएस-II कार्ड, बेहद तेज़ यूएसबी-सी फ्लैश ड्राइव, आईफोन के लिए मैगसेफ वाला एसएसडी, और एक फोन ड्राइव शामिल है जो भारतीय सामग्री निर्माताओं के लिए कई तरह के उपकरणों (डिवाइसेस) को सपोर्ट करता है।

सैंडिस्क क्रिएटर सीरीज़ गति, भरोसे और मजबूती का वादा करती है। यह हाई-रिज़ॉल्यूशन वीडियो, जनरेटिव एआई प्रोजेक्ट्स और तेज़ रफ़्तार वाले रचनात्मक काम के लिए एकदम सही है। चाहे 4क्च वीडियो रिकॉर्ड करना हो, काम को व्यवस्थित करना हो या बड़ी फाइलों का बैकअप लेना हो, यह निर्माताओं को अपने काम को आसानी से कैप्चर, ट्रांसफ, एडिट और सुरक्षित रखने में मदद करती है। इन समाधानों के साथ एडोब सॉफ्टवेयर की सदस्यता का कॉम्प्लिमेंट्री ट्रायल (मुफ्त परीक्षण) भी मिलता है, जिसमें तीन महीने का एडोब लाइटरूम या एक महीने का एडोब क्रिएटिव क्लाउड शामिल है।

सैंडिस्क के कंट्री मैनेजर और वीपी (उपाध्यक्ष), सुबिंद कुमार ने कहा, आज के निर्माता अक्सर कई उपकरणों और फॉर्मेट्स के बीच काम करते हैं, जो एक चुनौती हो सकता है। सैंडिस्क क्रिएटर सीरीज़ को निर्माताओं के वर्कफ़्लो (कामकाज के तरीके) को बेहतर बनाने के लिए बनाया गया है, ताकि वे अपनी रचनात्मकता को खुलकर दिखा सकें।

**सैंडिस्क क्रिएटर फोन एसएसडी चलता-फिरता प्रोडक्शन**

मैगसेफ वाले स्मार्टफोन के साथ आसानी से जुड़ने वाला यह एसएसडी, ऑन-द-गो (यात्रा के दौरान) सामग्री निर्माण को एक नया मतलब देता है। आईफोन 15 प्रो/प्रो मैक्स और आईफोन 16 के लिए विशेष रूप से बना यह एसएसडी 60एफपीएस (फ्रेम प्रति सेकंड) पर एप्पल प्रो-रेस 4K रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है।

## कानपुर रीजेंसी हेल्थ में सफल कॉक्लियर इम्प्लांट, 43 वर्षीय महिला को मिला नया जीवन



**कानपुर।** कानपुर स्थित रीजेंसी हेल्थ में कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के माध्यम से 43 वर्षीय महिला की सुनने की क्षमता फिर से लौट आई है। लंबे समय से गंभीर श्रवण समस्या से जूझ रही इस महिला को हियरिंग एड से भी कोई लाभ नहीं मिल रहा था। सफल सर्जरी और सुनने की विशेष ट्रेनिंग के बाद अब वह आवाज़ें सुन पा रही हैं और सामान्य रूप से बातचीत करने में सक्षम हो गई हैं। रीजेंसी हेल्थ के श्वहृञ्ज विभाग के डायरेक्टर डॉ. राजन भार्गव के नेतृत्व में यह प्रक्रिया की गई। जांच में पाया गया कि मरीज को हियरिंग एड से कोई फायदा नहीं मिल रहा था, इसलिए कॉक्लियर इम्प्लांट को सही विकल्प माना गया। मरीज पुष्पा सोनी कई वर्षों से सुनने की समस्या से परेशान थीं। शुरुआत में हियरिंग मशीन से उन्हें कुछ राहत मिली, लेकिन धीरे-धीरे उनकी सुनने की क्षमता पूरी तरह खत्म हो गई। हालत इतनी गंभीर हो गई थी कि वे आवाज़ों पर प्रतिक्रिया भी नहीं दे पा रही थीं। स्थिति को समझने के लिए उनकी पूरी जांच की गई, जिसमें कई तरह के टेस्ट शामिल थे। रिपोर्ट के आधार पर उन्हें कॉक्लियर इम्प्लांट के लिए उपयुक्त पाया गया। डॉ. राजन भार्गव, श्वहृञ्ज के डायरेक्टर,रीजेंसी हेल्थ, कानपुर ने बताया, मरीज को कई वर्षों से सुनने में दिक्कत थी और हाल के समय में वह बिल्कुल सुन नहीं पा रही थीं। सर्जरी के बाद जैसे ही इम्प्लांट चालू किया गया, उनकी सुनने और प्रतिक्रिया देने की क्षमता में साफ सुधार दिखा। सर्जरी के बाद मरीज को सुनने की ट्रेनिंग दी गई, जिससे उनकी सुनने, समझने और बोलने की क्षमता में लगातार सुधार हो रहा है। अब वे आवाज़ों को पहचान पा रही हैं और आसानी से बातचीत कर पा रही हैं। अपना अनुभव साझा करते हुए पुष्पा सोनी ने बताया कि वे लंबे समय से लगभग खामोशी में जी रही थीं और बात समझने के लिए होंठों को देखकर समझती थीं।

# रियलमी ने पी4 लाइट 5जी लॉन्च किया, शुरुआती कीमत 11,499 है



**नई दिल्ली।** रियलमी, जो भारतीय युवाओं में बहुत पसंद किया जाता है, उसने आज रियलमी पी4 लाइट 5जी लॉन्च किया है। इसे स्मूथ 7000mAh पायनियर कहा जा रहा है, क्योंकि इसमें इस सेगमेंट की सबसे बड़ी 7000mAh बैटरी है। यह फोन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो लंबी बैटरी और रोज़मर्रा के कामों में स्मूद परफॉर्मेंस चाहते हैं। एक बार चार्ज करने पर यह फोन करीब 1.47 दिन तक चल सकता है। यह फोन रोज़ के काम बिना रुके करने में मदद करता है और इसमें अच्छी बैटरी, स्टाइलिश डिजाइन, बड़ा डिस्प्ले और तेज 5जी कनेक्टिविटी मिलती है।

रियलमी पी4 लाइट 5जी में बड़ी 7000mAh बैटरी की वजह इसे बार-बार चार्ज करने की चिंता नहीं रहती और फोन लंबे समय तक चलता है। आप वीडियो देख सकते हैं, गेम खेल सकते हैं या कई काम एक साथ कर सकते हैं, फिर भी बैटरी जल्दी खत्म नहीं होती। इसके साथ इसमें 144H5 वाला डिस्प्ले मिलता है, जिससे स्क्रीन बहुत स्मूद चलती है और स्क्रॉलिंग व गेमिंग का अनुभव शानदार रहता है। फोन की स्क्रीन की ब्राइटनेस 900 निट्स तक है, इसलिए तेज धूप में भी साफ दिखाई देता है। साथ ही इसमें ऐसा फीचर है जिससे आंखों को आराम मिलता है और लंबे समय तक देखने पर आंखों को कम थकान होती है। इस फोन में मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6300 5जी प्रोसेसर दिया गया है, जो फोन को तेज और स्मूद चलने में मदद करता है। इससे आप गेम खेल सकते हैं, वीडियो देख सकते हैं और एक साथ कई काम आसानी से कर सकते हैं। फोन में बड़ा 5300mm एयरफ्लो वीसी कूलिंग सिस्टम भी है, जो ज्यादा इस्तेमाल के दौरान फोन को गर्म होने से बचाता है। इससे फोन लंबे समय तक बिना रुकावट के अच्छी परफॉर्मेंस देता है।

## पारस हेल्थ कानपुर ने एडवांस्ड कार्डियक प्रक्रिया का उपयोग करके मरीज़ के दिल की धड़कन को किया सामान्य



**कानपुर।** पारस हेल्थ कानपुर ने एडवांस्ड इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी स्टडी और रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन के माध्यम से एक मरीज़ का सफलतापूर्वक इलाज़ किया है। मरीज़ को बार-बार अचानक असामान्य हृदय गति की समस्या हो रही थी। यह विशेष प्रक्रिया डॉक्टरों को हृदय में मौजूद असामान्य विद्युत संकेतों की पहचान करने और उन्हें समाप्त कर हृदय की धड़कन को सामान्य करने में मदद करती है। यह प्रक्रिया हॉस्पिटल की कार्डियोलॉजी टीम द्वारा की गई। टीम का नेतृत्व कार्डियोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. श्रीपद वसंत खैरनार ने किया। इस इलाज़ से मरीज़ की हृदय गति को स्थिर करने में मदद मिली। मरीज़ श्रीमती प्रेमा देवी को बार-बार दिल की धड़कन तेज़ होने की समस्या हो रही थी। उनकी बीमारी का हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक इलाज किया गया। प्रेमा देवी की स्थिति तब गंभीर हो गई जब उन्हें अचानक ऐसे दौरे आने लगे। तब उनकी हृदय की धड़कन सामान्य स्तर लगभग 70 बीट प्रति मिनट से बढ़कर करीब 200 बीट प्रति मिनट तक पहुँच जाती थी। इससे धड़कन तेज़ होना, चक्कर आना और बेचैनी जैसे लक्षण उन्हें महसूस होने लगे। डॉक्टरों ने इस समस्या को सुप्रावेंट्रिकुलर टैकीकार्डिया के रूप में पहचाना। इस बीमारी को पैरॉक्सिस्मल सुप्रावेंट्रिकुलर टैकीकार्डिया भी कहा जाता है। यह एक ऐसी स्थिति होती है जिसमें असामान्य विद्युत संकेतों के कारण हृदय की धड़कन असामान्य रूप से तेज़ हो जाती है।

## सेप्ट यूनिवर्सिटी फर्नीचर डिज़ाइन में मास्टर्स कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** सेप्ट यूनिवर्सिटी ने अपने मास्टर्स इन फर्नीचर डिज़ाइन कार्यक्रम के लिए प्रवेश की घोषणा की है। घर के सुसज्जित इंटीरियर्स से लेकर गतिशील कार्यस्थलों तक, आज फर्नीचर हमारे रहने, काम करने और आपसी संवाद के तरीके को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। CEPT का MFD कार्यक्रम इस परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव और कौशल प्रदान करता है, जिससे वे फर्नीचर क्षेत्र की विभिन्न संभावनाओं और पहलुओं को समझ सकें—चाहे वह ऑनलाइन बाज़ार हों या किराये के मॉडल, बड़े उद्योगों के व्यापक विनिर्माण तंत्र हों या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के स्तर पर उत्पादन। इस कार्यक्रम का मूल तत्व रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता का समन्वय है। विद्यार्थियों को सामग्री, निर्माण प्रक्रियाओं, प्रोटोटाइपिंग, एर्गोनॉमिक्स और डिज़ाइन डिटेलिंग का व्यावहारिक अनुभव मिलता है, साथ ही वे उद्योग के व्यावसायिक और आर्थिक आयामों को भी समझते हैं। मॉड्यूलर सिस्टम डिज़ाइन करना हो, नए मटेरियल्स के साथ प्रयोग करना हो या स्केलेबल फर्नीचर सॉल्यूशन्स विकसित करना हो—यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को डिज़ाइनर के साथ-साथ नवप्रवर्तक की तरह सोचने के लिए प्रेरित करता है। CEPT की शिक्षण पद्धति की एक विशेषता इसका स्टूडियो यूनिट सिस्टम है, जिसमें छोटे, सहयोगात्मक समूहों में निकट फैकल्टी मार्गदर्शन के साथ सीखने की प्रक्रिया होती है। डिज़ाइन स्टूडियो को फर्नीचर डिज़ाइन के मूल सिद्धांतों, नवाचारपूर्ण सामग्री और तकनीक, सार्वजनिक स्तर के फर्नीचर, सिस्टम डिज़ाइन और उद्योग सहयोगी स्टूडियो जैसे विषयों पर केंद्रित किया गया है। यह कार्यक्रम कक्षा से बाहर भी व्यापक अनुभव प्रदान करता है। विद्यार्थी नियमित रूप से मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों, ट्रेड फेयर, प्रदर्शनी और डिज़ाइन स्टूडियो का दौरा करते हैं, तथा उद्योग विशेषज्ञों, विज़िटिंग फैकल्टी और पेशेवरों से संवाद करते हैं।

# ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**बोदरवार, कुशीनगर।** स्थानीय बाजार स्थित एक लॉन में प्राथमिक शिक्षा के उन्मुखीकरण व शत् प्रतिशत नामांकन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों व समाज के प्रबुद्ध वर्ग सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का आगाज मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी कप्तानगंज विनोद कुमार गुप्त व खंड शिक्षा अधिकारी कप्तानगंज प्रभात चंद राय रहे।

गुरुवार को बीआरसी कप्तानगंज द्वारा आयोजित ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्रमुख शिक्षाविदों ने भाग लिया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की शत् प्रतिशत नामांकन व ठहराव कैसे सुनिश्चित हो, इस विषय पर खुलकर विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी कप्तानगंज विनोद कुमार गुप्त ने कहा कि समाज से सामाजिक सरोकार रखने वाले सभी लोगों का नैतिक कर्तव्य होता है कि बुनियादी शिक्षा के उन्मुखीकरण के लिए आगे आयें और अभिभावकों को अपने नौनिहालों को प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन कराने के लिए प्रेरित करें। खंड शिक्षा अधिकारी कप्तानगंज डॉ प्रभात चंद राय ने संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों को बेहतर से बेहतर गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी सुविधाएं सुलभ करा रही है। शिक्षण कार्य के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की व्यवस्था, निशुल्क पुस्तकें, यूनिफॉर्म, जूता मोजा, स्कूल बैग, प्रति दिन अलग-अलग स्वदिष्ट मध्याह्न भोजन, बेहतर शैक्षणिक माहौल के साथ साथ बैठने की समुचित व्यवस्था दे रही है। संगोष्ठी में विद्यालय के प्रति बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिसमें गुलसेहरा को सर्वाधिक नामांकन, बेहतर शिक्षण के लिए कंपोजिट विद्यालय मुंडेरा से मनोज मद्धेशिया, विजय प्रकाश तिवारी, योगेश मौर्य, लालता प्रसाद, प्रियंका पांडेय, अमोघ सिंह, ताहिर आज़मी, संध्या सिंह, प्रदीप गुप्ता, रितेश कुमार आदि प्रमुख हैं। राष्ट्रीय आय सह मेघा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में परचम लहराने वाले विद्यार्थियों विवेक गुप्ता, अंशिका पटेल, रितिका, अनुष्का शर्मा, नसीम अली, अनमोल सिंह व अरुण यादव को मेंडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खड्डा में 63 गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पकड़ी गई, संचालक पर केस दर्ज

**कुशीनगर।** घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए गैस एजेंसी संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। यह कार्रवाई जिले में गैस वितरण व्यवस्था की जांच के दौरान सामने आई अनियमितताओं के आधार पर की गई। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए शासन द्वारा जमाखोरी और कालाबाजारी पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। कुशीनगर में विभिन्न गैस एजेंसियों की जांच की गई। जांच के दौरान मे० सच्चिदानन्द बाबा एचपी गैस ग्रामीण वितरक, गैनही जंगल, तहसील खड्डा के यहां 63 भरे हुए घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का मामला सामने आया। जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार, जिलाधिकारी की अनुमति के बाद थाना खड्डा में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# अहिरौली थाने में आवासीय संकट, डर के साए में ड्यूटी कर रहे जवान

- जर्जर भवनों में रह रहे पुलिसकर्मी, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय**


अहिरौली थाने में पुलिसकर्मियों का जर्जर आवास

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** दूसरों की सुरक्षा के लिए दिन-रात मुस्तैद रहने वाले पुलिसकर्मी खुद असुरक्षित जीवन जीने को मजबूर हैं। अहिरौली बाजार थाना परिसर में बने सरकारी आवास पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं, जिनमें रहना पुलिसकर्मियों के लिए किसी खतरे से कम नहीं है।

करीब 40 वर्ष पुराने इस थाना परिसर में उत्तर दिशा में बना एकमात्र बैरक अब खस्ताहाल स्थिति में पहुंच चुका है। हालत इतनी खराब है कि पुलिसकर्मी उसमें रहने से डरते हैं। मजबूरी में मरम्मत कर उसी जर्जर भवन में जीवन यापन कर रहे हैं। ड्यूटी से लौटने के बाद जब जवान आराम करने के लिए कमरे में जाते हैं, तो उनके मन में हमेशा यह डर बना रहता है कि कहीं छत गिर न जाए। भवन की दयनीय स्थिति के चलते कई पुलिसकर्मी बाहर किराए के मकानों में रहने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी महिला पुलिसकर्मियों को हो रही है, क्योंकि थाना परिसर में उनके लिए आवास की कोई व्यवस्था नहीं है। थाने में लगभग 81 से अधिक उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल और महिला कांस्टेबल तैनात हैं, लेकिन उनके रहने के लिए पर्याप्त आवास उपलब्ध नहीं हैं। जबकि परिसर में जमीन मौजूद है, इसके बावजूद अब तक नए आवास निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। बरसात के मौसम में स्थिति और भयावह हो जाती है, जब जर्जर छतों से पानी टपकने लगता है। ऐसे में पुलिसकर्मियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। गोरखपुर सीमा पर स्थित यह थाना क्षेत्र 109 गांवों को कवर करता है और 25 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है, जिससे यहां पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी भी काफी अधिक है। बताया जाता है कि निरीक्षण के दौरान कई बार पुलिस अधीक्षकों के सामने महिला कांस्टेबलों ने अपनी समस्या रखी, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो सका है।

# भाजपा नेता संजय गुप्ता ने बलुही अग्निकांड के पीड़ितों में बांटी टीनसेड



- बेटी की शादी के लिए रखा सामान जलकर हुआ खाक

**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र स्थित ग्रामसभा रकबा दुलमा पट्टी के टोला बलुही में विगत दिनों हुए अग्निकांड के पीड़ित परिवारों के बीच तमकुहीराज विधानसभा के भाजपा नेता संजय गुप्ता ने टीन सेड सहित राहत सामग्री वितरित किया। तथा पीड़ितों का दुख बांटते हुए उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा जताया।

बताते चलें कि उक्त टोला में बीते मंगलवार को सुबह दस बजे अज्ञात कारणों से लगी आग में पांच परिवारों की रिहायशी झोपडियां जलकर खाक हो गई थी।आग इतना विकराल थी की किसी भी परिवार की कोई भी सामान बाहर निकाला नहीं जा सका। इसी दौरान सूचना पाकर बुधवार को मौके पर पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय गुप्ता ने पीड़ितों के दुखों को बांटते हुए हर सम्भव मदद की भरोसा दिलाया। गुरुवार भाजपा नेता संजय गुप्ता ने पीड़ितों में टीनसेड़ बंटवाई। सबसे दुखद स्थिति यह है कि उक्त हादसे के पीड़ित सुरेंद्र चौहान की बेटी ललीता की अगले माह मे शादी आयोजित थी, जिसके लिए परिजनों द्वारा इकठ्ठा किए गए सभी सामान जलकर खाक हो गया।

भाजपा नेता संजय गुप्ता ने बताया की अग्नि पीड़ितों के आशियाने के लिए हमने टीनसेड़ की व्यवस्था की है। वही सम्भव मदद की भरोसा दिलाया। इस दौरान अग्नि पीड़ित संतोष चौहान, जितेंद्र चौहान, देवकली देवी, सुरेंद्र चौहान, नन्द कुमार चौहान, जिला पंचायत सदस्य मुकेश गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

# सुकरौली में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ



**अवधनामा संवाददाता**

**सुकरौली, कुशीनगर।** नगर के वार्ड नं. दो स्थित श्री राम जानकी नगर में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह कार्य क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलभराव एवं खराब सड़क की समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सीसीरोड व नाली शुभारंभ के मौके पर चेयरमैन राजनेति कश्यप ने कहा कि यह विकास कार्य नगर की जागरूक एवं सहयोगी जनता के विश्वास, धैर्य और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। स्थानीय लोगों द्वारा वर्षों से उठाई जा रही मांग अब पूरी हो सकी है, जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर वार्ड के सभासद कौशल कुमार गौतम सहित क्षेत्र के गणमान्य वरिष्ठ नागरिक एवं अन्य लोग मौजूद रहे। लोगों ने उम्मीद जताई कि इस निर्माण कार्य से क्षेत्र में स्वच्छता और आवागमन की व्यवस्था बेहतर होगी।

# सीएचसी में चेयरमैन के औचक निरीक्षण में लापरवाही उजागर, कई डॉक्टर-कर्मचारी नदारद

- चेयरमैन ने सीएमओ और डीएम से अस्पताल की लचर व्यवस्था से कराया अवगत
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली का मामला

**अवधनामा संवाददाता**



सीएचसी का निरीक्षण करते चेयरमैन नवरंग सिंह

**मथौली, कुशीनगर।** कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बड़ी लापरवाही सामने आई। गुरुवार को चेयरमैन नवरंग सिंह के औचक निरीक्षण में कई डॉक्टर व कर्मचारी समय से ड्यूटी पर उपस्थित नहीं मिले।

जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 10:20 बजे किए गए निरीक्षण के दौरान केवल डॉ. धर्मेंद्र कुमार अमन व डॉ. महातम यादव ही मरीजों का इलाज करते मिले, जबकि अन्य डॉक्टरों और कर्मचारियों के कक्ष बंद पाए गए। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन ने उपस्थिति रजिस्टर की मांग की, लेकिन वह भी उपलब्ध नहीं कराया जा सका। इस पर चेयरमैन ने मुख्य चिकित्साधिकारी को फोन किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी को फोन कर स्थिति से अवगत कराया। चेयरमैन ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है और कर्मचारी समय से ड्यूटी पर नहीं आ रहे हैं। निरीक्षण के दौरान फोटो साक्ष्य भी जुटाए गए हैं। मामले को गंभीर मानते हुए चेयरमैन ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अनुपस्थित डॉक्टरों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार मद्धेशिया ने बताया कि संचारी रोग/दस्त अभियान की बैठक में ब्लॉक मुख्यालय मोतीचक जा रहा था, निरीक्षण की सूचना मिलते ही मै अस्पताल पहुंचा, कुछ डॉक्टर व कर्मचारी लेट से आए थे, जिन्हें हिदायत दी गई, अन्यथा सुधार नहीं होने पर अग्रिम कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया जाएगा।

# संचारी रोग एवं दस्तक अभियान को लेकर बीटीएफ की बैठक संपन्न


मोतीचक ब्लॉक में बैठक करते अधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से ब्लॉक टास्क फोर्स (बीटीएफ) की बैठक गुरुवार को बीडीओ कार्यालय मोतीचक में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, बाल विकास, पंचायती राज, शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी मोतीचक श्वेता मिश्रा ने की, जहां संचारी रोगों की रोकथाम, साफ-सफाई, जागरूकता अभियान तथा घर-घर दस्तक देकर लोगों को बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करने पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान मच्छरजनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया एवं जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने, जलभराव की समस्या को दूर करने तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया ने बताया कि आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य फील्ड स्टाफ को घर-घर जाकर लोगों को साफ पानी पीने, शौचालय के उपयोग, हाथ धोने की आदत अपनाने एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए जागरूक करने पर जोर दिया जाएगा। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके और आमजन को सुरक्षित रखा जा सके।

## क्रिकेटर शुभम पाण्डेय की पहल पर चन्दोखा में शुरू हुआ सड़क निर्माण

**बस्ती।** क्रिकेटर शुभम पाण्डेय की पहल पर रामनगर विकास खण्ड के चन्दोखा गांव में बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। लंबे समय से जर्जर सड़क और खराब आवागमन की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों के लिए यह खबर बड़ी राहत देने वाली है। सड़क निर्माण कार्य शुरू होते ही पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने इस पहल का स्वागत किया।बताया जा रहा है कि इस कार्य के पीछे स्थानीय क्रिकेटर शुभम पाण्डेय की अहम भूमिका रही है, जो लगातार अपने गांव चन्दोखा के विकास को लेकर प्रयासरत रहते हैं। उनकी पहल और सक्रियता के चलते यह मुद्दा जनप्रतिनिधियों तक पहुंचा और आखिरकार सड़क निर्माण का रास्ता साफ हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने भी इस मामले में अपनी प्रतिबद्धता दिखाई और लक्ष्मी पूजा के अवसर पर सड़क निर्माण का वादा किया था। वादे के तुरंत बाद उन्होंने अधिकारियों को मौके पर भेजकर सड़क की नपाई करवाई थी।

# विश्व गौरैया दिवस की पूर्व संध्या पर रोटरी क्लब की अनूठी पहल, कृत्रिम घोंसलों से दिया संरक्षण का संदेश

**अवधनामा संवाददाता**


नपा अध्यक्ष किरण जायसवाल को कृत्रिम घोंसला भेंट करते रोटरी क्लब के सदस्य

**कसया, कुशीनगर।** विश्व गौरैया दिवस के पूर्व संध्या पर गुरुवार को कसया स्थित कलश गेस्ट हाउस में रोटरी क्लब कुशीनगर के तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विलुप्त होती गौरैया के संरक्षण के लिए ठोस पहल करना रहा।

इस अवसर पर रोटरी क्लब के सदस्यों द्वारा गौरैया संरक्षण हेतु कृत्रिम घोंसलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान रोटरी के सदस्य नगर के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों के द्वार पहुंचे और उन्हें कृत्रिम घोंसले भेंट किए। इनमें नगर पालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल, अग्ग महापंडित भदंत महेंद्र थेरो, बुद्धा पीजी कॉलेज कुशीनगर के प्राचार्य प्रो. डॉ. विनोद मोहन मिश्रा तथा प्रख्यात कवि दिनेश तिवारी 'भोजपुरिया' प्रमुख रूप से शामिल रहे।

नगर पालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल ने रोटरी क्लब के इस सराहनीय प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान समाज में पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। रोटरी क्लब के सह संरक्षक वाहिद अली ने अपने संबोधन में कहा कि गौरैया के संरक्षण के लिए हमें उसके अनुकूल वातावरण तैयार करना होगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में कृत्रिम घोंसले लगाएं तथा पक्षियों के लिए नियमित रूप से दाना और पानी की व्यवस्था करें। क्लब के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

गौरैया की घटती संख्या गंभीर चिंता का विषय है, जिसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। वहीं, क्लब के सचिव अजय सिंह ने बताया कि रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता अभियान निरंतर चलाए जाएंगे। इस अवसर पर रोटरी क्लब उपाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष विजय कृष्ण द्विवेदी, अखिलेश शर्मा, सत्येंद्र राय, मनीष सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सिकटिया-बनटोलवा घाट पर दीर्घ सेतु निर्माण को ?19.24 करोड़ की मंजूरी, क्षेत्रवासियों में खुशी

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिकटिया-बनटोलवा घाट पर प्रस्तावित दीर्घ सेतु निर्माण को प्रदेश सरकार ने ?19 करोड़ 24 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस महत्वपूर्ण फैसले से क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है और लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने की



उम्मीद जगी है। विधायक मोहन वर्मा ने बताया कि चुनाव के दौरान किए गए वादों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां पूर्ववर्ती सरकारों में सिर्फ आश्वासन मिलते थे, वहीं वर्तमान सरकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें जमीन पर उतार रही है। उन्होंने जानकारी दी कि इस सेतु के निर्माण से मुहम्दा जमीन सिकटिया, अथरहां, परसौनी, लंगड़ी, पिपरा, पुरैनी और विजयपुर चौराहा समेत दर्जनों गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। सेतु बनने से आवागमन सुगम होगा, साथ ही लोगों का समय और धन दोनों की बचत होगी। विधायक ने इस स्वीकृति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सरकार की दूरदर्शी सोच और जनकल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मोहन वर्मा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र की जनता का भरोसा सरकार पर और अधिक मजबूत हुआ है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए उनके सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद भी दिया।

## एसपी ने मन्दिरों में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**अमेठी।** जिले में शांति सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। वृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने जनपद भ्रमण के दौरान संग्रामपुर क्षेत्र स्थित मां कालिकन भवानी मंदिर और अमेठी नगर के श्री देवी पाटन मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने कालिकन धाम पहुंचकर मां का विधि-विधान से दर्शन-पूजन भी किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। साथ ही मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों से वार्ता कर श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## जिलास्तरीय कार्यकर्ता बैठक में बसपा ने की समीक्षा

**गौरीगंज (अमेठी)।** बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक नगर के एक गेस्ट हाउस में हुई। बैठक में लखनऊ और अयोध्या मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ विजय प्रताप गौतम और मंडल प्रभारी सर्वेन्द्र अम्बेडकर ने पार्टी संगठन के कार्यों की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं को प्रतिदिन बूथ कमेटियों की बैठक कर सर्व समाज के बीच संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए। पूर्व एमएलसी डा विजय प्रताप गौतम ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी देश में भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था की स्थापना के लिए संघर्षरत है।देश में बहन सुश्री मायावती से बड़ा लीडर कोई नहीं यह बात नौ? अक्टूबर की लखनऊ की रैली में एक बार फिर दुनिया की नजरों के सामने साबित हुई है। उन्होंने अपने चार बार के मुख्यमंत्रित्व काल में बहुजन महापुरुषों के इतिहास को जिंदा करने के साथ आत्मसम्मान और स्वाभिमान के मूवमेंट को आगे बढ़ाकर उत्तर प्रदेश में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम साहब के सपनों को साकार करने का काम किया है।

# पहले दिन शक्ति पीठों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**चैत्र नवरात्र**

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** चैत्र नवरात्र के शुभारंभ के साथ ही गुरुवार को जनपद के सभी देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रथम दिन जगत जननी मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं ने नवरात्र व्रत की शुरुआत की। मंदिर परिसर भक्ति गीतों, शंखनाद और घंटियों की गूंज से पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के समक्ष कपूर, अगरबत्ती, नारियल, चुनरी सहित पूजन सामग्री अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। प्रमुख मंदिरों के बाहर मेले जैसा दृश्य देखने को मिला, जहां पूजन सामग्री की दुकानों पर भारी भीड़ रही।

पडरौना से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित खहनवार देवी मंदिर में भव्य मेले का आयोजन हुआ। यहां दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने माता के चौरा पर मत्था टेककर मनोकामनाएं मांगीं। मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा तथा पुरुष और महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई। इसी तरह पडरौना नगर के प्राचीन दुर्गा मंदिर, बुढ़िया माई मंदिर, अंबे मंदिर, छावनी स्थित दुर्गा मंदिर, हड्डी माता मंदिर, लखरांव मंदिर और गायत्री माता मंदिर सहित अन्य सभी देवी स्थलों पर भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। नगर पंचायत मथौली के मां चेड़ा देवी मंदिर, सिंहासनी माता मंदिर, कप्तानगंज के दुबौली माता मंदिर, रामकोला के धर्मसमधा मंदिर तथा कसया क्षेत्र के मैनपुर और कुलकुला देवी मंदिरों में भी विधिवत पूजा-अर्चना का क्रम जारी रहा। कुबेरस्थान के समीप भूपसागर पोखरा के किनारे स्थित प्राचीन जल्पा देवी (बुढ़िया माई) मंदिर और पडरौना से तीन किलोमीटर दूर खिरकिया माता मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जगह-जगह भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। नवरात्र के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर मां शेरावाली की आराधना की। कई स्थानों पर कलश स्थापना के साथ दुर्गा सप्तशती पाठ भी शुरू हुआ। वहीं, नवरात्र शुरू होते ही फलों की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली। सेवरही क्षेत्र सहित पूरे जनपद में देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

## नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने की मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना

**अमेठी।** वासन्तिक नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को श्रद्धालुओं ने मां भगवती के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की।भोर से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। घंटे घड़ियाल की मधुर ध्वनि से सुदूर क्षेत्र गुंजायमान होता रहा।गृहस्थों ने अपने घरों में सुबह निर्धारित मुहूर्त में घट स्थापना कर 9 दिन के व्रत का अनुष्ठान जप और पूजन शुरू किया। नगर स्थित श्री देवीपाटन मन्दिर में सुबह से ही माँ के दर्शन के लिये भक्तों की कतार लगी रही वहीं संग्रामपुर स्थित संग्रामपुर स्थित सिद्धपीठ कालिकन धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किया।मंदिरों पर श्रद्धालुओ की सुविधा और व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है। गौरीगंज स्थित दुर्गन भवानी मंदिर में भी भक्तो की भारी भीड़ रही। विशेश्वरगंज स्थित काली माई मंदिर शाहगढ़ स्थित दुर्गन भवानी माता हिंगलाज भवानी माता मवई धाम माता धमसा धाम माता गायत्री मन्दिर आदि प्रतिष्ठित देवी मंदिरों में नवरात्र के पहले दिन भक्तो की भारी भीड़ रही।

# एआरएम और आरटीओ ने निजी बस सचालकों संग की बैठक, दी जानकारी



**बृजेश कुमार शुक्ल**

**बस्ती।** क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक परिवहन निगम आयुष भटनागर और संभागीय परिवहन अधिकारी फरीदुद्दीन की अध्यक्षता में संभागीय परिवहन कार्यालय के सभागार में निजी बस यूनियन के पदाधिकारियो के साथ एक बैठक आहूत की गई। बैठक में राज्य सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 के महत्यपूर्ण बिन्दुओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी, तथा बस संचालकों के संदेहों / शंकाओं का निवारण का किया गया।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आज भटनागर और संभागीय परिवहन अधिकारी फरीदुद्दीन बताया कि योजना के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत को सुगम एवं सस्ती परिवहन सेवा से जोडने हेतु प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। योजना का उदेश्य प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों (59,163) को परिवहन सेवा से जोडना तथा ग्रामीण जनता को ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय तक सीधी और सुरक्षित पहुंच प्रदान करना तथा निजी क्षेत्र के बस संचालकों के माध्यम से उन ग्रामीण मार्गों पर सेवा प्रदान करना है। प्रदेश के दूरस्थ एवं असबद्ध ग्राम पंचायतों को मुख्य धारा से जोडने और अंतिन पायदान पर खडे व्यक्ति तक परिवहन सुविधा पहुंचाना योजना का मुख्य आधार है। इस योजना के अन्तर्गत 15 से 28 सीट क्षमता की डीजल / सीएनजी / इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जायेंगी, जिनकी आयु 8 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

# यूपी व बहराइच का गौरव बने गज़नफ़र हैदर गुलफाम

- बिहार राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण के चेयरमैन की मिली ज़िम्मेदारी

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जनपद और उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय है कि यहाँ के निवासी एवं प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखने वाले न्यायिक अधिकारी गज़नफ़र हैदर 'गुलफाम' को बिहार में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पटना उच्च न्यायालय ने उन्हें राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण का चेयरमैन नियुक्त किया है। इस पद पर रहते हुए श्री हैदर पूरे बिहार राज्य में परिवहन से जुड़े विभिन्न विवादों की अपीलों की सुनवाई करेंगे। यह पद न केवल न्यायिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर भी बड़ी जिम्मेदारी का द्योतक माना जाता है।

गज़नफ़र हैदर ने वर्ष 2018 में बिहार उच्चतर न्यायिक सेवा में प्रवेश किया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपर ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश, हाजीपुर के रूप में कार्य किया। इसके अलावा वह पटना में बिहार वक्फ ट्रिब्यूनल के चेयरमैन तथा सुपौल में ज़िला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके उत्कृष्ट कार्य और न्यायिक दक्षता को देखते हुए पटना उच्च न्यायालय ने उन्हें पदोन्नत करते हुए ज़िला जज बनाया और अब इस महत्वपूर्ण दायित्व से नवाज़ा है। बिहार न्यायिक सेवा ज्वाइन करने से पूर्व श्री हैदर ने बहराइच जिला न्यायालय तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में काफी लम्बे समय तक वकालत की है। श्री हैदर एक प्रतिष्ठित और सम्मानित परिवार से आते हैं। उनके पिता स्वर्गीय सैयद ज़रगाम हैदर (मिज्जन मियाँ) बहराइच के जाने-माने अधिवक्ता रहे। वह बहराइच नगर पालिका के चेयरमैन भी रहे तथा वर्ष 1957 में विधायक निर्वाचित हुए थे।

उच्च पदों पर आसीन होने के बावजूद गज़नफ़र हैदर ने अपनी जड़ों से जुड़ाव बनाए रखा है। वह समय-समय पर बहराइच, लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में अपने परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों से मिलने आते रहते हैं।

जनपद के लोगों ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे बहराइच के लिए गौरव का क्षण बताया है। उनकी सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही है। बहराइच निवासी मनीष मल्होत्रा, राज सिंह, मोहम्मद अब्दुल्ला, सलीम सिद्दीकी, संजीव सिंह सहित अनेक मित्रों ने उनकी उपलब्धि का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में दिल्ली में दिखेगा शिक्षकों का सैलाब

- महारैली के लिए रामलीला मैदान में जुटेंगे शिक्षक

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जनपद में प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बहराइच की जिला कार्यसमिति की बैठक में दिल्ली धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक शिक्षकों को ले जाने की रणनीति बनी।

टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा के निर्देश के क्रम में 4 अप्रैल 2026 को टेट अनिवार्यता के विरोध में होने वाली महारैली एवं धरना प्रदर्शन के लिए रणनीति बनाने हेतु उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बहराइच की संयुक्त कार्यसमिति की बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक की अध्यक्षता में रेनबो आडोटोरियम में किया गया।

जिलाध्यक्ष ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा की ञ्ञस्र्द्ध द्वारा पूर्व में दो बार धरने का कार्यक्रम तय किया लेकिन सरकार द्वारा दोनों बार अनुमति निरस्त करके शिक्षक एकता को दबाने का कार्य किया है। अब TFI राष्ट्रीय नेतृत्व ने निर्णय कर लिया है कि शिक्षक इस बार यह महारैली रामलीला मैदान अवश्य करेंगे। बैठक को उपाध्यक्ष आसिफ़ अली ने संबोधित करते हुए सभी से अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली कूच करने का आवाहन किया। जिला कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने सभी से सदस्यता समय से जमा कराने की तथा 4 अप्रैल को दिल्ली कूच करने की अपील की। बैठक का संचालन करते हुए जिलामंत्री विजय कुमार उपाध्याय ने सभी विकास खंडों के अध्यक्ष मंत्री से कहा है कि सभी ब्लॉक कम से कम एक बस अभी से बुक करा लें तथा दिल्ली जाने वाले शिक्षकों की सूची बनाकर जनपद को 22 अप्रैल से पहले उपलब्ध कराए। हम सभी मिलकर डॉ0 दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में यह टेट अनिवार्यता का काला कानून वापस कराकर ही दम लेंगे।बैठक में बसों की संख्या,मार्ग,सम्पर्क व्यवस्था आदि सभी बिन्दुओं पर गहन चर्चा एवं रणनीतिक कार्यक्रम की रूपरेखा पर सामूहिक निर्णय लिए गए बैठक में जरवल कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार,फखरपुर मंत्री तनवीर आलम,पूर्व मंत्री व संरक्षक चित्तौरा विश्वनाथ पाठक, का. अध्यक्ष बृजेश सलिल, मंत्री शशांक सिन्हा, मिहीपुरवा मंत्री रविन्द्र सिंह,कोषाध्यक्ष कैलाश नाथ ,तहसील प्रभारी मिहीपुरवा प्रभात शुक्ला, विशेश्वरगंज अध्यक्ष उमाकांत तिवारी,मंत्री अमित मिश्रा,महसी के संयुक्त मंत्री व जनपदीय उपमंत्री अभिषेक दीक्षित, संघर्ष समिति मंत्री शिव कुमार ,मंत्री तजवापुर अनिल सिंह,संयुक्त मंत्री तजवापुर नफीस अहमद, पयागपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद पाण्डेय, जनपदीय संगठनमंत्री प्रदीप पाण्डेय, मिहीपूरवा से अभिषेक यादव सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।इसकी जानकारी विजय कुमार उपाध्याय जिलामंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ बहराइच ने दी।

## हत्या आरोपी आलाकत्ल सामान सहित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना टूण्डला पुलिस एवं सर्विलांस टीम द्वारा अपनी दुकान पर सो रहे तेजपाल की हत्या करने वाले अभियुक्त मुकेश को गिरफ्तार कर लिया जिसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल बांका व मूसल बरामद किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस एवं सर्विलांस टीम द्वारा मु0अ0सं0 128/2026 अंतर्गत धारा 103(1) ठछै से सम्बन्धित अभियुक्त मुकेश पुत्र मुकट सिह निवासी जलोपुरा थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। विगत 16.03.2026 को वादी कौशल किशोर पुत्र तेजपाल सिंह निवासी ग्राम उलाऊ थाना टूण्डला फिरोजाबाद की लिखित तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पुर मु0अ0स0 128/2026 धारा 103(1) ठछ पंजीकृत किया गया था।

# सड़क हादसे में 2 युवकों की मौत, एक की हालत गंभीर

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ढकवा बाईपास स्थित लल्लनटॉप रेस्टोरेंट के सामने एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर काफी दूर जा गिरे। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।मृतकों की पहचान शिवा पुत्र हनुमान मोदनवाल(20) पंतनगर एवं श्याम अग्रहरि पुत्र प्रदीप अग्रहरि, (19) कंचन नगर दोनों निवासी नगर पंचायत कोइरीपुर, के रूप में हुई है। वहीं, घायल युवक की पहचान साहिल पुत्र राकेश सोनी (21)के रूप में हुई है, जो उसी क्षेत्र का निवासी है।घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जौनपुर के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।बताया जा रहा है की उसका दाहिना पैर बहोत हीं बुरी तरह से फैक्चर हो गया है। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही दुर्घटना में शामिल कार को पुलिस कब्जे में लेकर गहानता से जांच में जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। इस हृदयवीदारक घटना की खबर मिलते ही नगर पंचायत कोइरीपुर में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों के घरों में कोहराम मचा हुआ है और पारिजनों का रो रोंकर बुरा हॉल हो गया है परिजन गहरे सदमे में हैं। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# जिस एजेंसी पर किसानों का 6 करोड़ बकाया उसी को फिर मिले गेहूं खरीद के 25 सेंटर

- यूपीएसएस एजेंसी ने अभी तक धान खरीद का 6 करोड़ 47 लाख नहीं किया भुगतान
- 72 घंटे के अंदर धान खरीद भुगतान करने के हुए थे निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जनपद में धान खरीद के दौरान किसानों के बीच जाकर जागरूकता कार्यक्रम फैलाने वाले जिला प्रशासन का 72 घंटे के अंदर धान खरीद भुगतान करने का वादा खोखला साबित हो गया है शाहजहांपुर जनपद में यूपी एस एस एजेंसी द्वारा किसानों से सरकारी धान खरीद केंद्र के माध्यम से खरीदे गए धान का आज भी 299 किसानों का धान खरीद भुगतान लगभग 6 करोड़ 47 लाख रुपए बकाया है इसके बावजूद जिला प्रशासन ने गेहूं खरीद के लिए 25 सेंटर आवंटित कर दिए हैं एडीएम प्रशासन/धान खरीद अधिकारी रजनीश मिश्रा ने भी स्वीकार किया है की कंपनी पर 6 करोड़ 47 लाख रुपया किसानों का बकाया है उन्होंने कहा है कि अधिकतर किसानों का धान खरीद भुगतान करा दिया गया है और जिन एजेंसियों पर बकाया है उनको पत्र जारी कर तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए गए लेकिन सवाल उठ रहे हैं कि किसानों का बकाया भुगतान करने से पहले गेहूं खरीद के लिए 25 सेंटर किस आधार पर आवंटित कर दिए गए।

### किसानों ने कर्ज लेकर उगाई गेहूं की फसल अब कटाई का संकट

धान खरीद भुगतान में देरी को लेकर अब किसानों के आगे संकट खड़ा हो गया है जिन किसानों ने सरकारी क्रय केदो पर धान बिक्री किया था और उनका आज तक भुगतान नहीं हुआ है उन किसानों का कहना है कि उन्होंने ब्याज पर पैसा लेकर गेहूं की फसल तैयार की है लेकिन अब गेहूं की कटाई और लेबर के लिए पैसे की आवश्यकता है लेकिन धान खरीद का भुगतान न होने के कारण उनके सामने बहुत बड़ा संकट है और फिर ब्याज पर पैसा लेने को मजबूर हैं कुछ किसानों का आरोप है कि जो फर्जी खरीद दर्शाकर माफियाओं का धान खरीदा गया उसका 72 घंटे के अंदर भुगतान कर दिया गया और जो असल में किसानों ने धान बिक्री किया था उनका पैसा आज तक भुगतान नहीं किया गया है।

## अटसलिया ओवर ब्रिज पर हादसा बाइक सवार की मौत

**शाहजहांपुर।** जनपद में बृहस्पतिवार को थाना रोजा क्षेत्र के अटसलिया रेलवे ओवर ब्रिज के पास एक सड़क हादसा हो गया जिसमें बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है बताया जाता है एक ट्रक का टायर फट गया था और वह अटसलिया ओवर ब्रिज पर खड़ा था इसी बीच दो बाइक सवार आए और खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी हादसे में मृतक युवक की पहचान मोहसिन पुत्र अनीश मियां उम्र 22 वर्ष निवासी लीची बाग चमेली बगिया थाना किला जनपद बरेली के रूप में हुई है मृतक को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया घायल हुए दूसरे युवक की अभी पहचान नहीं हो पाई है लेकिन वह मृतक का साथी बताया जा रहा है जो दूसरी मोटरसाइकिल से साथ में चल रहा था।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया



**फिरोजाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी-जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन द्वारा कलैक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहें, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों की उपस्थिति में अधिकारियों को निर्देशित दिया कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 24 घण्टे निगरानी सुनिश्चित की जाए, जिलाधिकारी ने सुरक्षा मानकों की भी जांच की विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया, निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी-उप जिला निर्वाचन अधिकारी विशु राजा सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के सहायक व सम्बन्धित पटल सहायक उपस्थित रहें।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नं. 338563054212 पर मेरा नाम कृष्ण कुमार अंकित है, जो गलत है। मैं अपना नाम कृष्ण कुमार से बदलकर केशन करना चाहता हूं। अतः मुझे अब केशन के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।



## कार्यालय खण्डाधिकारी, अपराध अनुसंधान विभाग (सी.आई.डी.), उ.प्र. खण्ड-लखनऊ।

जवाहर भवन, चतुर्थ तल, हजरतगंज लखनऊ

CUG No- 9454402504 mail id: - chcidlu-up@nic.in

पत्रांकः प्रेस विज्ञप्ति/2026 दिनांक : 19 मार्च, 2026

### प्रेस विज्ञप्ति

सी0आई0डी0 खण्ड लखनऊ कार्यालय जवाहर भवन चतुर्थ तल लखनऊ पर निष्प्रयोज्य सामान आलमारी लोहा-17, ( कुर्सी- 12, मेज-03, बेंच- 01) लकड़ी, कूलर- 01, इनवर्टर- 02 की अल्पकालीन नीलामी दिनांक 07.04.2026 को होनी है। इच्छुक व्यक्ति/ ठेकेदार 2000 /- रुपये धरोहर राशि कार्यालय पर जमा कर उक्त दिनांक को उपस्थित होकर निष्प्रयोज्य सामान की खुली बोली लगाकर प्राप्त कर सकता है।

आज्ञा से

(अजय कुमार सिंह)

खण्डाधिकारी अपराध अनुसंधान विभाग,

उ.प्र., खण्ड-लखनऊ।



## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबंधक / निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई–निविदा ई. पी. सी. मोड पर आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल, उत्तर प्रदेश, भारत में जौनपुर–जफराबाद रेल मार्ग के दोहरीकरण के संबंध में जौनपुर–जफराबाद खंड में स्थित चाइनेज–2820 मीटर, किमी–826.710 पर मौजूदा रेल पुल (स्पैन 16 x 25.520 मीटर प्लेट गर्डर) के समानांतर दो पटरियों के लिए महत्वपूर्ण पुल संख्या–75 (स्पैन 14 x 30.5 मीटर कम्पोजिट गर्डर) का डिजाइन और निर्माण, जीएडी, इंडेक्स प्लान और सेक्शन में दर्शाए गए सांकेतिक लेआउट के अनुसार, प्रोटेक्सन कार्य, मौजूदा पुल को तोड़ना और आरएफपी दस्तावेजों में उल्लिखित अन्य संबंधित कार्यों कार्य शामिल हैं। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 30 (तीस) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 160.23 करोड़ |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 80,11,700/- |
| 5 | प्री बिड कॉनफ्रेंस | • प्रथम प्री बिड मीटिंग - दिनांक - 20.03.2026 समय 11.00 बजे • बिड पूर्व पूछताछ प्राप्त करने की अंतिम तिथि -दिनांक 20.03.2026 • रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि - दिनांक 08.04.2026 • द्वितीय प्री बिड मीटिंग (यदि आवश्यक)- आवश्यक नहीं • रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि– लागू नहीं स्थान–कार्यालय मुख्य परियोजना प्रबंधक, निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी, वाराणसी कैंट, उत्तर प्रदेश – 221002 एवं आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट पर साझा की गई ऑनलाइन वीसी लिंक के माध्यम से भी। |
| 6 | ई–निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | पूर्ण निविदा प्रपत्र दिनाँक 28.02.2026 से 15.05.2026 (भारतीय समयानुसार 11.00 बजे) तक रेलवे वेबसाइट के आफिसियल पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखी/डाउनलोड की जा सकती है। निविदाकर्ता अपनी तकनीकी एवं वित्तीय बिड आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 15.05.2026 भारतीय समयानुसार 11.00 बजे तक अवश्य जमा करें। ऑनलाइन प्राप्त निविदाएँ दिनाँक 20.05.2026 को भारतीय समयानुसार 17.00 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 28.02.2026 से 15.05.2026 तक भारतीय समयानुसार 11.00 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगें। उपर्युक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें RFP एवं ईपीसी डॉक्युमेंट्स में ऑनलाइन दिये गए हैं। |

संख्या 2-W/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी ई.पी.सी दिनाँकः 26.02.2026 658/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-टेली/टेंडर/25/2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अयोध्या कैंट स्टेशन पर यात्री सुविधाओं जैसे ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, घोषणा आदि के प्रावधान और सुधार का दूरसंचार कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु.1,75,82,504.75/– |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु.3,51,700.00/– |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.04.2026 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
• समस्त नियम एवं शर्तो निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
• मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
• निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेंमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं. 106–टेली/टेंडर/25/2025–26 दिनांक : 18.03.2026 941/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# गैस एजेंसी संचालकों के साथ एसडीएम नानपारा ने की बैठक

- पारदर्शी एवं समयबद्ध गैस आपूर्ति के दिये गये निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** तहसील सभागार नानपारा में उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने तहसील क्षेत्र अन्तर्गत संचालित समस्त गैस एजेन्सियों के प्रबन्धकों के साथ आयोजित बैठक में दो टूक शब्दों में सचेत किया कि गैस वितरण में शासन द्वारा जारी गाईड लाइन का पालन सुनिश्चित करें। गैस वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। उपभोक्ताओं की शिकायत मिलने पर तत्काल जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम ने गैस एजेन्सी संचालकों को सुझाव दिया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पारदर्शी एवं समयबद्ध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करें।

गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं उपभोक्ता हितैषी बनाने के लिए संचालकों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक एजेंसी पर ई-केवाईसी, सिलेंडर बुकिंग तथा उपभोक्ता पूछताछ के लिए अलग-अलग काउंटर अनिवार्य रूप से बनाए जाएं, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए कि एजेंसी परिसर में एक स्पष्ट एवं बड़ा बैनर लगाया जाए, जिसमें नियम, सेल्स ऑफिसर का नाम, मोबाईल नम्बर, एरिया मैनेजर का नाम, मोबाइल नम्बर, टोल-फ्री नंबर तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रदर्शित की जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को एक नज़र में ही सही जानकारी उपलब्ध हो सके। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि राजकीय विद्यालयों, कस्तूरबा विद्यालयों एवं अन्य शासकीय संस्थानों से प्राप्त मांग पत्र के आधार पर ऑयल कंपनी से स्वीकृति प्राप्त कर नियमानुसार गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी संस्थानों में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर पूर्ति निरीक्षक बलहा, शिवपुर व नवाबगंज तथा गैस एजेंसियों के प्रबंधक एवं सहायक मौजूद रहे।

# हिन्दू नववर्ष प्राकृतिक और सांस्कृतिक नवचेतना का प्रतीक

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में भारतीय नववर्ष आयोजन समिति द्वारा आयोजित 14 वें भव्य कवि सम्मेलन में गीत और गजलों की मधुर प्रस्तुति ने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं से ऐसा समां बांधा कि तालियों की गूंज लगातार सुनाई देती रही। अयोध्या से आए कवि जमुना पाण्डेय की अध्यक्षता व बाराबंकी से पधारे राम किशोर त्रिपाठी के संचालन में कार्यक्रम की शुरुआत जबलपुर से आई कवियत्री मणिका दूबे ने सरस्वती वंदना से की। जिसके बाद कवियों ने एक के बाद एक गीत, गजल, हास्य और वीर रस की रचनाएं प्रस्तुत कीं। बाराबंकी से आए हास्य कवि विकास बौखल ने किसी खंजर से ना तलवार से जोड़ा जाए। सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए। ये किसी शख्स को दोबारा ना मिलने पाए, प्यार के रोग को आधार से जोड़ा जाए व लखनऊ से आए ओज कवि अभय निर्भीक ने इसका वैभव सदियों से है बिखराता नित नई छटा, इसे मिटाने वाले मिट गए किन्तु सनातन नही मिटा सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बिहार से आए हास्य व्यंग के कवि शंभू शिखर ने मनहूस से चेहरों को सदा डांटता हूं मैं। गम के बदलियों में भी खुशी छांटता हूं मैं व जबलपुर से आई गीतकार मणिका दूबे ने वजूद धागे सा टूट जाना सही नहीं है। अनापरस्तों से दिल लगाना ठीक नहीं है सुनाकर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। कोटा से आए गीत व गजलकार कुंवर जावेद ने 'हर एक तख्त से हर ताज से लड़ जाती है' कोई भी राज हो हर राज से लड़ जाती है।

# कागजों में 'चूड़ी कारोबार', जमीन पर फर्जीवाड़ा-लोन बांटकर किसने किया खेल

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) योजना के तहत दिए गए लोन पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। त्प्( के जरिए उद्योग विभाग से मांगी गई जानकारी में 103 लाभार्थियों की सूची सामने आई, जिन्हें चूड़ी फर्म के नाम पर लोन स्वीकृत किया गया। लेकिन जब इन लाभार्थियों के मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया, तो हकीकत चौंकाने वाली निकली- अधिकांश लोगों ने साफ कहा कि उनका चूड़ी कारोबार से कोई लेना-देना नहीं है। कुशवाह नगर निवासी पंकज कुमार ने बताया कि वह लाइट का काम करते हैं, जबकि सरकारी रिकॉर्ड में उन्हें चूड़ी व्यापार के लिए करीब 5 लाख का लोन दर्शाया गया है। नींबू वाला बाग निवासी संदीप राठौर ने खुद को जन सेवा केंद्र संचालक बताया, संतोष नगर रैपुरा निवासी कुमारी रेखा ने कहा कि उनका कोई कारोबार नहीं है, पुराना रसूलपुर की जाईब और मुस्लिमाबाद उर्वशी रोड रोड की साइमा ने रॉन्ग नंबर बताकर चूड़ी फर्म से पल्ला झाड़ लिया। नसीरपुर गाजीपुर निवासी अनिल ने भी घर पर या अन्य कोई स्थान पर व्यापार न होने की बात कही।




सबसे गंभीर पहलू यह है कि ये सभी नाम खुद उद्योग विभाग की आधिकारिक सूची में दर्ज हैं, जहां इन्हें चूड़ी फर्म के नाम पर लोन मिलने की पुष्टि की गई है। सवाल उठता है कि जब जमीन पर कारोबार ही नहीं है, तो लोन किस आधार पर पास हुआ ? आरटीआई के मुताबिक, इन सभी फाइलों को शहर के रानी वाला बाग की शाखा बैंक ऑफ इंडिया से स्वीकृति मिली है। इससे बैंक की वेरिफिकेशन प्रक्रिया, फील्ड जांच और निगरानी तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या बिना वास्तविक निरीक्षण के ही फाइलें पास कर दी गई ? या फिर यह पूरा मामला मिलीभगत का संकेत देता है ? यह मामला केवल अनियमितता नहीं, बल्कि सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर सीधा हमला है। यदि लाभार्थियों ने लोन राशि का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के बजाय निजी खर्चों में किया है, तो यह सरकारी धन के दुरुपयोग का स्पष्ट मामला बनता है। अब देखना यह है कि उद्योग विभाग और बैंक इस खुलासे पर क्या कार्रवाई करते हैंकृया फिर यह मामला भी कागजों में ही दबा दिया जाएगा।

# नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण पर कार्यक्रम आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** उ0प्र0 सरकार के ÷नव निर्माण के नौ वर्ष÷ पूर्ण होने के अवसर पर विगत नौ अभूतपूर्व उपलब्धियों के सम्बन्ध में विकास भवन सभागार फिरोजाबाद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित हुये जनसामान्य को कल्याण सैक्टर विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं यथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, पूर्वदशम-दशमोत्तर छात्रवृत्ति, वृद्धावस्था पेंशन, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, आवासीय वृद्धाश्रम, सामान्य वर्ग -अनुसूचित जाति शादी योजना, राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभयोजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग शादी अनुदान, दिव्यांग दुकान निर्माण, ओ0 लेवल कम्प्यूटर कोर्स, पिछडा वर्ग शादी अनुदान, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के बारे में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। उपस्थित जन-सामान्य को यह भी अवगत कराया गया कि कल्याण सैक्टर द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाऐं पूर्णतः आनलाइन है। पात्र आवेदक द्वारा किसी भी जन-सुविधा केन्द्र के माध्यम से सम्बन्धित योजना में आवेदन कर सकते है। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर सम्बन्धित अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम में राजमती जिला समाज कल्याण अधिकारीध्जिला समाज कल्याण (विकास), कृष्णमोहन सिंह जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी-जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी व मिथलेश कुमार जिला प्रोवेशन अधिकारी के साथ-साथ विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहें।

# महिला से प्रेम प्रसंग के चलते हुई थी खोखा संचालक की हत्या

**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस एवं सर्विलांस टीम द्वारा चाय नाश्ते की दुकान चलाने वाले तेजपाल की रात्रि में दुकान पर सोते समय की गई निर्मम हत्या का खुलासा कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

अभियुक्त की निशानदेही पर आला कत्ल बांका व मूसल बरामद किया गया है। 16.03.2026 को जरौली कट पर चाय नाश्ते की दुकान में दुकान संचालक तेजपाल निवासी ग्राम उलाऊ थाना क्षेत्र टूंडला की दुकान पर रात्रि में सोते समय किसी ने सिर में प्रहार कर निर्मम हत्या कर दी थी। हत्या की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर व थाना टूंडला पुलिस ने मौके पर घटना स्थल का मौका मुआयना किया था। मृतक के पुत्र कौशल किशोर की तहरीर पर थाना पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया,और घटना के खुलासे में जुट गई।

थाना पुलिस ने घटनास्थल के आस पास सड़क किनारे प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और सर्विलांस टीम ने मोबाइल नंबरों का गहनता से अध्ययन कर साक्ष्य संकलन किए,जिसमे मुकेश पुत्र मुकट सिंह निवासी जलोपुरा थाना क्षेत्र टूंडला का नाम प्रकाश में आया, जिसे थाना पुलिस व सर्विलांस टीम ने गुरुवार को राजाताल नागउ कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रविशंकर प्रसाद ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के गांव की एक महिला से अवैध संबंध थे, महिला का मृतक तेजपाल के यहां आना जाना था और मृतक तेजपाल से भी महिला के अवैध संबंध थे, इसकी जानकारी होने पर अभियुक्त मुकेश ने महिला को तेजपाल से संबंध खत्म करने को कहा जिस पर महिला ने अभियुक्त मुकेश से ही बातचीत करना बंद कर दिया। इसी बात से चिढ़कर मुकेश ने तेजपाल को ही रास्ते से हटाने की योजना बनाई, और योजनाबद्ध तरीके से उसने रात्रि में अपनी दुकान पर सो रहे तेजपाल की बांका और मूसल से सिर पर प्रहार कर निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस ने अभियुक्त की निशान देही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का बांका और मूसल बरामद कर अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही कर जेल भेजा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना टूंडला अनिल कुमार सिंह सर्विलांस प्रभारी मुकेश कुमार सहित थाना पुलिस टीम सर्विलांस टीम शामिल रही।

# हमीरपुर महोत्सव की तैयारियों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** आगामी हमीरपुर महोत्सव को भव्य और सफल बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल चौरा देवी मंदिर प्रांगण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने टेंट, मंच, साज-सज्जा, साउंड सिस्टम, बैरिकेडिंग, पार्किंग, प्रवेश एवं निकास द्वार, ओडीओपी स्टॉल, सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, सीसीटीवी, पब्लिक टॉयलेट और प्लेनेटोरियम सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी नोडल एवं सह-नोडल अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें, ताकि महोत्सव को यादगार बनाया जा सके।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यों की स्वयं निगरानी करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को साफ-सफाई, पेयजल, टॉयलेट एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, मंच निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग तथा विद्युत, जनरेटर और साउंड व्यवस्था विद्युत विभाग को सौंपी गई।

स्टॉल एवं झूला आवंटन का कार्य डिप्टी कलेक्टर एवं उपायुक्त उद्योग को दिया गया, जबकि पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर पालिका और यातायात निरीक्षक को सौंपी गई। प्लेनेटोरियम की व्यवस्था डीआईओएस एवं बीएसए को देखने के निर्देश दिए गए। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मीडिया कवरेज की जिम्मेदारी जिला सूचना अधिकारी एवं पर्यटन सूचना अधिकारी को सौंपी गई।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह, डीएफओ अनिल श्रीवास्तव, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद, एएसपी एमके गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सशक्त किसान, समृद्ध गांव' कार्यक्रम के तहत नई शुरुआत

**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने सिंगरौली जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की आजीविका को सुदृढ़ करने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ÷सशक्त किसान समृद्ध गांव÷ कार्यक्रम के अंतर्गत तहत पशुओं के लिए डोर-स्टेप कृत्रिम गर्भाधान सेवा का शुभारंभ किया है। इसके तहत स्थानीय क्षेत्र के पशुपालकों को उनके घर पर ही कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस पहल के प्रथम चरण में एनसीएल द्वारा अब तक 25 परिवारों के 33 पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान किया जा चुका है। एनसीएल की इस पहल के तहत सॉर्टेड सीमेन तकनीक के उपयोग से मादा बछिया के जन्म की 90त्न संभावना सुनिश्चित होगी, जिससे पशुपालकों को भविष्य में उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता वाले पशु प्राप्त होंगे एवं उनकी दैनिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। एनसीएल द्वारा डोर-स्टेप कृत्रिम गर्भाधान सेवा सिंगरौली जिले की चार ग्राम पंचायतों चुरकी, छतरी, चकरिया एवं बरिहावा के अंतर्गत आने वाले 10 गांवों में संचालित की जा रही है।

# मिशन शक्ति फेज-5.0 द्वितीय चरण का हुआ भव्य आगाज़



महिला शक्ति के सम्मान में इटावा पुलिस की दमदार बाइक/स्कूटी रैली

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** वासंतिक नवरात्र के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने हेतु जनपद में मिशन शक्ति फेज-5.0(द्वितीय चरण)का शुभारंभ भव्य रूप से किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी के क्रम में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जनपद की समस्त महिला उपनिरीक्षकों एवं रिक्रूट महिला आरक्षियों की भव्य बाइक /स्कूटी रैली, (जिसमें पीआरवी वाहन एवं शक्ति मोबाइल भी सक्रिय रूप से शामिल रहे) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर सुश्री आयुषी सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद के क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी यातायात, नगर सर्किल के थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बिलग्राम नगर पालिका में आरती गुप्ता नामित सभासद, महिलाओं में खुशी की लहर



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** बिलग्राम नगर पालिका में आरती गुप्ता को नामित सभासद बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। खासकर महिलाओं में इस निर्णय को लेकर उत्साह है और इसे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नगरवासियों का कहना है कि भाजपा सरकार लगातार महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें जिम्मेदारी देने का कार्य कर रही है, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। आरती गुप्ता को नामित सभासद बनाए जाने पर बिलग्राम-मल्लावां विधायक आशीष सिंह आशु की धर्मपत्नी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने विश्वास जताया कि आरती गुप्ता अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगी। इस अवसर पर समर्थकों व स्थानीय लोगों ने भी खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## बिलग्राम के मेन चौराहे पर टूटा खंभा बना खतरा, हादसे का अंदेशा



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** बिलग्राम नगर के मेन चौराहे, बस स्टैंड के पास एक बिजली का खंभा टूटी हालत में पेड़ के सहारे खड़ा है, जो कभी भी बड़ा हादसा कर सकता है। यह खंभा पूरी तरह असंतुलित होकर पेड़ के सहारे टिका हुआ है, जिससे राहगीरों और आसपास के लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना इस रास्ते से सैकड़ों लोग और वाहन गुजरते हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की नजर इस खतरनाक स्थिति पर नहीं पड़ रही है। अगर यह खंभा अचानक गिरता है, तो किसी भी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर इस लापरवाही की जिम्मेदारी कौन लेगा? नगर पालिका और संबंधित विभाग को तुरंत इस ओर ध्यान देकर खंभे को हटवाने या ठीक करवाने की जरूरत है, ताकि किसी संभावित हादसे को रोका जा सके। स्थानीय प्रशासन से मांग की जा रही है कि जल्द से जल्द इस जानलेवा खतरे को दूर किया जाए।

## कोतवाली में ईद व नवरात्र को लेकर पीस मीटिंग आयोजित



**बिलग्राम/हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** आगामी त्योहार ईद और नवरात्र के मद्देनज़र कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाल विजय कुमार ने की, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं व व्यापारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कोतवाल विजय कुमार ने सभी से अपील करते हुए कहा कि नगर में आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखें। त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते उसका समाधान किया जा सके। बैठक में मौजूद लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही गई। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार आरिफ नवाब शब्बू, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप यादव, पत्रकार शमसुद्दीन, पत्रकार नफीस अहमद, नामित सभासद नगर पालिका अवनीत शर्मा टोनू, समाजसेवी हरिनाम कुशवाहा, समाजसेवी मोहम्मद सईद, एडवोकेट मोहम्मद रेहान, एडवोकेट मोहम्मद अजीम सहित नगर के अन्य लोग मौजूद रहे।

## लावारिस खड़ी बाइक, पुलिस ने नहीं लिया कब्जे में



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के बांकी मार्ग स्थित रघुवीर पैलेस के बाहर एक बाइक बीते 22 दिनों से लावारिस हालत में खड़ी है, लेकिन अब तक पुलिस ने उसे कब्जे में नहीं लिया है। बांकी मार्ग निवासी बसपा नेता बाबू खान के अनुसार बाइक संख्या यूपी 90 एल 3467 गत 26 फरवरी से जय मां शीतला इलेक्ट्रॉनिक्स के सामने खड़ी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पूछताछ के बाद लौट गई। बताया गया कि बाइक बांदा आरटीओ में रामशरण के नाम पंजीकृत है और वर्ष 2015 से बीमा नहीं है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस को भेजकर बाइक को कब्जे में लिया जा रहा है।

## युवक पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** एकतरफा प्यार का दबाव बनाकर महिला से अश्लील हरकतें करने के आरोप में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता के अनुसार गांव में दुकान चलाने के दौरान आरोपी उमेश विश्वकर्मा उसे परेशान करता था, अश्लील बातें करता और जबरन प्यार का दबाव बनाता था। कई बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर उसने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## चैत्र नवरात्र शुरू, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों के शक्तिपीठों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पंचमढ़ी, गायत्री मंदिर, पाथामाई, विंध्यवासिनी, मौहर देवी समेत कई मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने जयकारों के साथ पूजा-अर्चना की। मंदिरों में साफ-सफाई, बिजली और पानी की समुचित व्यवस्था की गई है।

## लेफ्टिनेंट कर्नल बने युवक का व्यापार मंडल ने किया स्वागत

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल बने हर्षित सिंह का कस्बे में भव्य स्वागत किया गया।बांदा जनपद के जसपुरा ब्लॉक निवासी हर्षित सिंह के चयन पर ननिहाल जाते समय व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू के नेतृत्व में उनका माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संयुक्त शिक्षक संगठन का गठन

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में प्रदेश स्तर पर गठित महासंघ के तहत जिले में संयुक्त शिक्षक संगठन का गठन किया गया। अंबेडकर पार्क में आयोजित बैठक में रामकुमार पाल को जिला कार्यकारी अध्यक्ष और कमल किशोर को महामंत्री बनाया गया। बैठक में विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई तथा पोस्टकार्ड अभियान चलाया गया।

## उस्ताद की पत्नी को लेकर शागिर्द फरार, जांच शुरू

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** एक हैरान करने वाले मामले में राजमिस्त्री का काम सीखने आया युवक अपने उस्ताद की पत्नी को लेकर फरार हो गया। पति की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। महिला ने पति के साथ रहने से इनकार करते हुए प्रेमी के साथ रहने की बात कही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली कटौती से नवरात्र में श्रद्धालु परेशान

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** सुबह के समय हो रही बिजली कटौती से नवरात्र में पूजा-पाठ करने वाले श्रद्धालु परेशान हैं। ग्रामीणों के अनुसार सुबह 5 से 7 बजे तक बिजली न रहने से मंदिर जाने और पूजा में दिक्कत होती है। एसडीओ एमपी सिंह ने बताया कि कटौती बंद कराने के लिए पत्राचार किया गया है और जल्द सुधार होगा।

## नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भीड़

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** चैत्र नवरात्र के पहले दिन नगर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। बड़ी देवी मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों को सजाया गया था। नगर पालिका ने साफ-सफाई और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए। पुलिस द्वारा लगातार गश्त की गई।

# पत्रकारों की मांगों को लेकर संयुक्त प्रेस क्लब इटावा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** पत्रकारों/मीडियाकर्मियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर संयुक्त प्रेस क्लब इटावा उत्तर प्रदेश ने गुरुवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला को ज्ञापन दिया और पुष्प गुच्छ भेंट कर नव संवत्सर की हार्दिक बधाई दी। संयुक्त प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र भसीन, महामंत्री सुधीर मिश्र के अलावा रघुवीर यादव, संजीव राजपूत, विपिन भदौरिया द्वारा दिए गए ज्ञापन में जिलाधिकारी से मांग की गई है कि पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और सुझाव हेतु गठित मान्यताप्राप्त पत्रकारों की जिला स्तरीय स्थायी समिति में वरिष्ठता क्रम के अनुसार सदस्यों को नामित कर निर्धारित समयांतराल पर बैठक बुलाई जाए। पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और उनकी पहचान को लेकर प्रशासन स्तर पर ऐसे जांच प्रावधान लागू किए जाएं जिससे वास्तविक पत्रकारों और अमान्य अराजक गतिविधियों वाले छद्मवेशी मीडियाकर्मियों की पहचान हो सके। कई पत्रकार साथियों को अभी तक आयुष्मान कार्ड बनकर नहीं मिले हैं, जिन्हें सूचना विभाग के माध्यम से शीघ्र बनवाया जाए। 60 वर्ष से ऊपर के मान्यताप्राप्त पत्रकारों के शासन ने पेंशन योजना के फार्म भरवाए हैं, उन वरिष्ठ पत्रकारों की पेंशन शुरू कराने की अनुशंसा की जाए। कोरोना काल के समय बन्द हुई मान्यताप्राप्त पत्रकारों को रेल यात्रा में रियायत को पुनःबहाल किय जाने की व्यवस्था की जाए। सूचना विभाग से मान्यता प्राप्त पत्रकारों की लिस्ट सभी विभागों में दी जाए ताकि वहां जाने पर उन्हें किसी असम्मान और असुविधा का सामना न करना पड़े। छोटे नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले सभी पत्रकारों/मीडियाकर्मियों की सुरक्षा एवं कवरेज सुविधाओं के साथ साथ उन्हें उनकी विशेष पारिवारिक जरूरतों के अनुसार शासन प्रशासन स्तर से आर्थिक सहायता दिलाए जाने की व्यवस्था की जाए। पत्रकारों के बैठने के लिए कलेक्ट्रेट(कचहरी)प्रांगण में उचित स्थान/कक्ष की व्यवस्था की जाए।

पत्रकारों/मीडियाकर्मियों का किसी स्तर पर उत्पीड़न होने के मामले की त्वरित न्यायिक अथवा विशेष एजेंसी से जांच कराकर उनके हितों की रक्षा की जाए। जिलाधिकारी ने संयुक्त प्रेस क्लब के पदाधिकारियों को सभी मांगों एवं समस्याओं का उचित समाधान किए जाने का आश्वासन दिया।

## जायसवाल यूथ क्लब ने किया भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

**रॉबर्ट्सगंज/सोनभद्र।** जायसवाल यूथ क्लब सोनभद्र का पांचवां भव्य होली मिलन समारोह बुधवार की शाम को डी आर ड्रीम लग्जरियस बैंक्विट में रावर्टसगंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, तत्पश्चात कुल देवता श्री सहस्त्रबाहु जी के पूजन एवं आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जायसवाल यूथ क्लब महिला मंडल की ओर से शालिनी जायसवाल, अध्यक्ष नीलम जायसवाल एवं अन्य महिला सदस्यों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत जायसवाल परिवार के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि माननीय मनीष जायसवाल (विधायक, पडरौना) का माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज जायसवाल, अजय जायसवाल (नारायणपुर, उत्तर प्रदेश वैश्य समाज), स्थानीय प्रतिनिधि सदर विधायक भूपेश चौबे, पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का भी सम्मान एवं अभिनंदन किया गया।

## आयुष्मान कार्ड एवं फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने के निर्देश

**सोनभद्र।** विंध्याचल मंडल के मंडलायुक्त राजेश प्रकाश ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयुष्मान कार्ड एवं फार्मर रजिस्ट्री के प्रगति कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दोनों ही योजनाएं जनकल्याण से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण पहल हैं, इसलिए इनके क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। मंडलायुक्त ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया का नियमित मानीटरिंग की जाये। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, कोटेदार, आशा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें, जिससे पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाए जा सकें। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग करें और प्रगति में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

# मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल ने मलेरिया ट्रीटमेन्ट कार्ड को किया लॉच

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश, जिलाधिकारी बी0एन सिह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, प्रचार्य राज्य स्वायत्तशासी चिकित्सा महाविधालय, सोनभद्र एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र के द्वारा संयुक्त रूप से मलेरिया ट्रीटमेन्ट कार्ड को लॉच किया गया। इस दौरान मण्डलायुक्त ने कहा कि मलेरिया ट्रीटमेन्ट कार्ड के प्रयोग से मलेरिया रोगियों का ट्रैकिंग एवं आमूल उपचार की सूचना रखना आसान हो गया। सभी ब्लॉक के लैब टेक्नीशियन के द्वारा मलेरिया रोगियों का मलेरिया ट्रीटमेन्ट कार्ड भरा जायेगा तथा आशा के द्वारा रोगी का आमूल उपचार सुनिश्चित किया जायेगा। इस अवसर पर मलेरिया ट्रीटमेन्ट कार्ड के लॉच किये जाने के क्रम में मण्डलायुक्त ने मलेरिया प्रभावित जनपद सोनभद्र के लिये इस कार्ड को अत्यन्त उपयोगी बताया। इस दौरान विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के प्रथम चरण के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में क्लेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय प्रथम अर्न्तविभागीय बैठक आयोजित की गयी। जिसमें समस्त सहयोगी विभाग जैसे चिकित्सा विभाग, ग्राम विकास विभाग, नगर पालिका /नगर पंचायत, बेसिक /माध्यमिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशु पालन विभाग, दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग, बाल विकास पुष्टाहार, सूचना विभाग इत्यादि विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में दिनांक 01 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक तथा दस्तक अभियान दिनांक 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चलाया जायेगा। संचारी अभियान के अर्न्तगत् समस्त विभागों द्वारा जनजागरूकता के माध्यम से लोगों को संक्रामक रोगों से बचाव के उपाय तथा बुखार आने पर क्या करें क्या ना करें का प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जायेगा तथा दस्तक अभियान के दौरान आशा, ऑगनबाड़ियों के द्वारा गृह भ्रमण कर बुखार, क्षय, कुष्ठ, फाइलेरिया, आई0एल0आई0 इत्यादि रोगियों की लाइन लिस्टिंग की जायेगी साथ ही कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण कर पोषाहार उपलब्ध कराया जायेगा तथा आवश्यकता अनुसार एन0आर0सी0 सन्दर्भन एवं आभा आई0डी0 सृजन का कार्य किया जायेगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्यावाही करना सुनिश्चित करेगें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों में प्रतिदिन प्रार्थना के समय बच्चों को संक्रामक रोगों के प्रति जागरूक करें, हाथ धोने के तरीके तथा पूरी बॉह का यूनिफार्म पहने हेतु प्रेरित करें एवं बच्चों को हाथ धोने के तरीके, बुखार आने पर क्या करें क्या ना करें इत्यादि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करें तथा समस्त प्राइमरी एवं माध्यमिक विद्यालयों में साबुन अथवा हैण्डवॉश अवश्य उपलब्ध हो।

## जहानिया मस्जिद गुसियारी में कुरआन शरीफ मुकम्मल, हाफिज हसरत का भव्य इस्तकबाल



**गुसियारी (अवधनामा संवाददाता)** पवित्र माह रमज़ान के दौरान कस्बा गुसियारी स्थित जहानिया मस्जिद में तरावीह की नमाज़ के साथ कुरआन शरीफ मुकम्मल होने पर धार्मिक उल्लास का माहौल देखने को मिला। हाफिज हसरत ने पूरे रमज़ान तरावीह में कुरआन पाक सुनाकर मुकम्मल किया, जिस पर अकीदतमंदों ने उन्हें दिली मुबारकबाद पेश की। तरावीह मुकम्मल होने के बाद मस्जिद परिसर में एक सादा लेकिन रूहानी जलसा आयोजित किया गया, जिसमें गांव के कोने-कोने से रोजेदार पुरुषों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर हाफिज हसरत का फूल-मालाओं और तोहफों के साथ भव्य इस्तकबाल किया गया तथा उन्हें इनामात भी पेश किए गए। कार्यक्रम में मौजूद उलेमा-ए-किराम और बुजुर्गों ने कुरआन की तिलावत, उसकी तालीमात और रमज़ान की अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि कुरआन सिर्फ पढ़ने की किताब नहीं, बल्कि जिंदगी को सही राह दिखाने वाला मुकम्मल दस्तूर है। पूरे कार्यक्रम के दौरान मस्जिद और आसपास का माहौल दीनियत और इबादत की रौनक से सराबोर रहा। रमज़ान की बरकतें और खुशी हर तरफ साफ नजर आई।

## छोटी मस्जिद में कुरआन-ए-पाक हुआ मुकम्मल



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** अट्ठाइस रमज़ान मुबारक को शहर के उर्दू मोहल्ला छोटी मस्जिद में कुरआन-ए-पाक मुकम्मल हुआ। इस मुबारक मौके पर मुतावल्ली अब्दुल फईम वारिस, शफी अहमद बालक व मेहफिल में मौजूद लोगों ने हाफिज़ सलमान मंसूरी का गुलपोशी कर और गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस मौके पर शहर के उलमाए इकराम, मस्जिदों के पेश इमाम साहिबान के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## हाफिज़ मो. अमाइद सईदी ने कुरआन शरीफ किया मुकम्मल



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** मस्जिद शाहगदा अली में कुरआन शरीफ मुकम्मल हुआ, हाफिज मो, अमाइद सईदी ने तराबीह मे कुरान शरीफ सुनाया और हाफिज अब्दुल सुभान ने पीछे खड़े होकर सुना। मस्जिद के मुतावली आदि ने हाफिज साहब की गुल पोशी कर मुबारकबाद पेश की। मौलाना ज़ाहिद रजा और मौलाना नाज़िम रजा ने हाफिज साहब के सर पर पगड़ी बांधी हाफिज साहब के वालेद साहब की भी गुलपोशी की। इस मौक़े पर मौलाना ज़ाहिद रज़ा व मौलाना नाज़िम् रज़ा साहब ने लोगों को खिताब भी किया। इस मौक़े पर मुफ्ती फ़ुर्क़ान रज़ा, मस्जिद के पेश इमाम मौलाना अकमल साहब, हफ़्फ़ज़ किराम, हाफिज कारी मारिफ़् रज़ा, हाफिज कारी परवेज़ आलम, हाफिज कैफ़ रज़ा, हाफिज रह मानी, हाफिज कैफ़ चिश्ती, हाफिज रिजवॉन हाफिज सलमान, गुड्डू मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

# एनएसपीसीएल एवं क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) दिवाकर कौशिक का दौरा

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल मे 18 मार्च 2026 को सीईओ(एनएसपीसीएल) एवं क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक(उत्तर) दिवाकर कौशिक, एनटीपीसी लिमिटेड ने एनटीपीसी विंध्याचल का दौरा किया। यह दौरा स्टेशन के संचालन, नवाचार और कर्मचारी सहभागिता की व्यापक समीक्षा के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें उत्कृष्टता पर विशेष जोर दिया गया। अपने दौरे के दौरान कौशिक ने स्टेशन के विभिन्न प्रमुख स्थलों का निरीक्षण किया। यूनिट-12 ओवरहॉलिंग साइट पर उन्होंने ड्राई आइस ब्लास्टिंग तकनीक से एलपी टरबाइन डिफ्यूजर ब्लेड्स की उन्नत सफाई प्रक्रिया को देखा और आधुनिक रखरखाव पद्धतियों की सराहना की। इसके अलावा उन्होंने ऐश डाइक V1, स्मॉल हाइड्रो, सूर्य नाला ब्रिज, स्टेज-III कंट्रोल रूम एवं व्यूपॉइंट तथा कार्बन-टू-मेथनॉल प्लांट का भी अवलोकन किया।

कर्मचारियों के साथ संवाद के तहत श्री कौशिक ने एसएमसी सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की, जिसमें प्लांट प्रदर्शन और परिचालन रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने वीएसआर ओवरहॉलिंग ग्रुप, युवा अधिकारियों तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ भी संवाद स्थापित किया और सहयोगात्मक विकास को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा सीईओ (एनएसपीसीएल) एवं क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) दिवाकर कौशिक एवं फार्मर निदेशक(मानव संसाधन), एनटीपीसी लिमिटेड सप्तर्षि रॉय के सम्मान में एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत से हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) संजीब कुमार साहा ने स्टेशन की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और आंतरिक प्रतिभाओं के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

सांस्कृतिक संध्या में कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा विविध रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। सुहासिनी संघ के वेलफेयर विंग द्वारा प्रस्तुति, डीपीएस छात्रों द्वारा रामायण नाटक तथा डी पॉल स्कूल के छात्रों द्वारा राजस्थानी लोक नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। उप महाप्रबंधक (आईटी) सौरभ बनौधा एवं उनकी टीम द्वारा बांसुरी वादन तथा अपर महाप्रबंधक (एमजीआर) मुकेश कश्यप और जूनियर आफिसर(मानव संसाधन) रवीद्र मिश्रा की मधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को संगीतमय बना दिया।

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण यह रहा कि दिवाकर कौशिक एवं सप्तर्षि रॉय ने स्वयं भी गायन प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को आनंदित किया, जिससे पूरे वातावरण में आत्मीयता और उत्साह का संचार हुआ।

दोनों गणमान्य अतिथियों ने प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए एनटीपीसी विंध्याचल की संचालन उत्कृष्टता के साथ-साथ समृद्ध सांस्कृतिक वातावरण को बढ़ावा देने के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# सरकार आवास विहीनों को पक्का आवास देने के लिए प्रतिबद्ध: केशव मौर्य

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियो के चयन/मांग पत्र भेजने के दिये निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में आवासविहीन परिवारों को पक्की छत की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतया राज्य सहायतित मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण वर्ष 2018-19 से संचालित है। इस योजना में अब तक 4.72 लाख परिवारों को आवास आवंटित किया गया है। योजना की प्राथमिकता श्रेणी में सामाजिक रूप से अत्यन्त कमजोर मुसहर, वनटांगिया, नट, सपेरा, जोगी, बासफोर, बसोड़, धरकार आदि वर्ग, विभिन्न जनजातियों, विशिष्ट रोगो से पीड़ित परिवारों, दैवीय आपदा से प्रभावित परिवारों, दिव्यांगजन तथा पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित विधवा महिला (आयु 18 से 50 वर्ष) आदि को सम्मिलित किया गया है।

ऐसे परिवार जो प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पात्रता रखते है, किन्तु सूची में नाम सम्मिलित न होने के कारण इन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत निर्धारित प्राथमिकता श्रेणी में आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को समय से आवास मिल सके तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर इनके द्वारा आवास बनाया जा सके, इसके दृष्टिगत उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के लाभार्थियो के चयन/मांग पत्र भेजने के दिये निर्देश ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियो को दिये है। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार हर आवास विहीन व्यक्ति को पक्का आवास देने के लिए प्रतिबद्ध है।

लाभार्थियों के चयन की कार्यवाही करने के निर्देश आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 द्वारा प्रदेश के समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को दिये गये हैं 'ऐसा पहली बार हो रहा है, जब आगामी वर्ष के लाभार्थियों की चयन की कार्यवाही वित्तीय वर्ष शुरू होने के पूर्व ही प्रारम्भ कर दी गयी है।

'आवासविहीन निराश्रित महिलाओं को प्राथमिकता' पति की मृत्यु के उपरान्त आवासविहीन निराश्रित महिला (आयु 18 से 50 वर्ष) का प्राथमिकता पर आच्छादन हेतु सघन अभियान चलाये जाने के निर्देश भी समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को दिये गये है। इसके लिए महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0 से 18 से 50 वर्ष की निराश्रित विधवा महिलाओं की 15.53 लाख पेन्शन लाभार्थियों की सूची भी जनपदो को उपलब्ध करायी जा रही है, जिससे इनका सत्यापन कराते हुए पात्र होने की स्थिति में मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास आवंटन सूची में इनका नाम सम्मिलित किया जा सके। इस सत्यापन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराये जाने के निर्देश भी सभी मुख्य विकास अधिकारियों को आयुक्त, ग्राम्य विकास, विभाग द्वारा दिये गये है।

मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास केवल महिला मुखिया के नाम पर ही आवंटित किये जायेगें, यदि पुरूष के नाम पर आवास आवंटित किया जाता है, तो कारण बताते हुए इसकी अनुमति मुख्य विकास अधिकारी से लेनी होगी। लाभार्थियों की मांग केवल पोर्टल पर ही की जायेगी, इसके लिए जरूरी है कि जनपदो द्वारा श्रेणीवार/उप श्रेणीवार पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण आवास साफ्ट पर किया जाय। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि सभी पात्र लाभार्थियों को समय से आवास प्राप्त हो. इसके दृष्टिगत यह कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। निर्देश दिये गये हैं कि वर्ष 2026-27 के लिए लाभार्थियों का मांग पत्र 15 अप्रैल, 2026 तक उपलब्ध करा दिया जाए तथा इन लाभार्थियों का पंजीकरण भी आवास साफ्ट पर कर लिया जाय।

### हेडगेवार के आदर्शों से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव: केशव प्रसाद मौर्य

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास, 7-कालिदास मार्ग पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक एवं प्रथम सरसंघचालक परम पूज्य डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जी की जयंती के अवसर पर उनके स्मृति चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि डॉ. हेडगेवार जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन शक्ति और सांस्कृतिक जागरण के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी हमें एक सशक्त, संगठित और आत्मनिर्भर



भारत के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में एकता, समरसता और राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। डॉ. हेडगेवार जी द्वारा स्थापित मूल्यों के अनुरूप कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अंत्योदय के सिद्धांत को अपनाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ईरान कल्चर हाउस में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि





अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने नई दिल्ली स्थित ईरान कल्चर हाउस में ईरान के सुप्रीम लीडर अयतुल्ला सय्यद अली खामेनेई साहब के हिन्दुस्तान में नुमाइंदे आग़ा डॉ0 अब्दुल माजिद हकीम इलाही साहब व नई दिल्ली स्थित ईरान एम्बेसी में भारत में ईरान के राजदूत डॉ0 मोहम्मद फ़तहअली साहब से मुलाक़ात कर उनको ईरान के सुप्रीम लीडर शहीद आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामेनेई साहब व दीगर शोहदा ए ईरान की ताज़ियत पेश की। साथ ही मौलाना यासूब अब्बास ने ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की जानिब से दोनों ज़िम्मेदारों को ताज़ियतनामा पेश करते हुए शहीद आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामेनेई साहब (अ.म) व शोहदा ए ईरान को सूरह-अल-फातेहा के ज़रिए इसाले सवाब किया।

# पार्क में लगाए गए नन्ही गौरैया के कृत्रिम घोंसले

- संरक्षण को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित श्री राम पार्क, नेहरू एन्क्लेव में नन्ही गौरैया के संरक्षण को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह पहल 'मेरी प्यारी गौरैया संरक्षण समिति' के अध्यक्ष एवं पक्षी प्रेमी महेश साहू के नेतृत्व में की गई, जिसका उद्देश्य लोगों को गौरैया के घटते अस्तित्व के प्रति सचेत करना और इसके संरक्षण के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के दौरान पार्क परिसर में करीब एक दर्जन कृत्रिम घोंसले लगाए गए, ताकि गौरैया को सुरक्षित आश्रय मिल सके। इसके साथ ही पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हेतु मिट्टी के पात्र रखे गए और दाना भी उपलब्ध कराया गया। आयोजकों का कहना था कि शहरीकरण के कारण प्राकृतिक घोंसलों की कमी हो गई है, जिससे गौरैया की संख्या लगातार घट रही है। ऐसे में कृत्रिम घोंसले उनकी सुरक्षा और पुनर्वास के लिए कारगर कदम साबित हो सकते हैं।

इस अवसर पर 'मुंडेर पर गाती गौरैया' नामक पुस्तक का भी वितरण किया गया, जिसमें गौरैया के जीवन, उसके महत्व और संरक्षण से जुड़ी जानकारी दी गई है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेश साहू ने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के स्थानों पर कृत्रिम घोंसले लगाएं तथा पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि गौरैया हमारी मित्र चिड़िया है, जो पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि हम सभी मिलकर छोटे-छोटे प्रयास करें, तो इस नन्ही चिड़िया को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने गौरैया पर आधारित एक कविता भी सुनाई, जिसने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया।

कार्यक्रम में डॉ. अंजू वार्ष्णेय, मनीष गुप्ता, आक्रोश निगम, नन्द किशोर, मुकेशानंद, विवेक अवस्थी, अनिमेश कुमार त्रिपाठी, शेखर श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, मधु रावत, मधुलाल, सोहनलाल साहू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने गौरैया संरक्षण के इस अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# ईद के दिन जरूरी अमल और सुन्नतों की दी जानकारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन पर सुबह 10 से 12 बजे तक सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9415580936. 9839097407 तथा महिलाओं के लिए मोबाइल नम्बर 638689 7124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। हेल्पलाइन पर मौलाना सैफ अब्बास नकवी की अध्यक्षता में उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है। सवालः ईद के दिन कौन से काम करना जरूरी हैं? जवाबः ईद के दिन सुबह की नमाज के बाद तकबीरात पढ़ें, फितरा निकालें, अच्छे कपड़े पहनें, खूशबू लगाएं, ईद की नमाज से पहले किसी मीठी चीज से इफ्तार करें, जियारते इमाम हुसैन, दुआए नुदबा पढ़ें और तफसील के लिए दूसरी किताबें देखें। सवालः कोई फितरे की रकम रखता है और मोहताज को देने में देरी करे तो क्या यह गुनाह की वजह बनेगा? जवाबः कोई फितरा निकालने के बाद अपने पास रखे तो गलत है, क्योंकि फितरा



जल्द से जल्द गरीब को दें ताकि गरीब भी ईद मना सकें। बेहतर है कि फितरा यतीमखाने में दें, यतीमों और मिस्कीनों को दें। सवालः क्या फितरे में दो-तीन तरह की चीजें दी जा सकती हैं, जैसे एक के बदले चावल, एक के बदले गेहूं और एक के बदले पैसे? जवाबः फितरे की शक्ल में हर एक की तरफ से फितरा देना है, चाहे कुछ भी दें। इसमें कोई हर्ज नहीं है। सवालः घर की कफालत पत्नी उठाती है तो क्या पति और बच्चों का फितरा पत्नी पर वाजिब है? जवाबः अगर घर की कफालत पत्नी करती है तो पति और बच्चों का फितरा निकालना पत्नी पर वाजिब है। सवालः रुखसती से पहले जिस लड़की का निकाह हो चुका है विदाई नहीं का फितरा कौन अदा करेगा? जवाबः लड़की का पिता फितरा निकालेगा, पति पर उसका फितरा वाजिब नहीं है।

### हेल्पलाइन: ईद की नमाज और जकात से जुड़े सवालों के जवाब जारी

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित हेल्पलाइन पर मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774 तथा ई-मेल ramzanhelplinewz@gmail.com पर सवाल पूछ सकते हैं। हेल्पलाइन पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद की अध्यक्षता में उलमा पैनल सवालों के जवाब देता है। सवालः ईद की नमाज में दूसरी रकअत में शामिल हुए तो क्या हुक्म है? जवाबः इमाम के सलाम फेरने के बाद खड़े होकर एक रकअत पूरी करें, लेकिन दूसरी रकअत में किरात के बाद तीन तकबीरें कहें, खड़े होने के फौरन बाद तकबीर नहीं कहना चाहिए।

सवालः अगर इमाम पहली रकअत में जायद तकबीरें कहना भूल जाएं तो क्या नमाज सही होगी? जवाबः अगर इमाम पहली या दूसरी रकअत में तकबीर कहना भूल जाएं तो रुकू में कह लें, दोबारा तकबीर के लिए खड़े न हों। सवालः अमानत की जकात किस पर फर्ज है रखने वाले पर या रखवाने वाले पर? जवाबः जिसने अमानत रखवाई है उस पर लाजिम है कि जकात अदा करे। सवालः क्या ऐतिकाफ के दौरान ऐतिकाफ में शामिल डाक्टर से दवा-जांच आदि लिखवा सकते हैं? जवाबः कोई बात नहीं है, लिखवा सकते हैं।

### व्हाट्सएप के जरिए पूछे जा रहे धार्मिक सवाल

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** मजलिस उलमा-ए-हिन्द की ओर से रमजान हेल्पलाइन पर पुरुष मोबाइल नम्बर 9833028596 तथा महिलाएं मोबाइल नम्बर 7390026883 पर व्हाट्सएप के जरिए सवाल पूछ सकते हैं। सवालः जिसके पास साल भर का खर्च पूरा करने को रोजगार हो क्या उसे फितरा दे सकते हैं, जबकि वह गरीबों में गिना जाता हो? जवाबः फितरा सिर्फ मुस्तहक को देना चाहिए, जिसके पास अपना और परिवार के लिए साल भर का खर्च न हो और न ही उसे पूरा करने के लिए कोई रोजगार हो। मजीद तफसीलात के लिए तौजीहुल मसाइल देखें। सवालः क्या किसी मोमिन शख्स को उसका कर्ज चुकाने के लिए जकात और फितरा देना सही है? जवाबः सही है। सवालः अगर जकात और फितरे का कोई हकदार न मिले तो क्या करें? जवाबः जकात और फितरे को ऐसे कामों में खर्च करें जिससे मुसलमानों को फायदा पहुंचे जैसे शैक्षिक केन्द्र स्थापित करना आदि। सवालः क्या किसी परेशान मुसाफिर को फितरा दिया जा सकता है, जिसके पास अपने घर पहुंचने का किराया न हो? जवाबः ऐसे मुसाफिर को दिया जा सकता है जो सफर में परेशानी में पड़ गया हो और सफर का खर्च खत्म हो गया हो और आगे के खर्च पूरा करने का कोई जरिया भी न हो।

# उन्नाव में एआई आधारित स्मार्ट हेल्थकेयर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी ने शुरू किया स्मार्ट हेल्थकेयर सेंटर, एआई से बदलेगा इलाज का तरीका

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** उन्नाव, उत्तर प्रदेश स्थित देश की पहली एआई-आधारित निजी यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूपी ने हेल्थ सेक्टर में महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के 'स्मार्ट हेल्थकेयर' विजन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्मार्ट हेल्थकेयर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का आधिकारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और पूर्व आईपीएस असीम अरुण भी वर्चुअली कार्यक्रम में जुड़े और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूपी के एआई के क्षेत्र में प्रयासों और स्मार्ट हेल्थकेयर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की सराहना की। यह सेंटर मेडिकल इमेजिंग, डायग्नोस्टिक्स जैसे एक्स-रे और एमआरआई व सीटी





स्कैन, तथा प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स व डेटा सेटप्राइवसी जैसे इमर्जिंग एरियाज़ पर विशेष रूप से कार्य करेगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीक आधारित इनोवेशन और रिसर्च को बढ़ावा मिलेगा।सीयू यूपी द्वारा स्थापित इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का नेतृत्व सीयू यूपी के प्रो वाइस चांसलर व एआई प्रोफेसर डॉ. थिपेंद्र पी. सिंह करेंगे।

सीयू यूपी का स्टेट-ऑफ-द-आर्ट सेंटर ऑफ एक्सिलेंस, एडवांस्ड एआई स्पेस से पावर्ड होगा, जिसमें एनवीडियाकी ब्लैकवेल आर्किटेक्चर पर आधारित 168 जीबीजीपीयूमेमोरी की कंप्यूटिंग पावर शामिल होगी। इस मौके पर चीफ गेस्ट असीम अरुण द्वारा एआई एथिक्स ट्रेनिंग प्रोग्राम भी लॉन्च किया गया। यह एआई एथिक्स प्रोग्राम अपग्रेडके कोलैबोरेशन में सीयू यूपी की एआई लिटरेसी इनिशिएटिव के तहत शुरू किया गया है, जो रिस्पॉन्सिबल और इन्क्लूसिव एआई एडॉप्शन के कमिटमेंट को और मजबूत करता है।इस प्रोग्राम के जरिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूपी अगले 5सालों में यूपी के 1.50लाख युवाओं को एआई के जिम्मेदार उपयोग के लिए ट्रेन करेगी।

स्मार्ट हेल्थकेयर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लक्ष्यों में हॉस्पिटल्स के साथ रिसर्च कोलैबोरेशन कर मॉडल्स को वैलिडेट करना, रिसर्च प्रोजेक्ट्स और रिसर्च पब्लिकेशंस पर काम करना शामिल है। इसके साथ ही, यह सेंटर अगले दो वर्षों में पांच एआई स्टार्टअप्स को भी सहायता प्रदान करेगा।

इस सेंटर के माध्यम से स्टूडेंट्स, रिसर्चर्स, और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स को एक कॉमन प्लेटफॉर्म मिलेगा, जहां वे हेल्थकेयर से जुड़ी रियल-वर्ल्ड प्रॉब्लम्स पर मिलकर काम कर सकेंगे और टेक्नोलॉजी बेस्ड सॉल्यूशन्स विकसित करेंगे। यहां इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च, इंडस्ट्री कोलैबोरेशन, स्टूडेंट प्रोजेक्ट्स, और इनोवेटिव आइडियाज को भी प्रमोट किया जाएगा। इसके साथ ही स्टूडेंट्स को एआई-ड्रिवन डायग्नोस्टिक्स, हेल्थ डेटा मैनेजमेंट, और डिजिटल पब्लिक हेल्थ जैसे एरिया में प्रैक्टिकल लर्निंग और हैंड्स-ऑन एक्सपीरियंस का अवसर मिलेगा, जिससे वे फ्यूचर में हेल्थ टेक्नोलॉजी और स्मार्ट हेल्थकेयर सेक्टर में नए इनोवेशन के साथ योगदान दे सकेंगे।

# महदवी समाज मिशन की बड़ी कामयाबी

## लखनऊ में 1900 बच्चों ने दी परीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाज को बेहतर बनाने और युवाओं को अच्छी शिक्षा और संस्कारों से जोड़ने के लिए ÷महदवी समाज÷ नाम से एक मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत जो क्लासेज चल रही थीं, उनका पहला बड़ा इम्तिहान कल पूरा हो गया। इस परीक्षा में बच्चों और नौजवानों ने बहुत दिलचस्पी दिखाई और लगभग 1900 से ज़्यादा छात्रों ने इसमें हिस्सा लिया। इस प्रोग्राम का मकसद नई पीढ़ी को इमाम-ए-ज़माना (अ.ज.) की शिक्षाओं के बारे में बताना और उन्हें एक अच्छा इंसान बनाना है तैयारी÷ पिछले कई हफ़्तों से जो खास क्लासेज चल रही थीं, यह परीक्षा उन्हीं विषयों पर आधारित थी।



अलग-अलग सेंटर्स पर बहुत ही अनुशासन के साथ पेपर कराए गए।

इतनी बड़ी संख्या में युवाओं का जुड़ना यह दिखाता है कि हमारी नई पीढ़ी अपने धर्म और इमाम से कितनी मोहब्बत करती है। इमाम का इंतज़ार करने का मतलब है कि हम खुद को ज्ञान अच्छाई और सेवा के लिए तैयार करें उन्होंने यह भी कहा कि यह परीक्षा सिर्फ एक शुरुआत है, अंत नहीं। हमें ज़िंदगी के हर मोड़ पर खुद को साबित करना है ताकि हम सच्चे मायने में इमाम के चाहने वालों में शामिल हो सकें। परीक्षा के नतीजे जल्द ही घोषित किए जाएँगे जो छात्र अच्छे नंबरों से पास होंगे, उनके लिए एक सम्मान समारोह रखा जाएगा इस मुहिम को और बड़ा बनाया जाएगा ताकि शिक्षा की यह रोशनी हर इंसान तक पहुँच सके।

# गाजीपुर के लिए 24.43 लाख रूपये मंजूर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्वांचल विकास निधि (राज्यांश) के अंतर्गत जनपद गाजीपुर की एक विकास परियोजना के क्रियान्वयन के लिए अगली किश्त के रूप में 24 लाख 43 हजार रूपये मंजूर किए हैं। इस संबंध में नियोजन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए इसकी प्रति जिलाधिकारी, गाजीपुर को प्रेषित कर दी गई है।

शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से जनपद गाजीपुर में प्राथमिक पाठशाला रेहटी मालीपुर से रेहटीमालीपुर ग्राम पंचायत तक संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य कराया जाएगा। संबंधित जनपद के जिलाधिकारी का दायित्व होगा कि स्वीकृत कार्य के अवशेष कार्य कड़ी निगरानी में समयबद्ध ढंग से पूर्ण गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप पूर्ण कराए जाएं। उनके द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि आवंटित धनराशि का किसी प्रकार से दुरूपयोग न हो।

# एआइपीएमएम ने बांटी ईद की खुशियां

- ईद-उल-फित्र पर गरीबों को मिली मदद, किट वितरित
- कोई न रहे ईद की खुशी से वंचित: एआइपीएमएम

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ईद-उल-फित्र के पावन अवसर पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) के लखनऊ स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में एक सराहनीय सामाजिक पहल के तहत जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बीच ईद किट का वितरण किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक ईद की खुशियां पहुंचाना और भाईचारे तथा इंसानियत के संदेश को मजबूत करना रहा।

इस नेक कार्य में जिला महासचिव एवं कार्यालय सह-प्रभारी जनाब जफर आलम तथा कार्यालय सचिव जनाब एहतेशाम साहब ने सक्रिय भागीदारी निभाई। दोनों पदाधिकारियों ने स्वयं उपस्थित रहकर गरीब एवं असहाय लोगों को ईद किट वितरित कीं। इन किटों में खाद्य सामग्री, मिठाई और दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं, जिससे लाभार्थियों को त्यौहार मनाने में सहायता मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि ईद का पर्व केवल खुशी मनाने का नहीं, बल्कि समाज के उन लोगों के साथ खुशियां साझा करने का भी है, जो किसी कारणवश इन अवसरों पर पीछे रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारा, प्रेम और सहयोग की भावना ही ईद का असली संदेश है, और इसी भावना को ध्यान में रखते हुए संगठन लगातार सामाजिक कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ हमेशा से सामाजिक न्याय, समानता और पसमांदा समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रहा है। संगठन का प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति ईद जैसे महत्वपूर्ण पर्व की खुशियों से वंचित न रहे, और इसी उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने संगठन के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया और सभी ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

# काकोरी में लुटेरों का आतंक

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ के ग्रामीण इलाकों में बृहस्पतिवार की रात लुटेरों ने जमकर उत्पात मचाया काकोरी थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर लूट की सनसनीखेज वारदातों को अंजाम दिया। पहली घटना काकोरी थाना क्षेत्र की है, जहाँ मौंदा निवासी मनोज कुमार पुत्र राजकिशोर उर्फ पप्पू बृहस्पतिवार की रात करीब 10:30 बजे अपने खेत से घर वापस लौट रहे थे। पेट्रोल पंप से महज 20 मीटर पहले एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। इससे पहले कि मनोज कुछ समझ पाते, बदमाशों ने लोहे की रॉड से उनके सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। हमले में मनोज लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े, जिसके बाद लुटेरे उनकी बाइक, मोबाइल फोन और पर्स छीनकर फरार हो गए। पर्स में करीब 3000 रुपये और जरूरी कागजात मौजूद थे।



- दो युवकों पर जानलेवा हमला कर बाइक और नकदी लूटी
- मोटरसाइकिल, मोबाइल और नकदी लेकर फरार हुए लुटेरे, पुलिस जांच में जुटी।

दूसरी वारदात काकोरी थाना क्षेत्र के कुसमरा मोड़ के पास घटित हुई। मलिहाबाद तहसील के अटेर निवासी सुमित तिवारी पुत्र स्वर्गीय शिव प्रकाश तिवारी बृहस्पतिवार की रात करीब 10:00 बजे लखनऊ से अपनी मोटरसाइकिल द्वारा घर जा रहे थे। ठंड के चलते जब उन्होंने काकोरी थाना क्षेत्र के कुशमौरा मोड़ के पास स्वेटर पहनने के लिए अपनी बाइक रोकी, तभी पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार चार अज्ञात बदमाशों ने उन पर धावा बोल दिया। बदमाशों ने सुमित के साथ बुरी तरह मारपीट की और उन्हें सड़क किनारे फेंक दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आई। बदमाश सुमित की बाइक और मोबाइल फोन छीनकर चंपत हो गए। बाइक के साइड बैग में हाईस्कूल की मार्कशीट, आधार कार्ड और चार्जर जैसे महत्वपूर्ण सामान रखे थे।

घटना के बाद सुमित ने रात में ही पुलिस को मौखिक रूप से मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सुमित को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वही इस संबंध में काकोरी इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया दोनों मामलों में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत उन प्रावधानों के तहत कार्रवाई कर रही है जो किसी व्यक्ति को स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुँचाकर चोरी या लूट करने के लिए कड़ी सजा और जुर्माने का निर्धारण करते हैं। क्षेत्र में लगातार हुई इन दो वारदातों से ग्रामीणों में भारी आक्रोश और भय का माहौल व्याप्त है।